आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

आज
* गुरु अमरदास जयंती

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 104 | उज्जैन, गुरुवार 30 अप्रैल, 2026 | वैशाख शुक्ल 14 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

पश्चिम बंगाल में दूसरे फेज की वोटिंग के दौरान कई विधानसभा सीटों पर हिंसा और मारपीट की घटनाएं

# सुवेंदु को टीएमसी कार्यकर्ताओं ने घेरा, उपद्रवी को लटकाकर ले गए सुरक्षाबल

एजेंसी ▸▸ कोलकाता





पश्चिम बंगाल में दूसरे फेज की वोटिंग के दौरान कई विधानसभा सीटों पर हिंसा और मारपीट की घटनाएं सामने आईं। नादिया जिले के छपरा में भाजपा एजेंट ने टीएमसी कार्यकर्ताओं पर हमले का आरोप लगाया। वहीं, शांतिपुर में भाजपा कैंप पर भी हमला हुआ।

बीजपुर में निर्दलीय प्रत्याशी और काउंसलर के बीच मारपीट हो गई। श्यामपुकुर में भाजपा उम्मीदवार के खिलाफ प्रदर्शन किया। बीजेपी उम्मीदवार रत्ना देबनाथ ने टीएमसी कार्यकर्ताओं पर हमले का आरोप लगाया है। हतरा पंचायत में बीजेपी पोलिंग एजेंट मुशर्रफ मीर ने टीएमसी के कार्यकर्ताओं पर सुबह करीब 5.30 बजे पर रॉड और बंदूकों से हमला करने का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने उन्हें बचाया और अस्पताल में भर्ती कराया। वहां उनका इलाज चल रहा है और सिर पर छह टांके लगे हैं।

## बंगाल के पांच एग्जिट पोल्स में भाजपा, द्रमुक गठबंधन भी आगे

पांच राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश के विधानसभा चुनाव 2026 के एग्जिट पोल जारी हो गए हैं, जिनमें पश्चिम बंगाल के नतीजे सबसे ज्यादा चौंकाने वाले हैं। बंगाल के पांच एग्जिट पोल्स में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस को पीछे छोड़ती नजर आ रही है। केवल एक पोल में टीएमसी को बढ़त दिखाई गई है। एग्जिट पोल के आंकड़ों के आधार पर, तमिलनाडु विधानसभा चुनाव 2026 में द्रमुक गठबंधन को भारी बढ़त मिलती दिख रही है। सभी चार एजेंसियों के अनुमानों में द्रमुक को सबसे अधिक सीटें मिलने की संभावना जताई गई है।

- **मैट्रिज-** इस एजेंसी के अनुसार, सत्ताधारी द्रमुक गठबंधन को 122 से 132 सीटें मिल सकती हैं। एनडीए 87 से 100 सीटों के साथ दूसरे स्थान पर रह सकता है। वहीं, अभिनेता विजय की पार्टी टीवीके को 10 से 12 सीटें मिलने का अनुमान है, जबकि अन्य के खाते में 0 से 6 सीटें जा सकती हैं।
- **पीपल्स पल्स-** इस सर्वे में द्रमुक गठबंधन को 125 से 145 सीटें मिलने का अनुमान जताया गया है। एनडीए को 65 से 80 सीटें मिल सकती हैं। टीवीके को यहां सबसे ज्यादा 18 से 24 सीटें मिलने की संभावना है, जबकि अन्य को दो से छह सीटें मिल सकती हैं।
- **चाणक्य स्ट्रैटजी-** इसके मुताबिक, द्रमुक+ को 145 से 160 सीटों के साथ बड़ी जीत मिल सकती है। एनडीए को 50 से 65 सीटों तक ही सीमित रहना पड़ सकता है। इस पोल में अन्य को 18 से 26 सीटें मिलने का अनुमान है।
- **प्रजा पोल-** इसके अनुसार, द्रमुक+ 148 से 168 सीटें जीतकर सबसे आगे रह सकता है। एनडीए को 61 से 81 सीटें मिलने की उम्मीद है, जबकि अन्य को 1 से 9 सीटें मिल सकती हैं।

## बंगाल में सेकेंड फेज में 91% वोटिंग



पश्चिम बंगाल में सेकेंड फेज की 142 सीटों पर वोटिंग खत्म हो गई है। शाम 6 बजे तक के आकड़ों के मुताबिक, 91.31% वोटिंग हुई है। यह और बढ़ सकता है। वोटिंग के दौरान कई जगहों पर हिंसा, झड़प, लाठीचार्ज और ईवीएम से छेड़छाड़ की घटनाएं सामने आईं।

## देश विदेश

### पीएम मोदी ने यूपी के सबसे लंबे एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन किया

**हरदोई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूपी के हरदोई में प्रदेश के सबसे लंबे गंगा एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन किया। जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम ने ऐलान किया कि एक्सप्रेस-वे को हरिद्वार से भी जोड़ा जाएगा। पीएम ने सपा और कांग्रेस पर कहा- सपा विकास और नारी विरोधी है। बीते दिनों एक बार फिर देश ने इनका नारी विरोधी चेहरा देखा है। इन लोगों ने नारी शक्ति वंदन संशोधन के खिलाफ वोट किया। पीएम ने पश्चिम बंगाल में चल रही दूसरे चरण की वोटिंग का जिक्र किया। कहा- जो खबरें आ रही हैं, उनसे पता चलता है कि बंगाल में भारी मतदान हो रहा है। ऐसी वोटिंग दशकों में नहीं देखी। इससे पहले पीएम ने एक्सप्रेस-वे के किनारे पेड़ लगाया।

### किंग चार्ल्स का तंज-हम न होते तो अमेरिकी फ्रेंच बोलते

**वॉशिंगटन।** किंग चार्ल्स तृतीय ने मंगलवार को व्हाइट हाउस में स्टेट डिनर के दौरान डोनाल्ड ट्रम्प पर हल्के-फुल्के अंदाज में तंज कसा। उन्होंने कहा कि अगर ब्रिटिश न होते तो आज अमेरिकी फ्रेंच बोल रहे होते। चार्ल्स ने कहा- आपने हाल ही में कहा था कि अगर अमेरिका नहीं होता तो यूरोपीय देश जर्मन बोल रहे होते। तो मैं यह कहने की हिम्मत करता हूं कि अगर हम (ब्रिटिश) नहीं होते तो आप लोग फ्रेंच बोल रहे होते। करीब 250 साल पहले जब अमेरिका आजाद नहीं था, तब ब्रिटेन और फ्रांस दोनों वहां अपनी-अपनी पकड़ बनाना चाहते थे। दोनों देशों के बीच इस बात को लेकर लड़ाई हुई कि उत्तरी अमेरिका पर किसका कब्जा रहेगा। आखिर में इस लड़ाई में ब्रिटेन जीत गया।

### बिग बॉस फेम शियास करीम पर ठगी का केस



बिजनेस पार्टनर से लाखों का फ्रॉड किया; पैसे वापस मांगने पर धमकाया

**मुंबई।** बिग बॉस मलयालम के एक्स कंटेस्टेंट और एक्टर शियास करीम पर ठगी का केस दर्ज हुआ है। केरल पुलिस ने उनके खिलाफ धोखाधड़ी, महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने और आपराधिक धमकी देने के मामले में केस दर्ज किया है। यह शिकायत उनकी एक महिला बिजनेस पार्टनर ने दर्ज कराई है। पुलिस ने मंगलवार को इस मामले की पुष्टि की है। महिला ने अपनी शिकायत में बताया है कि शियास ने उसे एक नए बिजनेस वेंचर में पार्टनरशिप का लालच दिया था। इसके लिए महिला ने लाखों रुपए इन्वेस्ट किए थे। पैसे लेने के बाद शियास अपने वादे से मुकर गया। उसने न तो बिजनेस शुरू किया और न ही महिला को पार्टनरशिप दी। पुलिस सूत्रों के अनुसार, महिला पहले विदेश में रहती थी और सोशल मीडिया के जरिए शियास के संपर्क में आई थी। पैसे मांगने पर दी धमकी शिकायतकर्ता का आरोप है कि जब उसने अपने निवेश किए हुए पैसे वापस मांगे, तो शियास ने उसे डराया और धमकाया। पुलिस ने शियास के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की कई गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया है। इसमें धारा 318(4) (धोखाधड़ी), धारा 79 (महिला की गरिमा का अपमान) और धारा 351(2) (आपराधिक धमकी) शामिल है। अधिकारियों ने बताया कि मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी गई है। शियास करीम को जल्द ही पूछताछ के लिए समन भेजा जा सकता है। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि क्या शियास ने किसी और के साथ भी इसी तरह की धोखाधड़ी की है या इस मामले में कोई और भी शामिल है। फिलहाल एक्टर की ओर से इस पर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।

### नशे में धुत दूल्हा, फेरे से पहले ही टूटी शादी, दुल्हन ने किया इनकार

**बिलासपुर।** बिलासपुर में एक शादी उस वक्त चर्चा का विषय बन गई जब दुल्हन ने नशे में पहुंचे दूल्हे के साथ फेरे लेने से साफ इंकार कर दिया। घटना मंगलवार की है, जहां खुशी का माहौल अचानक विवाद और हंगामे में बदल गया। जानकारी के अनुसार, दूल्हा राजू मांडले बारात लेकर तय समय पर दुल्हन के घर पहुंचा, लेकिन घोड़ी से उतरते ही वह लड़खड़ाने लगा। उसकी हालत देखकर दुल्हन और उसके परिवार को शक हुआ कि वह शराब के नशे में है। जैसे ही यह बात स्पष्ट हुई, दुल्हन ने तुरंत शादी से इनकार कर दिया। दुल्हन के इस फैसले के बाद दोनों पक्षों के बीच तीखी बहस शुरू हो गई। बारातियों ने हंगामा किया, वहीं लड़के पक्ष ने आरोप लगाया कि उन्हें कई घंटों तक रोके रखा गया और बंधक जैसा व्यवहार किया गया।

### ऑस्ट्रेलिया में विमान हैंगर से टकराया पायलट समेत 2 की मौत, 11 घायल

**एडिलेड।** ऑस्ट्रेलिया के एडिलेड में पैराफील्ड एयरपोर्ट पर लैंडिंग के दौरान एक विमान हैंगर से टकराकर क्रैश हो गया। हादसे में पायलट समेत 2 लोगों की मौत हो गई, जबकि 11 लोग घायल हुए हैं। अधिकारियों के मुताबिक विमान एयरपोर्ट परिसर में मौजूद हैंगर 54 से टकरा गया। टक्कर के बाद वहां आग लग गई। चीफ इंस्पेक्टर एंड्रयू मैकक्रैकन ने बताया कि हादसे का शिकार विमान ट्विन-इंजन डायमंड डीए42 था। हादसे में पायलट और एक यात्री की मौत हो गई। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है। टक्कर और आग लगने की वजह से कुल 11 लोग घायल हुए हैं। कुछ लोगों को मौके पर ही प्राथमिक उपचार दिया गया।

इंदौर में प्रवर्तन निदेशालय की रुचि अक्रोनी इंडस्ट्रीज पर बड़ी कार्रवाई

# 7.76 करोड़ की अचल संपत्तियां अटैच

### संचालकों पर यूको बैंक की इंदौर शाखा को 58 करोड़ रुपए से अधिक का वित्तीय नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया गया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर




इंदौर में प्रवर्तन निदेशालय ने बड़ी कार्रवाई की है। बैंक धोखाधड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में जांच कर रही ईडी ने मेसर्स रुचि अक्रोनी इंडस्ट्रीज लिमिटेड (वर्तमान नाम स्टीलटेक रिसोर्सेज लिमिटेड) की 7.76 करोड़ रुपए मूल्य की अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से अटैच (कुर्क) कर लिया है। कुर्क की गई इन संपत्तियों में कंपनी के नाम पर दर्ज विभिन्न औद्योगिक और आवासीय भूखंड शामिल हैं।

ईडी की यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 के प्रावधानों के तहत की गई है। इस पूरे मामले की जड़ें सीबीआई और एसीबी भोपाल द्वारा दर्ज उस एफआईआर में हैं, जिसमें रुचि अक्रोनी इंडस्ट्रीज लिमिटेड और उसके संचालकों पर यूको बैंक की इंदौर शाखा को 58 करोड़ रुपए से अधिक का वित्तीय नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया गया था। बैंक की शिकायत के मुताबिक, कंपनी ने फर्जी दस्तावेजों और गलत जानकारी के आधार पर करोड़ों रुपए की क्रेडिट सुविधाएं और लेटर ऑफ क्रेडिट हासिल किए थे।

#### ऐसे किया गया फंड का हेरफेर

- प्रवर्तन निदेशालय की जांच में चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। जांच में सामने आया कि कंपनी ने बैंक से मिली भारी-भरकम राशि का उपयोग उस व्यापारिक उद्देश्य के लिए नहीं किया, जिसके लिए वह ली गई थी। रकम को सोची-समझी साजिश के तहत विभिन्न सहयोगी और समूह की कंपनियों के बैंक खातों में डायवर्ट कर दिया गया।
- जांच अधिकारियों के अनुसार, फंड की लेयरिंग करने के लिए कंपनियों का एक जटिल जाल बुना गया था, ताकि पैसे के स्रोत का पता न चल सके। अंततः यह पैसा घुमा-फिराकर उन्हीं संस्थाओं के पास पहुंचा, जिन पर मुख्य आरोपियों का नियंत्रण था। इस पूरी प्रक्रिया के माध्यम से अवैध धन को वैध निवेश के रूप में पेश करने की कोशिश की गई थी।

#### कुल 17.91 करोड़ की संपत्ति अटैच

- यह इस मामले में ईडी की पहली कार्रवाई नहीं है। इससे पहले भी जांच एजेंसी ने इसी प्रकरण में 10.15 करोड़ रुपए की संपत्तियां कुर्क की थीं। ताजा कार्रवाई के बाद इस मामले में अब तक कुल 17.91 करोड़ रुपए की संपत्ति अटैच की जा चुकी है।
- ईडी के सूत्रों का कहना है कि मामले की गहन जांच अभी जारी है और बैंक अधिकारियों की मिलीभगत से लेकर फंड डायवर्जन के अन्य पहलुओं को खंगाला जा रहा है। आने वाले दिनों में कुछ अन्य बड़ी गिरफ्तारियां और संपत्तियों की कुर्की होने की संभावना जताई जा रही है।

#### निवेश में किया गया गबन की राशि का इस्तेमाल

ईडी की टीम ने जब मनी ट्रेल (पैसे के लेनदेन का रास्ता) की जांच की, तो पाया गया कि गबन की गई इस राशि का एक बड़ा हिस्सा अलग-अलग स्तरों पर अचल संपत्तियों को खरीदने और निवेश करने में इस्तेमाल किया गया था। वर्तमान में जिन संपत्तियों को अटैच किया गया है, वे उन्हीं संदिग्ध लेन-देन के जरिए बनाई गई थीं।

# 10 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

### मचा हड़कम्प, पुलिस ने शुरू किया तलाशी अभियान

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

गुरुग्राम में बुधवार सुबह 29 अप्रैल को अचानक दहशत फैल गई, जब शहर के कम से कम 10 प्रमुख स्कूलों को बम की धमकी वाले ईमेल प्राप्त हुए। इनमें श्री राम स्कूल, एमिटी इंटरनेशनल स्कूल और एचडीएफसी स्कूल जैसे नाम शामिल हैं। ईमेल उस समय आए जब कक्षाएं शुरू हो चुकी थीं, जिससे छात्रों और शिक्षकों के बीच अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

सूत्रों के अनुसार, धमकी भरे ईमेल सुबह लगभग 8.33 बजे एक साथ कई स्कूलों को भेजे गए थे, जिससे यह आशंका और गहरी हो गई कि यह एक सुनियोजित साइबर-धमकी पैटर्न हो सकता है।

स्कूल प्रशासन को करीब 9 बजे इन ईमेल्स की जानकारी मिली, जिसके बाद तुरंत पुलिस को सूचित किया गया। सूचना मिलते ही गुरुग्राम पुलिस की टीमें हरकत में आ गईं और सभी प्रभावित स्कूलों में सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया गया। बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वॉड को भी मौके पर बुलाया गया। सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत छात्रों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया और पूरे परिसर की गहन जांच की गई।

#### स्कूल परिसर खाली कराया




धमकी के बाद कई स्कूलों को एहतियातन खाली कराया गया। छात्रों को सुरक्षित तरीके से निकाला गया और अभिभावकों को सूचना दी गई कि वे निर्धारित सुरक्षित स्थानों से अपने बच्चों को लें। हालांकि अब तक किसी भी स्कूल परिसर में कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है, लेकिन सुरक्षा जांच जारी है। पुलिस का कहना है कि यह एक फर्जी धमकी भी हो सकती है, लेकिन हर पहलू की गंभीरता से जांच की जा रही है।

#### साइबर ट्रेसिंग और फर्जी ईमेल की आशंका

पुलिस साइबर सेल ने ईमेल के सोर्स की जांच शुरू कर दी है। शुरुआती जांच में संकेत मिले हैं कि ईमेल गुमनाम अकाउंट्स और वीपीएन नेटवर्क के जरिए भेजे गए हो सकते हैं। अधिकारियों के अनुसार, हाल के महीनों में देश के कई हिस्सों में इसी तरह के फर्जी बम धमकी ईमेल के पैटर्न सामने आए हैं, जिनका मकसद स्कूलों में दहशत फैलाना या शैक्षणिक गतिविधियों को बाधित करना होता है।

मुंडन संस्कार से लौट रहे परिवार की

# बोलेरो डंपर से टकराई 6 की मौत, कई घायल

एजेंसी ▸▸ उन्नाव

उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई, जबकि 4 लोग घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब मुंडन संस्कार से लौट रही एक बोलेरो गाड़ी की तेज रफ्तार डंपर से आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बोलेरो के परखच्चे उड़ गए और दोनों वाहन सड़क किनारे खाई में पलट गए।



जानकारी के मुताबिक, मौरावां थाना क्षेत्र के पठई गांव निवासी सूरज सिंह अपने 3 वर्षीय बेटे शुभ सिंह का मुंडन संस्कार कराने बिहार थाना क्षेत्र स्थित चंद्रिका देवी मंदिर गए थे। मुंडन संस्कार के बाद परिवार और पड़ोसी बोलेरो से वापस लौट रहे थे। बक्सर-सुमेरपुर मार्ग पर खरही पुल के पास सुबह करीब 10.30 बजे ओवरटेक के दौरान बोलेरो और डंपर की जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और स्थानीय लोगों ने तुरंत राहत-बचाव कार्य शुरू किया।

पाकिस्तान में गैस की भारी कमी के कारण

# प्लास्टिक गुब्बारों में एलपीजी भरकर खाना बना रहे लोग



एजेंसी ▸▸ कराची

पाकिस्तान के कराची शहर में गैस की भारी कमी के कारण लोग अब प्लास्टिक के गुब्बारों में गैस भरकर खाना बनाने को मजबूर हो गए हैं। एआरवाय न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक लंबे समय से एलपीजी किल्लत की वजह से लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी प्रभावित हो रही है।

यह खतरनाक तरीका खास तौर पर कराची के ओरंगी टाउन इलाके में देखा गया है, जिसमें मोमिनाबाद भी शामिल है। वहां के लोगों का कहना है कि अनियमित गैस सप्लाई के कारण उनके पास कोई दूसरा विकल्प नहीं है।

रिपोर्ट के मुताबिक लोग खास तरह के प्लास्टिक के गुब्बारों में गैस भरते हैं। जब थोड़ी देर के लिए गैस सप्लाई आती है, तब इन गुब्बारों को भर लिया जाता है और बाद में दिनभर इन्हीं का इस्तेमाल करके खाना बनाया जाता है। ये गुब्बारे स्थानीय बाजार में भी करीब 1000 से 1500 रुपए में मिल रहे हैं।

देश में ऑनलाइन गेमिंग पर सरकार की सख्ती

# 1 मई से पैसे वाले गेम्स पर लगेगी रोक

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

देश में ऑनलाइन गेमिंग सेक्टर में बड़ा बदलाव होने जा रहा है। केंद्र सरकार द्वारा लाए गए नए नियम 1 मई 2026 से लागू होने वाले हैं, जिनके तहत पैसे लगाकर खेले जाने वाले ऑनलाइन गेम्स पर सख्त रोक लगाई जाएगी। यह प्रावधान प्रमोशन एंड रेगुलेशन ऑफ ऑनलाइन गेमिंग एक्ट के तहत लागू किया जा रहा है, जिसे वर्ष 2025 में संसद से मंजूरी मिली थी। इन नियमों का उद्देश्य गेमिंग इंडस्ट्री को नियंत्रित करना, यूजर्स की सुरक्षा बढ़ाना और गैरकानूनी सट्टेबाजी जैसे तत्वों पर लगाम लगाना है।

सरकार ने साफ किया है कि जहां एक ओर रियल मनी वाले गेम्स पर प्रतिबंध रहेगा, वहीं ई-स्पोर्ट्स और सोशल गेमिंग को बढ़ावा दिया जाएगा। इसका मतलब है कि बिना पैसे वाले गेम्स, स्किल-बेस्ड प्रतियोगिताएं और प्रोफेशनल ई-स्पोर्ट्स गतिविधियां पहले की तरह जारी रहेंगी और उन्हें कानूनी संरक्षण भी मिलेगा।

# वर्चुअल सुनवाई में अश्लील वीडियो चला

### दिल्ली में स्क्रीन पर दिखा हैक का मैसेज, गाने भी बजे, चीफ जस्टिस ने सुनवाई बंद की

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट में बुधवार को वर्चुअल सुनवाई के दौरान अश्लील वीडियो चल गया। उस वक्त चीफ जस्टिस देवेंद्र कुमार उपाध्याय और जस्टिस तेजस खरिया की बेंच सुनवाई कर रही थी। यह मामला दोपहर 12.56 बजे का है।

यह साफ नहीं हुआ है कि वारदात के वक्त बेंच किस मामले में सुनवाई कर रही थी। जैसे ही पोर्न वीडियो चला, फौरान सुनवाई रोक दी गई। कुछ मिनट बाद सुनवाई दोबारा शुरू हुई, फिर पोर्न वीडियो चलने लगा। मामले की शिकायत दिल्ली पुलिस की आईएफएसओ यूनिट को दी गई है।

**क्षितिजीत का दावा, मेरा लॉगिन हैक किया गया-** वर्चुअल सुनवाई के दौरान



कई लोग जुड़े हुए थे। इनमें एक क्षितिजीत सिंह थे। शुरूआती पूछताछ में क्षितिजीत ने दावा किया कि उसका अकाउंट अमेरिका से हैक किया गया था। उन्हें इस बात की कोई जानकारी नहीं है कि सुनवाई के दौरान वह अश्लील वीडियो कैसे चला।

#### यदि किसी ने रिकॉर्डिंग की है तो कार्रवाई करेंगे

बुधवार को सुनवाई के दौरान वीडियो चलने के बाद 'आपका सिस्टम हैक हो गया है, का मैसेज भी स्क्रीन पर दिखाई दिया। दो बार पोर्न वीडियो चला और तीसरी बार म्यूजिक वीडियो चला। कोर्ट में 100 से ज्यादा जनहित याचिकाओं पर सुनवाई हो रही थी और यह मामला उसी दौरान समाने आया। मामले पर दिल्ली हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस देवेंद्र कुमार उपाध्याय ने कहा कि प्रशासनिक स्तर पर रजिस्ट्रार जनरल को आवश्यक निर्देश दिए गए। अदालत की कार्यवाही रिकॉर्ड करना नियमों के विरुद्ध है। यदि किसी ने रिकॉर्डिंग की है तो कार्रवाई करेंगे।



## महाकाल श्रृंगार


ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का बुधवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## घर से शुरूआत

मैं अकेला ही चला था जानिबे मंजिल लोग जुड़ते गए कारवां बनता गया, कुछ इसी तर्ज पर जिले के ग्रामीण क्षेत्र के एक शिक्षाविद ने सिर्फ नाम ही नहीं कमाया उसके लिए उन्होंने समाज को क्रांति का पथ अपने घर से दिया है। समाज की प्रमुखता स्वीकार करके मात्र दिखावा ही नहीं किया उसके लिए समाज में उदाहरण भी पेश किया है। आमतौर पर क्रांतिकारी विचारधारा से प्रेरित इस शख्स ने अपने कर्मों से अपने धर्म को साबित किया। कभी वे पर्यावरण को लेकर संकल्प करते हुए पौधों का रोपण करते हैं तो कभी वे कन्या शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए आगे आते हैं। यही नहीं अंतिम संस्कार स्थलों की दुर्गति स्थितियों को भी वे सुधार की दशा और दिशा देने में पीछे नहीं हटते। शिक्षा से जुड़े इस शख्स ने साबित किया है कि समाज सुधारने के लिए पहल खुद के घर से और खुद से करना होती है और उसे इस शख्स ने अंजाम देने में कोई देरी नहीं की। वर्तमान समाज में जहां चांदी की चमक के आगे सभी नत मस्तक हो रहे हैं इस शख्स ने एक नया संदेश देते हुए उसे ससम्मान वापसी कर दिया। दहेज को दान मान कर लेने वालों के सामने इस दृढ़ इच्छा शक्ति के शख्स ने ये परिवर्तन की बयार लाकर खड़ी कर दी है। जिस समाज में सर्वाधिक इसका चलन है उसी समाज के करीब डेढ़ हजार से अधिक रिश्तेदारों के समक्ष उन्होंने उसका त्याग कर जता दिया कि यह एक कुरीति है इसके त्याग करने का समय आ चुका है। खुसूर-फुसूर है कि बिरले ही होते हैं वो लोग जो धारा से विपरित बहकर अपनी पहचान बनाते हैं। महापुरूष अलग से नहीं आए उन्होंने भी अपनी क्रांतिकारी सोच से समाज को नई दिशा और दशा दी थी। उनके कर्मों से ही वे महापुरूष बने और समाज आज उनका अनुसरण करता है।

## न्यूज कॉलम

### ध्वजारोहण के साथ प्रारंभ हुआ दो दिवसीय स्वामी पुरसनाराम साहिब का मेला

**उज्जैन।** शहर के अब्दालपुरा स्थित ब्राह्मण गली में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी योगीराज 1008 स्वामी पुरसनाराम साहिब साध हथूंगे वालों का वार्षिक मेला बड़े हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ शुरू हो गया है। 108 साध रतूराम साहिब के स्मरण में आयोजित इस दो दिवसीय आयोजन के पहले दिन बुधवार को दरबार साध पुरसनाराम साहिब स्वामी पुरसनाराम धाम में कई धार्मिक कार्यक्रम संपन्न हुए। सेवक दीपक राजवानी ने बताया कि बुधवार सुबह 9.30 बजे जयपुर के साध मुकेश द्वारा झंडा साहब की सेवा कीर्तन के साथ ध्वज चढ़ाया गया। इसके पश्चात प्रातः 10.30 बजे तपती धुप गर्मी में 151 महिलाओं द्वारा कलश शोभायात्रा निकाली गई। कलश यात्रा अब्दालपुरा से शुरू होकर खजूर वाली मस्जिद, गीता कॉलोनी, झूलेलाल मंदिर जहां पर संतो द्वारा आरती की गई और मोदी का चोपड़ा होते हुए लीलाशाह धाम सिंधी धर्मशाला पर समाप्त हुई। ढोल, बैंड बाजे, घोड़े, बग्गी और डीजे के साथ निकली इस यात्रा का नेतृत्व साध मुकेश ने किया। वे पैदल चलते हुए सभी भक्तजनों को आशीर्वाद दे रहे थे। मार्ग में जगह-जगह मंच बनाकर संतों और यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। इस धार्मिक मेले में देश-विदेश से सैकड़ों भक्त साध मुकेश जी का आशीर्वाद लेने के लिए पधार चुके हैं। बुधवार को दोपहर 12 से 2 बजे तक भंडारा, शाम 7 से 9 बजे तक सांझा शेवा, रात 9 से 11 बजे तक पुनः भंडारा और रात 11 से 2 बजे तक भजन सत्संग संपन्न हुआ। भजन और सत्संग का आयोजन स्वामी पुरसनाराम धाम दरबार साध पुरसनाराम साहिब के सामने ब्राह्मण गली अब्दालपुरा में किया जा रहा है। वहीं, भंडारे का आयोजन गीता कॉलोनी चोपड़ा स्थित स्वामी लीलाशाह धर्मशाला में हो रहा है। आयोजन समिति के अनुसार गुरुवार 30 अप्रैल को दोपहर 1 से 3 बजे तक भंडारा, शाम 7 से 9 बजे तक सांझा शेवा, रात 9 से 11 बजे तक भंडारा और रात 11 बजे से सुबह 5 बजे तक भोर का भजन सत्संग चलेगा।

## ट्रेंडिंग




### बारदान की कमी एवं कटे-फटे होने से दो तोल कांटे चलाए जा रहे थे

# खरीदी केंद्र पर किसान हुए परेशान लगा दिया जाम

### एसडीएम पहुंचे और बारदाना मंगवाया तब खुला उज्जैन-नागदा रोड

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

बारदान की कमी एवं कटे-फटे होने से समर्थन मूल्य के खरीदी बोरखेड़ा भल्ला सोसाइटी के देपन खरीदी केंद्र पर दो दिनों से दो तोल कांटे से काम चलाया जा रहा था। इस बीच किसान परेशान होते रहे। अंततः किसानों का आक्रोश बुधवार दोपहर में फूट पड़ा और उन्होंने सड़क पर बैठकर उज्जैन-नागदा रोड पर चक्काजाम कर दिया। घट्टिया एसडीएम राजाराम करजरे स्थल पर पहुंचे और किसानों को समझाइश देने के साथ बारदाना मंगवाया उसके बाद चक्काजाम खुला।

बुधवार को गेहूं खरीदी केंद्रों पर बारदाने की कमी से नाराज किसानों ने नागदा-उन्हेल मार्ग पर चक्का जाम कर दिया। करीब एक घंटे तक चले इस प्रदर्शन के कारण सड़क पर लंबा जाम लग गया और उज्जैन से नागदा व इंदौर जाने वाले वाहन फंस गए। सोडंग के पास बोरखेड़ा भल्ला सोसाइटी के देपन खरीदी केंद्र पर आक्रोशित किसानों ने नारेबाजी करते हुए अपनी ट्रैक्टर-ट्रालियां सड़क के बीच खड़ी कर दीं। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने समझाने का प्रयास किया लेकिन किसान मौके पर अधिकारियों को बुलाने पर अड़े रहे।



#### एसडीएम ने समझाया, बारदान भी मंगवाया

एसडीएम राजाराम करजरे ने बताया कि केंद्र पर कम एवं कटा-फटा बारदाना मंगलवार से ही था। जिसके चलते केंद्र पर कम तौल की स्थिति बना दी गई। दो कांटे ही चलाए जा रहे थे। किसानों से चर्चाकर 5 तौल कांटे चालू करवाए गए और एक ट्रक बारदाना मंगवाया गया। एक गठान में 500 बारदाना होता है। अगले 3-4 दिन की भरपूर व्यवस्था है। किसानों की समस्या का निदान कर दिया गया। मात्र कुछ देर ही जाम की स्थिति रही है।

#### किसानों का आरोप 2-3 दिन से अव्यवस्था

खरीदी केंद्र से जुडे सोडंग, चकरावदा, रामगढ़ सहित आसपास के गांवों के किसानों का जाम के दौरान आरोप था कि पिछले तीन दिनों से बारदाना खत्म हो चुका है, लेकिन सोसाइटी द्वारा कोई व्यवस्था नहीं की गई। पांच में से केवल दो तोल कांटे ही चालू हैं, जिससे भीषण गर्मी में किसानों को दो-दो दिन तक लाइन में इंतजार करना पड़ रहा है। बारदान की कमी के चलते ट्रॉलियां वापस की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को पहले ही सूचना दी गई थी, लेकिन 12 घंटे बीतने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ। स्थिति यह है कि तीन कांटे बंद करने पड़े हैं।

### नगरनिगम कार्यालयों में सीमित काउंटर

# देनेवाले देना चाह रहे, लेनदार उदासीन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

नगरनिगम द्वारा अग्रिम हाउसटैक्स जमा कराने पर नियमानुसार 6 प्रतिशत की छूट का लाभ उपभोक्ता को दिया जा रहा है। 30 अप्रैल के बाद भी कुछ छूट रहेगी किन्तु सर्वाधिक लगभग 6 प्रतिशत छूट अप्रैल माह मे रहती है। जागरूक उपभोक्ता निर्धारित अवधि मे हाउस टैक्स जमा करके छूट का लाभ लेना चाहता है किन्तु नगरनिगम झोन कार्यालयों में वही सीमित एक या दो काउंटर होने से लंबी कतारें देखी जा रही हैं। झोन छः में पाश कालोनियां और समृद्ध उपभोक्ता होने से नानाखेड़ा झोन कार्यालय पर भरी दोपहर मे भारी भीड़ टैक्स जमा कराने की उम्मीद मे बांट जोह रही थी किन्तु सीमित काउंटर और भीड़ देखकर बहुत से उपभोक्ता बगैर हाउस टैक्स जमा कराए ही बैरंग लौटते नजर आए। एक उपभोक्ता विशन सोलंकी ने बताया कि भीषण गर्मी मे छूट के लाभ का मोह लिए झोन छः आया किन्तु लंबी कतार देख बैरंग लौट रहा हूं।




**अतिरिक्त काउंटर व्यवस्था नहीं-** नगरनिगम की राजस्व प्राप्ति को लेकर इस तरह की उदासीनता बरतता देख आश्चर्य होता है। जिस झोन में उपभोक्ता अपनी जिम्मेदारी समझकर समय पर टैक्स देने को राजी हैं वहां लेनदार उदासीन बना हुआ है।

**पोर्टल बंद, मशीन से जमा नहीं-** नगरनिगम ने कार्यालयों में मशीन द्वारा टैक्स जमा करने का प्रचार तो जोरशोर से किया था किन्तु ठोस धरातल पर ये व्यवस्था ध्वस्त नजर आई। झोन छः में मशीन द्वारा टैक्स जमा करनेवाली मैडम आराम से फाइलों के कागज पलटते हुए मिली व टैक्स जमा करने की पूछताछ करने पर पोर्टल बंद होने का जवाब देती रही। आधुनिक तकनीक का बेहतर उपयोग न होने से उपभोक्ता हाउसटैक्स की छूट का लाभ लेने से वंचित हो रहे हैं। 30 अप्रैल अंतिम दिवस है जब सर्वाधिक छूट लाभ मिलेगा। इसके बाद दो माह तक कुछ लाभ मिलेगा अवश्य पर अप्रैल की तुलना मे कम रहेगा।

#### कम्प्यूटर होने पर भी रसीद संभालों

नगरनिगम मे कम्प्यूटरीकृत व्यवस्था तो है पर हाउस टैक्स जमा कराते समय पुरानी टैक्स जमा की रसीद दिखाना होती है। यदि रसीद उपभोक्ता से गुम गई तो फिर काउंटर पर बैठा कैशियर कंम्प्यूटर में देखकर नया टैक्स जमा नहीं करता और पुरानी रसीद की मांग करता रहता है। हैरान परेशान उपभोक्ता बगैर टैक्स जमा किए ही निराश होकर अपने घर की राह पकड़ता है।

#### क्यूआर कोड से भर सकते

अधिकांश लोग अब कम्प्यूटर लिटरेट हैं और घर बैठे क्यूआर कोड स्कैन कर नगरनिगम का हाउस टैक्स भर सकते हैं। वर्ष में कुछ ही दिनों नगरनिगम कार्यालयों पर उपभोक्ता की भीड़ होती है ऐसे में अतिरिक्त काउंटर खोलने मे तकनीकी व व्यवहारिक विषमताएं हैं फिर भी कुछ सुधार करते हैं।

**रजत मेहता, पार्षद व प्रमुख राजस्व समिति, उनपानि।**

## अजाक्स संगठन में प्रदेश महासचिव बनने पर महेश विरोलिया का स्वागत



दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

बाबा महाकाल की पावन नगरी उज्जैन मे मध्य प्रदेश लघुवेतन कर्मचारी संघ जिला शाखा उज्जैन जिला कार्यालय 16, क्वार्टर पर हेमराज घावरी उज्जैन जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में अजाक्स के महेश विरोलिया को अजाक्स संगठन में प्रदेश महासचिव बनाये जाने पर मध्य प्रदेश लघुवेतन कर्मचारी संघ की और से महाकाल का दुपट्टा ओड़ाकर एवं फूल मालाओं से स्वागत सम्मान किया गया। साथ ही जीतेन्द्र भाटी संभाग कौर कमेटी अध्यक्ष का हेमराज घावरी जिला अध्यक्ष मध्य प्रदेश लघुवेतन कर्मचारी संघ की ओर से जन्मदिन बड़े हर्ष उल्लास के साथ फूल मालाओं से भव्य स्वागत करते हुये जन्मदिन मनाया गया। इस शुभ अवसर पर उपस्थित मुख्य अतिथि जीतेन्द्र भाटी संभाग कौर कमेटी अध्यक्ष, रमेशचंद चांगेसिया, मनोहर लाल गोहर प्रदेश संगठन सचिव, जीतेन्द्र कुमार गोसर संभाग उपाध्यक्ष, मुकेश रायकवार जिला सचिव, कुन्दन गिरजे जिला उपाध्यक्ष, अम्बाराम मालवीय जिला उपाध्यक्ष, भारती झांजोट जिला उपाध्यक्ष, देवकन्या बाई, आदि यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी रवि चौहान ने दी।

## प्राधिकरण अध्यक्ष सोलंकी ने कार्यालय का निरीक्षण कर कार्य सम्पादन किया



दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

मंगलवार को पदभार ग्रहण के पश्चात बुधवार को प्राधिकरण अध्यक्ष रविन्द्र (रवि) सोलंकी द्वारा, उपाध्यक्षद्वय मुकेश यादव एवं रवि वर्मा एवं संचालक मंडल के सदस्य विजय अग्रवाल, अमित श्रीवास्तव, रामचंद्र शर्मा (रामागुरू), सुशीला जाटवा व दुर्गा बिलोटिया के साथ प्राधिकरण कार्यालय की समस्त शाखाओं का भ्रमण किया जाकर अधिकारियों एवं कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया एवं कार्यालय परिसर में भी निरीक्षण किया।

इसके पश्चात संचालक मंडल के सभी सदस्यों के साथ अध्यक्ष द्वारा अनौपचारिक बैठक ली जाकर आगामी योजनाओं को मूर्तरूप देने के संबंध में चर्चा की गई निरीक्षण के समय मुख्य कार्यपालन अधिकारी संदीप सोनी एवं प्राधिकरण के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### पश्चिम रेलवे के मुख्य कार्मिक अधिकारी को

## वेस्टर्न रेलवे मजदूर संघ ने समस्याओं का ज्ञापन सौंपा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

पश्चिम रेलवे के प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी सहर्ष वाजपेई के उज्जैन आगमन पर वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी अविनाश कुमार एवं सोमनाथ गायकवाड़ की उपस्थिति में वेस्टर्न रेलवे मजदूर संघ रतलाम मंडल के मंडल मंत्री अभिलाष नागर के नेतृत्व में स्वागत कर रेल कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं एवं मांगों का ज्ञापन सौंपा गया।



#### निम्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा

- पश्चिम रेलवे में विगत कई वर्षों से लंबित रेल्वे की विभागीय पदोन्नति परीक्षाओ जीडीसीई का आयोजन शीघ्र करने।
- रतलाम मंडल में पूर्व में अस्वीकृत किए गए अनुकम्पा नियुक्ति के प्रकरणों को स्वीकृति प्रदान करने।
- इंदौर, चित्तौड़गढ़ एवं नागदा में नए कम्युनिटी हाल का शीघ्र निर्माण करने।
- ओंकारेश्वर एवं चित्तौड़गढ़ में नए होली डे होम स्वीकृत करने एवं उज्जैन में होली डे होम का विस्तार करने।
- शटिंग मास्टर पदोन्नति परीक्षा माह मई में शीघ्र आयोजित करने।
- रतलाम मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय को वातानुकूलित करने एवं लिपिकीय स्टाफ को पर्याप्त संख्या में कंप्यूटर एवं प्रिंटर उपलब्ध कराने।
- रतलाम रेल्वे ट्रेनिंग सेंटर में स्पोर्ट्स ग्राउंड की सुविधा प्रदान करने।
- टावर वैगन ड्रायवर के लिय जारी ब्रोकन रोस्टर को निरस्त करने।
- मुख्यालय में लंबित रतलाम मंडल के प्रकरणों का अतिशीघ्र निराकरण करने।

इस अवसर पर वेरे मजदूर संघ की महिला समिति मंडल सचिव ऊषा खींची, उज्जैन शाखा उपाध्यक्ष अविनाश श्रीवास, सहायक सचिव आर जरिया आदि उपस्थित थे।

### चिंतामन मंदिर परिसर में गर्म टाईल्स से श्रद्धालु बेहाल

# कारपेट की व्यवस्था नहीं, भीषण गर्मी में खुले फर्श पर चलने को मजबूर

### धूप से बचाव के इंतजाम न होने से दर्शन और शादी समारोह में आए लोगों को हो रही परेशानी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

चिंतामन मंदिर में इन दिनों भीषण गर्मी के बीच श्रद्धालुओं को गंभीर असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। मंदिर परिसर में फर्श पर कारपेट नहीं बिछाए जाने के कारण टाइल्स अत्यधिक गर्म हो गई हैं, जिससे श्रद्धालुओं के पैर जल रहे हैं।

इन दिनों मंदिर में बड़ी संख्या में विवाह समारोह आयोजित हो रहे हैं। शहर सहित आसपास के क्षेत्रों से लोग यहां विवाह संपन्न कराने के लिए पहुंच रहे हैं, जिससे मंदिर में सुबह से शाम तक भीड़ बनी रहती है। बावजूद इसके, मंदिर प्रशासन द्वारा मूलभूत सुविधाओं की पर्याप्त व्यवस्था नहीं की गई है।





मंदिर के प्रवेश द्वार से लेकर अंदर तक टाइल्स हैं, जो तेज धूप के कारण तपने लगी हैं। ऐसे में श्रद्धालुओं को गर्म फर्श पर चलने को मजबूर होना पड़ रहा है। कई लोग जलन से बचने के लिए तेजी से दौड़कर मार्ग पार करते नजर आते हैं।

सांवेर क्षेत्र के ग्राम किठोदा से आए एक परिवार ने बताया कि वे अपने परिजन की शादी में शामिल होने मंदिर पहुंचे थे। सुबह से ही तेज धूप के कारण मंदिर परिसर की टाइल्स गर्म हो चुकी थीं, जिससे चलना मुश्किल हो गया। उन्होंने बताया कि न तो कारपेट बिछाया गया है और न ही धूप से बचाव के लिए पर्याप्त छाया की व्यवस्था है।

#### छायादार स्थान और पेयजल जैसी सुविधाओं की आवश्यकता

मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं का कहना है कि भीड़ को देखते हुए व्यवस्थाएं और बेहतर होनी चाहिए थीं। खासतौर पर गर्मी के मौसम में कारपेट बिछाने, छायादार स्थान बनाने और पेयजल जैसी सुविधाओं की आवश्यकता है, ताकि श्रद्धालुओं को राहत मिल सके। स्थानीय लोगों ने मंदिर प्रशासन से जल्द ही व्यवस्थाओं में सुधार करने की मांग की है। उनका कहना है कि कारपेट बिछाने और धूप से बचाव के उपाय करने से श्रद्धालुओं को बड़ी राहत मिल सकती है। फिलहाल, व्यवस्थाओं के अभाव में लोगों को परेशानी के बीच ही दर्शन करने पड़ रहे हैं।



नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर



## न्यूज ब्रीफ

### सर्वोच्च न्यायालय में समाधान समारोह - 2026 का आगाज

**इंदौर।** न्याय को सरल, सुलभ एवं घर-घर तक पहुँचाने तथा आपसी सहमति के माध्यम से विवादों के समाधान को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा समाधान समारोह - 2026 का आयोजन 21 अप्रैल 2026 से प्रारंभ किया गया है, जिसके तहत न्यायमूर्ति सूर्यकांत, भारत के मुख्य न्यायाधीश द्वारा भारत के सभी उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधिपति, सभी राज्य प्राधिकरणों के कार्यपालक अध्यक्ष व सभी उच्च न्यायालय विधिक सेवा समितियों के अध्यक्ष के साथ 22 अप्रैल को वीडियो कान्फ्रेंसिंग कर अभियान के क्रियान्वयन हेतु महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश प्रदान किए हैं। इस अभियान का समापन 21, 22 एवं 23 अगस्त 2026 को सर्वोच्च न्यायालय परिसर में आयोजित विशेष लोक अदालत के साथ होगा।

### किसानों की आय वृद्धि का बड़ा जरिया हैं उद्यानिकी फसलें

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि उद्यानिकी फसलें छोटी जगह से बड़ी कमाई करने का प्रभावी माध्यम है। प्रदेश के अधिकाधिक किसानों को इससे जोड़ा जाये। किसानों को सीजनल और उद्यानिकी फसलों के उत्पादन के लिए प्राकृतिक खाद का उपयोग कर जैविक खेती से जुड़ने के लिए प्रेरित करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने और कृषि क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयासरत है। उद्यानिकी फसलों के माध्यम से किसानों की वास्तविक आय बढ़ाई जाए। किसानों की आय वृद्धि और उनके जीवन में खुशहाली लाने के लिये योजनाबद्ध तरीके से उद्यानिकी फसलों और इनके जोत रकबे का साल-दर-साल विस्तार किया जाए। उन्होंने कहा कि हमारी उद्यानिकी एवं मसाला फसलों की अंतर्राष्ट्रीय मांग बढ़ रही है। इसकी पूर्ति के लिए बाजार तलाशें, उद्यानिकी उत्पादों की भरपूर ब्रांडिंग करें।

### इंदौर में नगर निगम के खोदे गड्ढे में गिरा युवक, आधा पैर कटा

**इंदौर।** वीआइपी परस्पर नगर में मंगलवार रात युवक दोपहिया वाहन सहित गड्ढे में जा गिरा। युवक के पैर का पंजा आधे से ज्यादा कटकर लटक गया। दूसरा पैर भी फ्रैक्चर है। लोगों ने उसे बाहर निकाला और निजी अस्पताल भेजा। यहां नगर निगम ने नर्मदा लाइन डालने के लिए गड्ढे खोदे हुए हैं। रात करीब नौ बजे राकेश यादव (33) निवासी श्रद्धा सबूरी कालोनी, दोपहिया वाहन सहित एक गड्ढे में जा गिरा। युवक कारपेंटर है और सिलिकॉन सिटी में काम पर जा रहा था। रहवासियों के अनुसार, कुछ दिनों से यहां पाइपलाइन डालने का काम चल रहा है। इसके लिए सड़क पर कई गड्ढे खोदे गए हैं, लेकिन सुरक्षा इंतजाम नहीं किए गए थे। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। दो पुलिसकर्मी आए और आसपास बैरिकेड्स लगाकर लौट गए।

### लू: स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी किए गए दिशा-निर्देश

**इंदौर।** ग्रीष्म ऋतु में तापमान में हो रही निरन्तर वृद्धि को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा लू-तापघात से बचने के लिए सामान्य उपाय बताए गए है। इन उपायों को अपनाकर कुछ सामान्य राहत मिल सकती है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी ने बताया कि ग्रीष्म ऋतु में तापमान बढ़ने और गर्म हवा लगने से गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न होती है। वृद्ध, बच्चें, खिलाड़ी, धूप में काम करने वाले श्रमिक सर्वाधिक खतरे में रहते हैं। पसीना न आना, गर्म-लाल एवं शुष्क त्वचा, मतली, सिरदर्द, थकान, चक्कर आना, उल्टियां होना, बेहोश हो जाना एवं पुतलियां छोटी हो जाना अत्यधिक गर्मी से प्रभावित होना व तापघात के प्रमुख लक्षण एवं संकेत हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी ने बताया कि गर्मी व तापघात से बचाव के लिए खूब पानी पीये व खाली पेट न रहें, शराब व चाय-कॉफी के अधिक सेवन से बचें, ठण्डे पानी से नहाएं, सर ढके व हल्के रंग के ढीले व पूरी बांह के कपड़े पहने, बच्चों को बंद वाहनों में अकेला न छोड़े, दिन में दोपहर 12 बजे से शाम 04 बजे के मध्य बाहर जाने से बचें, धूप में नंगे पाँव न चलें, बहुत अधिक भारी कार्य न करें।

### जरूरतमंदों को पारदर्शिता के साथ सहायता देना ही हमारा संकल्प

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार द्वारा समाज के सभी निर्धन, निराश्रित, वृद्धजनों, कल्याणी, परित्यक्ता, अविवाहिता एवं दिव्यांगजनों के कल्याण एवं आर्थिक सहायता के लिए विभिन्न प्रकार की पेंशन योजनाएं संचालित की जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा दी जाने वाली यह सामाजिक सुरक्षा पेंशन राशि सिर्फ आर्थिक सहायता नहीं, यह सरकार के उस विश्वास का अंतरण है, जो इस बात का प्रतीक है कि सरकार हर परिस्थिति में हर घड़ी जरूरतमंदों के साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को मंत्रालय से समग्र पेंशन योजना के तहत प्रदेश के 33 लाख 45 हजार 231 हितग्राहियों के बैंक खातों में मार्च पेड अप्रैल की 200 करोड़ 71 लाख रुपये की पेंशन राशि सिंगल क्लिक से अंतरित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। केन्द्र सरकार की ओर से सभी पात्र लाभार्थियों को प्रतिमाह पेंशन योजनाओं का लाभ मिल रहा है। यह हमारे लिए एक सामाजिक उत्तरदायित्व है।

# महाकाल मंदिर के अन्न क्षेत्र में अब ऑनलाइन दान

## आरती में अपने हाथ से चढ़ा सकेंगे प्रसाद; मनचाहा दिन चुनने का भी ऑप्शन

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

श्री महाकालेश्वर मंदिर में श्रद्धालुओं के लिए नई सुविधा शुरू होने जा रही है। मंदिर के अन्न क्षेत्र में दान अब ऑनलाइन किया जा रहा है। दान देने वाले भक्तों को भोग आरती में भगवान महाकाल को भोग लगाने का अवसर मिलेगा। यह व्यवस्था संभवतः अगले सोमवार से शुरू हो सकती है।

मंदिर समिति की सहायक प्रशासक सिम्मी यादव के मुताबिक, अन्न क्षेत्र पूरी तरह दान से संचालित होता है। यहां रोजाना दो शिफ्ट में करीब 9 हजार श्रद्धालु भोजन प्रसादी ग्रहण करते हैं। अधिक से अधिक भक्तों को जोड़ने के लिए दान प्रक्रिया ऑनलाइन की जा रही है। श्रद्धालु महाकाल मंदिर की ऑफिशियल वेबसाइट https://www.shrimahakalesh-war.mp.gov.in के जरिए घर बैठे दान कर सकेंगे। दोनों समय की भोजन प्रसादी के लिए 1 लाख 10 हजार रुपए, एक समय के लिए 51 हजार रुपए और मीठे प्रसाद के लिए 21 हजार रुपए दान निर्धारित है।



### किसी भी तारीख के लिए पहले बुकिंग कर सकेंगे

अब तक यह सुविधा ऑफलाइन थी, जिसमें श्रद्धालुओं को अन्न क्षेत्र पहुंचकर दान करना पड़ता था। नई व्यवस्था में भक्त साल के 365 दिन किसी भी तारीख के लिए पहले से बुकिंग कर सकेंगे। जन्मदिन, मैरिज एनिवर्सरी या अन्य शुभ अवसरों पर भी भोजन प्रसादी का आयोजन कराया जा सकेगा।

### दानदाताओं को मिलेगा भोग लगाने का अवसर

दानदाताओं के लिए विशेष व्यवस्था की जा रही है। इसके तहत दान करने वाले श्रद्धालुओं को भोग आरती के दौरान मंदिर ले जाया जाएगा और उनके हाथों से भगवान महाकाल को भोग अर्पित कराया जाएगा। मंदिर समिति का मानना है कि इस पहल से अधिक श्रद्धालु अन्न क्षेत्र सेवा से जुड़ेंगे और भक्तों को नया आध्यात्मिक अनुभव मिलेगा।

### भोग में रोटी, दाल-चावल और दो तरह की सब्जियां

भगवान महाकालेश्वर को रोजाना सुबह 10 बजे भोग अर्पित किया जाता है। थाली में गेहूं की रोटी, दाल-चावल और दो तरह की सब्जियां रहती हैं। कई बार श्रद्धालु अपनी ओर से मिठाई अर्पित करते हैं, उसे भी भोग थाली में शामिल किया जाता है। यहां आरती और भगवान महाकाल को भोग लगाने के बाद अन्नक्षेत्र में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया जाता है।

# कोयला फाटक से कंठाल तक का काम अब भी अधूरा

## 18 महीने में काम होना है, जिसमें 8 महीने बीत चुके, बारिश में बढ़ सकती है परेशानी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

कंठाल चौराहे से छत्री चौक तक मार्ग चौड़ा करने को मकान-दुकान की तोड़ाई रविवार को शुरू हो गई। नगर निगम का अमला जैसे ही तोड़ाई के लिए मशीनें लेकर पहुंचा प्रभावित परिवारों ने ज्यादा नुकसान से बचने को अपने स्तर पर ही श्रमिकों से मकान-दुकान की तोड़ाई शुरू करवा दी।

तोड़ाई के बाद मार्ग 15 मीटर चौड़ा किया जाएगा। ये हिस्सा श्रावण-भाद्रपद मास में निकलने वाली भगवान महाकाल की शाही सवारी का मुख्य मार्ग हैं, जो व्यावसायिक दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण है। यहां खान-पान से लेकर कपड़ों तक की कुछ ऐसी दुकानें हैं जो शहर में एक ब्रांड के रूप में पहचान बनाए है।

इसी मार्ग पर प्राचीन सती गेट और खड़े हनुमान का मंदिर है, जिनके प्रति लोगों की बड़ी आस्था है। बीते सिंहस्थ-2016 के पहले से इस मार्ग को चौड़ा करने की मांग उठती रही, मगर विभिन्न कारणों से चौड़ीकरण टलता गया।

इस बार इसे सिंहस्थ- 2028 से पहले चौड़ा करने का संकल्प लेकर नगर निगम मैदान में उतर चुका है। कुल 16 करोड़ की योजना है, जिसके तहत कोयला फाटक से कंठाल चौराहा और कंठाल चौराहे से छत्री चौक तक मार्ग चौड़ा किया जाना है। इस काम की शुरूआत लगभग आठ महीने पहले कोयला फाटक से कंठाल चौराहे तक मार्ग चौड़ीकरण के साथ की गई थी। इस हिस्से में काफी काम अभी अधूरा है, जिससे क्षेत्रीय नागरिक कई बार महापौर मुकेश टटवाल को शिकायत भी दर्ज करा चुके हैं।



**जनता का आक्रोश : 'सिर्फ तोड़फोड़ नहीं, निर्माण भी हो'**- स्थानीय रहवासियों ने नगर निगम की 'ढीलपोल' कार्यशैली पर भारी नाराजगी व्यक्त की है। लोगों का कहना है कि प्रशासन केवल तोड़ने में तत्परता दिखाता है, लेकिन निर्माण की फाइलें महीनों तक फाइलों में ही दबी रहती हैं। वर्तमान में स्थिति यह है कि पैदल चलने वालों के लिए भी रास्ता नहीं बचा है।

### सवारी मार्ग पर मंडराया संकट

यह मार्ग धार्मिक दृष्टि से भी अत्यंत संवेदनशील है, क्योंकि यही बाबा महाकाल की सवारी का प्रमुख पथ है। आठ महीने की देरी और अब शुरू हुई नई तोड़फोड़ ने प्रशासन के सामने समय की चुनौती खड़ी कर दी है। यदि श्रावण-भाद्रपद मास से पहले सड़क का पक्का निर्माण नहीं हुआ और मलबे के ये ढेर नहीं हटाए गए, तो सवारी के दौरान लाखों श्रद्धालुओं की सुरक्षा और यातायात का प्रबंधन करना प्रशासन के लिए मुश्किल होगा।

# इंदौर में नीट (यूजी) 2026 परीक्षा 3 मई को, तैयारी पूर्ण

## परीक्षा केन्द्रों पर पहुंचने के लिये जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई जायेंगी बसें

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

आगामी 03 मई को नीट (यूजी) 2026 परीक्षा आयोजित की जायेगी। परीक्षा के सफल एवं सुचारू आयोजन को लेकर व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई हैं। नीट परीक्षा के लिए इंदौर जिले में कुल 57 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें 23,160 परीक्षार्थी शामिल होंगे। जिला प्रशासन द्वारा परीक्षा केन्द्रों पर पहुंचने के लिये एआईसीटीएसएल की बसें उपलब्ध कराई जायेंगी। यह बसें प्रातः 9 बजे से बस स्टेंड एवं रेल्वे स्टेशन पर उपलब्ध रहेंगी। बसों के चार रूट बनाये गये है। बसें सांवेर, आईआईटी सिमरोल, आईआईएम एवं महू तक जायेंगी। शाम 5 बजे से परीक्षा के उपरांत बसें वापस आयेंगी। सभी परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात रहेगा। यातायात की सुगमता के लिये भी विशेष व्यवस्था की गई है। सभी परीक्षा केन्द्रों पर मेडिकल स्टॉफ एवं पांच केन्द्रों पर एक एम्बुलेंस की व्यवस्था की गई है। दिव्यांग परीक्षार्थियों के लिये व्हीलचेयर आदि की व्यवस्था रहेगी। परीक्षा केन्द्रों पर जनरेटर्स की पर्याप्त व्यवस्था की गई है।

# प्रशासन की संवेदनशील पहल से सुरक्षित हुआ प्रसव

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

राज्य शासन की जनसुनवाई व्यवस्था एक बार फिर जरूरतमंद नागरिकों के लिए उम्मीद और राहत का माध्यम साबित हुई। आर्थिक तंगी और पारिवारिक सहयोग के अभाव में कठिन परिस्थितियों का सामना कर रही 9 माह की गर्भवती महिला गायत्री ने अपने पति के साथ 21 अप्रैल को इंदौर कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में पहुंचकर सहायता की गुहार लगाई।

गायत्री और उनके पति ने प्रशासन को बताया कि उनके पास प्रसव के लिए पर्याप्त आर्थिक संसाधन उपलब्ध नहीं हैं। पारिवारिक परिस्थितियां भी प्रतिकूल थीं तथा ससुराल पक्ष से सहयोग नहीं मिलने के कारण वे अत्यंत परेशान और असहाय महसूस कर रहे थे। ऐसे संवेदनशील समय में उन्होंने जिला प्रशासन से मदद की अपेक्षा की। मामले की गंभीरता और मानवीय पक्ष को समझते हुए कलेक्टर शिवम वर्मा ने तत्काल संज्ञान लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए। जिला प्रशासन की संवेदनशीलता एवं त्वरित कार्यवाही के परिणामस्वरूप गायत्री को समय पर आवश्यक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई गई। प्रशासन के समन्वित प्रयासों से उनका सुरक्षित प्रसव कराया गया। खुशी की बात है कि गायत्री ने एक स्वस्थ पुत्री को जन्म दिया। इस सुखद अवसर पर परिवारजनों ने जिला प्रशासन, चिकित्सा दल एवं संबंधित अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संकट की घड़ी में प्रशासन ने मानवीय संवेदनाओं के साथ सहयोग प्रदान कर उनका विश्वास मजबूत किया है। भावुक क्षण तब देखने को मिला जब गायत्री और उनके परिवार ने अपनी नवजात बेटी का नाम कलेक्टर शिवम वर्मा के हाथों रखने की इच्छा व्यक्त की। यह घटना जिला प्रशासन की संवेदनशील कार्यप्रणाली, जनसुनवाई व्यवस्था की प्रभावशीलता तथा जरूरतमंद नागरिकों के प्रति मानवीय दृष्टिकोण का प्रेरणादायी उदाहरण बन गई है।

# शोरूम पर मैकेनिक को तिलक लगाने से मना किया

## नागदा में हिंदूवादी संगठनों का प्रदर्शन, कर्मचारी पर एफआईआर दर्ज

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

लेंसकार्ट में तिलक और कलावा को लेकर हुए विवाद के बाद अब उज्जैन जिले के नागदा में तिलक लगाने को लेकर नया मामला सामने आया है। यहां मारुति सुजुकी कार शोरूम में काम करने वाले एक मैकेनिक ने आरोप लगाया है कि उसके सहकर्मी ने तिलक लगाकर आने पर उसे रोका, गाली-गलौज की और धमकी दी।

घटना सोमवार शाम की है। सूचना मिलते ही विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता शोरूम पहुंच गए और विरोध प्रदर्शन किया। मंगलवार को पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। नागदा में उज्जैन-जावरा स्टेट हाईवे-17 स्थित मारुति सुजुकी शोरूम में दयानंद कॉलोनी निवासी रितिक उर्फ गोलू राठौर मैकेनिक के तौर पर कार्यरत हैं। रितिक का कहना है कि वह रोजाना माथे पर तिलक लगाकर काम पर पहुंचता था। इसी बात को लेकर खाचरौद निवासी सहकर्मी मुबारक लाला पिछले कुछ समय से आपत्ति जता रहा था।





### पिछले तीन माह से तिलक को लेकर परेशान किया

पीड़ित के अनुसार, मुबारक पिछले तीन माह से उसे तिलक लगाकर शोरूम आने पर परेशान कर रहा था। वह बेल्ट से पिटाई करने और जान से मारने की धमकी भी देता था। रितिक जब तिलक लगाकर शोरूम पहुंचा तो आरोपी ने फिर उसे टोका, गाली-गलौज की और धमकाया।

### विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता शोरूम पहुंचे और नारेबाजी करते हुए विरोध जताया

इसके बाद रितिक ने हिंदूवादी संगठनों को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता शोरूम पहुंचे और नारेबाजी करते हुए विरोध जताया। हंगामे की सूचना पर मंडी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। पुलिस ने रितिक के बयान के आधार पर आरोपी मुबारक लाला के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (इठर) की धारा 299, 296(ए) और 351(3) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## इंदौर एयरपोर्ट पर सुरक्षा में चूक, पहले खुदाई, बाद में नोटम जारी

# रनवे के पास बिना अनुमति काम, एएआई का नोटिस

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

देवी अहिल्या बाई होल्कर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर प्रबंधन की बड़ी लापरवाही सामने आई है। रनवे के पास बिना अनुमति और पर्याप्त सुरक्षा उपायों के कार्य किए जाने पर एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक, एयरपोर्ट अथॉरिटी ने नोटिस में पूछा है कि इस कार्य के लिए किससे अनुमति ली गई थी और सुरक्षा के क्या इंतजाम किए गए थे। नोटिस मिलते ही एयरपोर्ट प्रबंधन ने नोटम (नोटिस टू एयरमैन) जारी कराने के लिए आवेदन किया, जिसे मुख्यालय ने मंजूरी भी दे दी है।



नियमों के अनुसार रनवे या उसके आसपास किसी भी तरह का काम शुरू करने से पहले नोटम जारी करना जरूरी होता है, ताकि देश-दुनिया के पायलटों को इसकी जानकारी मिल सके। लेकिन यहां पहले काम शुरू कर दिया गया और बाद में प्रक्रिया पूरी की गई।

मामला टर्मिनल के सामने रनवे के पास केबलिंग और डक्टिंग कार्य से जुड़ा है। इस दौरान खोदा गया गड्ढा कई दिनों तक खुला छोड़ा गया, जबकि नियमों के तहत ऐसे गड्ढों को तुरंत भरना जरूरी होता है।

### इस तरह के कार्य नियमित रूप से होते रहते हैं

प्रबंधन का कहना था कि ऑपरेशनल एरिया में इस तरह के कार्य नियमित रूप से होते रहते हैं और गड्ढा रनवे से कुछ मीटर दूरी पर था, जिसे काम पूरा होने के बाद भरा जाना था।



फिलहाल, नोटिस के बाद प्रबंधन ने मौके पर संकेतक और लाइट्स लगाने का काम शुरू कर दिया है। हालांकि इस पूरे मामले पर एयरपोर्ट प्रबंधन की ओर से आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है।

# लक्ष्मीबाई नगर अनाज मंडी की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निदेर्शानुसार इंदौर जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी का कार्य तेज गति से जारी है। जिला प्रशासन द्वारा किसानों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही कलेक्टर शिवम वर्मा ने बुधवार दोपहर लक्ष्मीबाई नगर अनाज मंडी पहुंचकर समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन की व्यवस्थाओं का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मंडी में चल रही खरीदी प्रक्रिया, तौल व्यवस्था एवं अन्य व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया। कलेक्टर श्री रोशन राय सहित अन्य संबंधित अधिकारी भी मौजूद थे।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री वर्मा ने मंडी में आए किसानों से सीधे संवाद कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। किसानों ने उपार्जन व्यवस्था को लेकर संतुष्टि व्यक्त की और बताया कि तौल एवं भुगतान की प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित हो रही है। कलेक्टर श्री वर्मा ने किसान विश्राम गृह का भी निरीक्षण किया तथा वहां उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। साथ ही उन्होंने केंटीन में किसानों के साथ बैठकर भोजन भी किया और व्यवस्थाओं की गुणवत्ता पर चर्चा की।

## न्यूज कालम



### लोक अदालत के वाहन को न्यायाधीश ने हरि झंडी दिखाकर किया रवाना

**सनावद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण न्यायालय मंडलेश्वर के आदेश अनुसार एवं तहसील विधिक सेवा समिति न्यायालय सनावद के निदेर्शानुसार नैशनल लोक अदालत के प्रचार प्रसार के लिए वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया किया गया न्यायाधीश महोदय असलम दहलवी साहब एवं योगेश चालीसा साहब द्वारा कहा की नेशनल लोक अदालत वाहन को सम्पूर्ण नगर ग्रामीण क्षेत्र में जाकर विस्तृत प्रचार प्रसार किया जाए ताकि लोगो को नेशनल लोक अदालत के बारे में मालूम हो आमजन को न्यायाधीश ने कहा लोक अदालत में छोटे मोटे लड़ाई झगड़े पति पत्नी विवाद प्री लिटिगेशन मामले चेक बाउंस के मामले जल कर संपत्ति कर नगर पालिका के मामलों में छूट दी जाती हे आप सब लाभ लेवे सम्माननीय अधिवक्ता गण कहा कि लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों में राजीनामे करे लोक अदालत को सफल बनाए अभिभाषक संघ अध्यक्ष महोदय द्वारा गणेश मालवीय ने कहा की राजीनामा योग्य प्रकरणों में राजिनामे कराने हेतु अधिक से अधिक प्रयास किया जाएगा।

### जनाक्रोश रैली निकालकर 8 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा



**करही।** नगर में नाबालिग सोहन जाधव उम्र 15 वर्ष की हत्या के बाद सकल हिन्दू समाज में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। मंगलवार को सकल हिन्दू समाज द्वारा जनाक्रोश रैली निकालकर मुख्यमंत्री एवं अनुविभागीय अधिकारी के नाम ८ सूत्रीय मांगों का ज्ञापन एसडीएम पूर्वा मंडलोई को सौंपा गया। रैली में विधायक राजकुमार मेव सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, बंजारा समाज के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में नगर व आसपास के ग्रामीण शामिल हुए। इस दौरान च्छ्त्यारे को फांसी दोज्ज और अपराधियों का घर जमींदोज करो जैसे नारे लगाए गए।गौरतलब है कि कुछ दिन पहले मात्र 150 रुपए के लेन-देन को लेकर हुए विवाद में रामदड़ निवासी नाबालिग सोहन जाधव की शानू खान द्वारा कथित रूप से बेरहमी से पिटाई की गई थी, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए एफआईआर दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, लेकिन इसके बावजूद समाज में रोष बना हुआ है। मंगलवार को दोपहर ३ बजे समाज के लोगों ने करही बाजार बंद करवाया। इसके बाद शाम ४ बजे अटल चौक पर एकत्र होकर सोहन जाधव के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।

### भूकंप पूर्व तैयारी एवं आपदा जोखिम पर दिया गया पांच दिवसीय प्रशिक्षण

**बड़वानी।** कलेक्टर श्रीमति जयति सिंह द्वारा दिये गये निदेर्शों के पालन में बुधवार को गौतम मेरिज हॉल में भूकंप पूर्व तैयारी एवं आपदा जोखिम न्यूनिकरण कार्यक्रम के तहत पांच दिवसीय ध्वस्त ढांचा खोज व बचाव कार्य प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया। जिसमे प्रथम दिन सभी पंजीकृत उपस्थित प्रतिभागियों को भूकंप आपदा के बारे में जिला सेनानी शरद राय द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई स इस दौरान पर मुकेश मीणा सहित एसडीआरएफ के जवान तथा प्रशिक्षु उपस्थित रहे।

### म.प्र. अजाक्स के नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष लश्करी का स्वागत

**रतलाम।** म.प्र. अजाक्स के नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर लश्करी का मंगलवार को जिला चिकित्सालय में विभिन्न कर्मचारी यूनियनों के पदाधिकारियों ने स्वागत कर हर्ष व्यक्त किया।इस अवसर पर तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष शरद शुक्ला, स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष रवि गुर्जर, सचिव दुष्यंत पुरोहित, नर्सिंग एसोसिएशन की संभागीय अध्यक्ष श्रीमती मीना पाटिल, जिला अध्यक्ष श्रीमती बबीता ठाकुर, वरिष्ठ मेट्रन श्रीमती उर्मिला मसीह, श्रीमती कुसुम सिंह, हंसा मालवीय, जीनत स्टीफन, श्रीमती लुइजा एनसलेम, रानी खान, श्रीमती दीप नीलिमा धुलिया, कुमारी मनीषा गरवाल, श्रीमती अंजू कैथवास, श्रीमती सुनीता चौधरी, जिला खाद्य अधिकारी कमलेश जमरा, डॉ. गौरव बोरीवाल, डॉ. शिरीष मेहरा, शैलेंद्र सिंह भिड़े, रमेश कटारिया, अनुज बोदलिया, भरत लिंबोदिया, सौरभ देवड़ा, प्रकाश खपेड़, विवेक अहीरवाल, उमेश वर्मा, सुनील वर्मा, सुरपाल चारेल आदि उपस्थित थे।

### ट्रेन से गिरकर घायल हुए व्यक्ति को त्वरित सहायता से पहुँचाया अस्पताल

**खंडवा।** खंडवा जिले के थाना हरसूद क्षेत्र में डायल-112 जवानों की तत्पर एवं संवेदनशील कार्रवाई से ट्रेन से गिरकर घायल हुए एक व्यक्ति को समय पर अस्पताल पहुँचाकर उपचार उपलब्ध कराया गया। इस त्वरित कार्रवाई से पीड़ित को शीघ्र चिकित्सकीय सहायता मिल सकी। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112, भोपाल को सूचना प्राप्त हुई कि थाना हरसूद क्षेत्र अंतर्गत चारखेड़ा खुर्द रेलवे स्टेशन पर एक व्यक्ति ट्रेन से गिरकर घायल हो गया है। तत्काल पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना प्राप्त होते ही हरसूद थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112 एफआरव्ही वाहन को घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। मौके पर पहुँचकर डायल-112 स्टाफ प्रधान आरक्षक श्री वीर सिंह एवं पायलट श्री रोहित ने पाया कि एक व्यक्ति ट्रेन से गिरने के कारण घायल हो गया था।डायल-112 जवानों ने घायल व्यक्ति को तत्काल एफआरव्ही वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, हरसूद पहुँचाया। डायल-112 की त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई से पीड़ित व्यक्ति को समय पर उपचार उपलब्ध हो सका। डायल-112 हीरोज श्रृंखला के अंतर्गत यह घटना दर्शाती है कि मध्यप्रदेश पुलिस की डायल-112 सेवा आपात परिस्थितियों में आमजन की सहायता हेतु सदैव सजग, संवेदनशील एवं प्रतिबद्ध है।

## बुरहानपुर में भीषण गर्मी के बीच बिजली कंपनी की अनूठी पहल:

# ट्रांसफार्मरों पर लगाए कूलर, दो नई ग्रिड से मिल रही बिजली

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर



शहर में बढ़ती गर्मी के मद्देनजर पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने उपभोक्ताओं को निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए नई पहल की है। कंपनी ने अपने बिजली ट्रांसफार्मरों को ठंडा रखने के लिए उन पर कूलर लगाए हैं।

अप्रैल माह में ही बुरहानपुर का अधिकतम तापमान ४३ डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम २७ डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। इस अत्यधिक गर्मी के कारण पहले ट्रांसफार्मरों का तापमान बढ़ जाता था, जिससे लाइन ट्रिप होने या ट्रांसफार्मर बंद होने की समस्या आती थी और बिजली आपूर्ति बाधित होती थी।पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के शहर अभियंता रंजीत कुमार ने बताया कि केंद्र सरकार की योजना के तहत बुरहानपुर शहर में दो नई ग्रिड का निर्माण हुआ है, जिससे निरंतर बिजली आपूर्ति सुनिश्चित हो रही है। उन्होंने बताया कि अत्यधिक तापमान के कारण पावर ट्रांसफार्मरों का तापमान काफी बढ़ जाता है। इसे नियंत्रित करने और ट्रांसफार्मरों को ठंडा रखने के लिए प्रत्येक ट्रांसफार्मर पर कूलर लगाए गए हैं।

रंजीत कुमार के अनुसार, उपभोक्ताओं को गर्मी के दिनों में किसी भी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए निरंतर रखरखाव का काम भी चल रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कूलर न लगाने पर ट्रांसफार्मर का तापमान बढ़ने से ट्रिप होने की समस्या बनी रहती, जिससे बिजली आपूर्ति बाधित होती।

इस पहल से ट्रांसफार्मरों का तापमान नियंत्रित रह रहा है, जिससे हजारों उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली मिल रही है। उपभोक्ता अपने घरों में कूलर और एसी का उपयोग कर पा रहे हैं।

# श्री विकास पटेल को मिलेगा 25 हजार रुपये का नकद पुरस्कार

**बड़वानी ।**सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को गोल्डन ऑवर (दुर्घटना के तुरंत बाद का महत्वपूर्ण समय) में अस्पताल पहुँचाकर उनकी जान बचाने वाले सजग नागरिकों को प्रोत्साहित करने के लिए भारत सरकार की राह-वीर योजना-2025 के तहत राहवीर को प्रोत्साहन स्वरूप अवार्ड एवं प्रशस्ति पत्र दिए जाने का प्रावधान है। इसी कड़ी में, परिवहन आयुक्त कार्यालय मध्यप्रदेश द्वारा बड़वानी के राह-वीर ग्राम फत्यापुर निवासी श्री विकास पिता राकेश पटेल को 25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। 8 नवंबर 2025 को ग्राम मण्डवाड़ा में एक सड़क दुर्घटना हुई थी, जिसमें ग्राम साकड़ निवासी श्री विक्रम पिता भुवानसिंह डावर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। मौके से गुजर रहे श्री विकास पिता राकेश पटेल ने अपने निजी वाहन से घायल व्यक्ति को गोल्डन आवर में सिविल अस्पताल अंजड़ा में उपचार हेतु पहुंचाया। उनकी इस समयबद्ध मदद के कारण घायल व्यक्ति को समय पर ईलाज मिला एवं उसके कारण उसकी जान बच गई। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी बड़वानी श्रीमती जयति सिंह के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय अप्रेजल कमेटी द्वारा श्री विकास पटेल के नाम का प्रस्ताव राज्य सड़क सुरक्षा समिति (लीड एजेंसी) को भेजा गया था।

# 31 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 'आरोह 2026' का आयोजन किया जाएगा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर



मध्य प्रदेश शासन के खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा 1 से 31 मई 2026 तक 31 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 'आरोह 2026' का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर जिले के १२ खेल प्रशिक्षण केंद्रों पर छात्र-छात्राओं के लिए जिला और विकासखंड स्तर पर होगा।

इस आयोजन को लेकर मंगलवार को पुलिस कंट्रोल रूम में सीएसपी और जिला खेल युवक कल्याण अधिकारी गौरव पाटिल ने एक समीक्षा बैठक की। बैठक में बुरहानपुर और खकनार विकासखंड की विभिन्न खेल संस्थाओं, खेलकूद विकास समिति, हनुमान व्यायामशाला, जिला वॉलीबॉल संघ, जिला कबड्डी संघ, जिला एथलेटिक्स संघ, जिला कराटे संघ, बुरहानपुर क्रिकेट एसोसिएशन, लोकमान्य तिलक अकादमी, रामलाल व्यायामशाला, वल्लभ अकादमी और नर्मदा कुलम अकादमी के सदस्य व पदाधिकारी मौजूद रहे। यह शिविर खिलाड़ियों और नई युवा प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। इसमें फिट इंडिया मूवमेंट, व्यक्तित्व विकास, संस्कृति, मनोरंजन, खेल गतिविधियां, फैमिली इंगेजमेंट और सामाजिक जागरूकता जैसे पहलुओं को शामिल किया गया है।

जिला मुख्यालय पर कबड्डी, वॉलीबॉल, एथलेटिक्स, खो-खो, फुटबॉल, शतरंज, बास्केटबॉल, कुश्ती, योगा, कैरम, बैडमिंटन और ताइक्वांडो सहित 12 खेलों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। वहीं, विकासखंड मुख्यालयों पर एथलेटिक्स, वॉलीबॉल, योगा और बैडमिंटन सहित चार खेलों का प्रशिक्षण प्रतिदिन सुबह 6 बजे से 8 बजे तक प्रदान किया जाएगा।

शिविर में महिलाओं की आत्मरक्षा के लिए कराटे और ताइक्वांडो जैसे खेलों का विशेष प्रशिक्षण भी शामिल है। प्रशिक्षणार्थियों की आयु 6 से 18 वर्ष के बीच होनी चाहिए। शिविर में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ियों को ऑनलाइन पंजीकरण कराना होगा, जिसके लिए शासन स्तर पर न्यूनतम ११ रुपए का शुल्क निर्धारित किया गया है।

# महाकाल मंदिर के अन्न क्षेत्र में अब ऑनलाइन दान : भोग लगा सकेंगे

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन

श्री महाकालेश्वर मंदिर में श्रद्धालुओं के लिए नई सुविधा शुरू होने जा रही है। मंदिर के अन्न क्षेत्र में दान अब ऑनलाइन किया जा रहा है। दान देने वाले भक्तों को भोग आरती में भगवान महाकाल को भोग लगाने का अवसर मिलेगा। यह व्यवस्था संभवतः अगले सोमवार से शुरू हो सकती है। मंदिर समिति की सहायक प्रशासक सिम्मी यादव के मुताबिक, अन्न क्षेत्र पूरी तरह दान से संचालित होता है। यहां रोजाना दो शिफ्ट में करीब 9 हजार श्रद्धालु भोजन प्रसादी ग्रहण करते हैं। अधिक से अधिक भक्तों को जोड़ने के लिए दान प्रक्रिया ऑनलाइन की जा रही है।

दोनों समय की भोजन प्रसादी के लिए 1 लाख 10 हजार रुपए, एक समय के लिए 51 हजार रुपए और मीठे प्रसाद के लिए 21 हजार रुपए दान निर्धारित है। भगवान महाकालेश्वर को रोजाना सुबह 10 बजे भोग अर्पित किया जाता है। इस दौरान भोग आरती भी की जाती है। भगवान महाकालेश्वर को रोजाना सुबह 10 बजे भोग अर्पित किया जाता है। इस दौरान भोग आरती भी की जाती है।

अब तक यह सुविधा ऑफलाइन थी, जिसमें श्रद्धालुओं को अन्न क्षेत्र पहुंचकर दान करना पड़ता था। नई व्यवस्था में भक्त साल के 365 दिन किसी भी तारीख के लिए पहले से बुकिंग कर सकेंगे। जन्मदिन, मैरिज एनिवर्सरी या अन्य शुभ अवसरों पर भी भोजन प्रसादी का आयोजन कराया जा सकेगा।

दानदाताओं के लिए विशेष व्यवस्था की जा रही है। इसके तहत दान करने वाले श्रद्धालुओं को भोग आरती के दौरान मंदिर ले जाया जाएगा और उनके हाथों से भगवान महाकाल को भोग अर्पित कराया जाएगा। मंदिर समिति का मानना है कि इस पहल से अधिक श्रद्धालु अन्न क्षेत्र सेवा से जुड़ेंगे और भक्तों को नया आध्यात्मिक अनुभव मिलेगा।

# उज्जैन में बारदाना संकट पर किसानों का फूटा गुस्सा:उज्जैन-नागदा रोड पर किया चक्काजाम,

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन

उज्जैन जिले में बुधवार को गेहूं खरीदी केंद्रों पर बारदाने की कमी से नाराज किसानों ने नागदा-उन्हेल मार्ग पर चक्का जाम कर दिया। करीब एक घंटे तक चले इस प्रदर्शन के कारण सड़क पर लंबा जाम लग गया और उज्जैन से नागदा व इंदौर जाने वाले वाहन फंस गए। हालांकि एसडीएम की समझाइश के बाद किसानों ने जाम खोल दिया।

सोडंग के पास बोरखेड़ा भल्ला सोसाइटी के देपन खरीदी केंद्र पर आक्रोशित किसानों ने नारेबाजी करते हुए अपनी ट्रैक्टर-ट्रॉलियां सड़क के बीच खड़ी कर दीं। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने किसानों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वे अधिकारियों को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़े रहे।सोडंग, चक्रावदा, रामगढ़ सहित आसपास के गांवों के किसानों ने आरोप लगाया कि पिछले तीन दिनों से बारदाना खत्म हो चुका है, लेकिन सोसाइटी द्वारा कोई व्यवस्था नहीं की गई। पांच में से केवल दो तोल कांटे ही चालू हैं, जिससे भीषण गर्मी में किसानों को दो-दो दिन तक लाइन में इंतजार करना पड़ रहा है।

किसान अशोक जाट ने बताया कि बारदान की कमी के चलते ट्रॉलियां वापस की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को पहले ही सूचना दी गई थी, लेकिन १२ घंटे बीतने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ। स्थिति यह है कि तीन कांटे बंद करने पड़े हैं। वहीं महिदपुर और देवास रोड के खरीदी केंद्रों पर भी इसी तरह बारदान की कमी बनी हुई है। करीब 20 ट्रॉली गेहूं को खराब बताकर वापस लौटाया जा रहा है।

प्रदर्शन की सूचना पर एसडीएम राजाराम करजरे मौके पर पहुंचे और किसानों से चर्चा की। उन्होंने आश्वासन दिया कि एक घंटे के भीतर बारदाने की व्यवस्था कर दी जाएगी।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव करेंगे उपार्जन केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रदेश में उपार्जन केंद्र पर चल रही गेहूँ उपार्जन की प्रक्रिया का आने वाले दिनों में आकस्मिक निरीक्षण करेंगे और किसानों से संवाद कर व्यवस्थाओं की जानकारी लेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव यह भी देखेंगे कि निदेर्शानुसार शासन-प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली सभी सुविधाएं किसानो को प्राप्त हो रही है या नहीं। उल्लेखनीय है कि उपार्जन केन्द्र पर किसानों की सुविधा के लिए पीने का पानी, बैठने के लिए छायादार स्थान, जन सुविधाएं आदि की व्यवस्थाएं की गई हैं। किसानों को समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय में किसी प्रकार की परेशानी न हो एवं उपज विक्रय के लिए इंतजार न करना पड़े इसके लिये किसानों को जिले के किसी भी उपार्जन केन्द्र पर उपज विक्रय करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। किसानों को गेहूँ की तौल के लिये इंतजार नहीं करना पड़े इस हेतु उपार्जन केन्द्रों में तौल कांटों की संख्या बढ़ाकर 6 कर दी गई है और अधिक तौल कांटे बढ़ाने की सुविधा अब जिलो को दी गई है । गेहूँ के लिये एफएक्यू मापदंड में शिथिलता प्रदान की गई है। चमक विहीन गेहूँ की सीमा 50 प्रतिशत तक की गई है। सूकड़े दाने की सीमा ६ प्रतिशत से बढ़ाकर 10 प्रतिशत तक की गई है। क्षतिग्रत दानों की सीमा बढ़ाकर 6 प्रतिशत तक की गई है। इसके साथ ही किसानों के उपज की तौल समय पर हो सके इसके लिये बारदाने, तौल कांटे, हम्माल तुलावटी, सिलाई मशीन, कम्प्यूंटर, नेट कनेक्शन, कूपन,गुणवत्ता परीक्षण उपकरण आदि का निरीक्षण किया।

# गलत जानकारी देकर पंजीयन कराने वालों पर होंगी कार्यवाही

**खंडवा।** श्रम विभाग द्वारा "दुकान एवं अन्य वाणिज्यिक संस्थान अधिनियम, 1958" के अंतर्गत ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा देने के लिए न्यूनतम जानकारी एवं कम से कम दस्तावेजों के आधार पर श्रम सेवा पोर्टल के माध्यम से त्वरित पंजीयन एवं प्रमाण-पत्र जारी करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। जिला श्रम पदाधिकारी श्री अनिल मलगया ने बताया कि श्रम विभाग द्वारा प्राप्त आवेदनों के परीक्षण के दौरान यह पाया गया है कि कुछ आवेदक गलत जानकारी प्रस्तुत कर बैंक ऋण अथवा अन्य लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से पंजीयन करा रहे हैं। इस संबंध में श्रम अधिकारी ने स्पष्ट किया है कि प्रत्येक आवेदन का सत्यापन समग्र आईडी के आधार पर अनिवार्य रूप से किया जाता है। उन्होंने सभी संबंधित आवेदकों और संस्थानों से कहा है कि यदि किसी भी प्रकार की वैधानिक कार्यवाही से बचने हेतु कोई गलत जानकारी के आधार पर पंजीयन कराया हो, तो उसे स्वेच्छा से निरस्त करवा लें। पंजीयन निरस्तीकरण की सुविधा श्रम सेवा पोर्टल पर ऑनलाइन उपलब्ध है। जिला श्रम पदाधिकारी ने बताया कि जिन संस्थानों में 10 या अधिक श्रमिक कार्यरत हैं, वे अपना ईएसआईसी पंजीयन नंबर पोर्टल पर अनिवार्य रूप से दर्ज करें। जिन संस्थानों में 20 या अधिक श्रमिक कार्यरत हैं, वे अपना ईएसआईसी एवं ईपीएफओ पंजीयन नंबर अनिवार्य रूप से दर्ज करे।

# जीवन में अज्ञानता सत्संग से ही दूर होती है, इसलिए सत्संग जरूरी है : भानपुरा पीठाधीश्वर शंकराचार्य जी

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

आवरण हटने पर ही सिद्धांत से दृष्टांत सरल हो जाता है और समझने में आ जाता है । अपने अन्तर्मन को पहले धो लो और फिर रंग लो। अपने मन को प्रभु के मन में डुबो कर धो लो और शास्त्रों के प्रभाव से उसे विभूषित कर लो। तो जीवन आनंददायक हो जाएगा। अतिथि का मान पहले अपना बाद में यही सेवा है। सेवा का नाम ही भक्ति है। माया के रूप अनेक होते है। माया जब हट जाती है तो जीव को ब्रह्म का साक्षात्कार हो जाता है।

राम ही ब्रह्म है। जैसे सूर्य के उदय होने पर अंधेरा नहीं होता लेकिन कभी-कभी कोहरा या बादल हो जाने से सूर्य दर्शन नहीं होते तब ऐसा वातावरण बनाओ का कोहरा एवं बादल हट जाए। ब्रह्म का ज्ञान प्राप्त करने के लिए युक्ति करो, प्रयास करो, पूरे मन से जतन करने से ब्रह्म की प्राप्ति होती है। अंदर की मलिनता, अज्ञानता सत्संग से ही दूर होती है इसलिए जीवन में सत्संग जरूरी है। सेवा में इतने समर्पित हो जाओगी कि वह ब्रह्म तत्व आपके निकट हो जाएगा । भक्ति कहती है कि सबकी सेवा करो और ज्ञान कहता है सबका त्याग करो। भक्ति से और से ज्ञान से दोनो से ब्रह्म की निकटता आती है। ध्यान करने के लिए घर नहीं छोड ?ा बल्कि घर की आसक्ति छोडना है। इसलिए गुरू के बिना ध्यान नहीं होता और गुरू के बिना ज्ञान नहीं मिलता।

उक्त वक्तव्य अखिल भारतीय रामायण मेला के विश्रांति दिवस पर भानपुरा पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी ज्ञानानंद जी तीर्थ ने अपने मुखारविंद से जनसमुदाय को सम्बोधित करते हुए कहें। त्रिवेणी मेला ग्राउण्ड के पास स्थित शिवालय कॉलोनी में चल रहे अखिल भारतीय रामायण मेले में स्वामी देवस्वरूपानंद जी अखंड ज्ञान आश्रम ने भी भक्तजनों को सम्बोधित किया।

# पेंशन प्रकरणों के निराकरण के लिये दल गठित

**खंडवा ।** विभिन्न विभागों के सेवानिवृत अधिकारी कर्मचारियों की जन्मतिथि के मान्यता प्रस्तावों की जांच के लिए कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता ने जांच दल गठित किया है। उन्होंने बताया कि लंबित पेंशन प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के लिए यह दल गठित किया गया है। इस दल में जिला पेंशन अधिकारी सुश्री पुष्पा भिड़े तथा सहायक ग्रेड-2 वित्त शाखा कलेक्ट्रेट श्री सुनील जैन को शामिल किया गया है। यह दल जिला पेंशन कार्यालय खंडवा में विभिन्न विभागों के सेवानिवृत अधिकारी कर्मचारियों के सेवा अभिलेखों के आधार पर संबंधित सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारी की जन्मतिथि के मान्यता प्रस्तावों की जांच कर अपने अभिमत सहित प्रकरण आगामी कार्यवाही के लिए कलेक्टर जिला खंडवा को प्रस्तुत करेगा।

# पुलिस अधीक्षक के कुशल नेतृत्व में एक और नवाचार कार्यशाला का सफल आयोजन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी



आज दिनांक 29 अप्रैल बुधवार न्यू पुलिस कंट्रोल रूम बड़वानी में पुलिस अधीक्षक श्री पद्म विलोचन शुक्ल के निर्देशन में बड़वानी पुलिस द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग को प्रभावी बनाने एवं विद्यार्थियों को सकारात्मक दिशा देने हेतु *कैरियर काउंसलिंग सेशन 2026 कार्यशाला का सफल आयोजन* पुलिस अधीक्षक द्वारा कैरियर काउंसलिंग की अभिनव पहल के अंतर्गत जिले के 16 थानों से करीब 150 से अधिक छात्र-छात्राओं को न्यू पुलिस कंट्रोल रूम बड़वानी में कैरियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया जिसमें प्रखर मोटिवेशनल स्पीकर श्री प्रतीक श्रीवास्तव द्वारा विद्यार्थियों को कॉम्पिटेटिव परीक्षा हेतु मार्गदर्शन दिया गया

श्री प्रतीक श्रीवास्तव ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सच्चा मोटिवेशन भीतर से आता है, और इसके उत्कृष्ट उदाहरण हमारे इतिहास एवं संस्कृति में विद्यमान हैं। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण का उदाहरण देते हुए बताया कि किस प्रकार उन्होंने अर्जुन को युद्ध के समय निराशा से उबारकर कर्तव्य पथ पर अग्रसर किया और विजय दिलाई।

इसी क्रम में उन्होंने स्वामी विवेकानंद का उल्लेख करते हुए कहा कि शिकागो धर्म संसद 1893 में दिए गए उनके भाषण ने पूरे विश्व को प्रभावित किया और उन्हें महान प्रेरक वक्ता के रूप में स्थापित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को समझाया कि यदि जीवन में लक्ष्य प्राप्त करना है तो धैर्य और निरंतर प्रयास अत्यंत आवश्यक हैं। आज के समय में ज्ञान का वास्तविक विकास कम हो रहा है, जबकि केवल प्रतिशत (अंकों) की दौड़ बढ़ती जा रही है, जो चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी में जिज्ञासा और सीखने की उत्सुकता होना बेहद जरूरी है, क्योंकि यही गुण उन्हें आगे बढ़ने में सहायक बनाते हैं।

श्री श्रीवास्तव ने यह भी कहा कि विद्यार्थियों के जीवन में शिक्षकों की प्रेरणा की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने चाणक्य और चंद्रगुप्त मौर्य का उदाहरण देते हुए बताया कि एक आदर्श गुरु-शिष्य संबंध किस प्रकार सफलता की नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकता है। अपने संबोधन के अंत में उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति समर्पित रहने, निरंतर प्रयास करने और जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

कोठारी इंस्टीट्यूट इंदौर के डॉ. मधुलिका शुक्ल ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में अपने लक्ष्य को प्राप्त करना है तो शिक्षकों से प्राप्त मार्गदर्शन और प्रेरणा अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। यदि शिक्षक शिक्षा को पूजा के भाव से प्रदान करें, तो विद्यार्थी निश्चित रूप से सफलता प्राप्त कर सकते हैं।

उन्होंने सुंदर पिचाई का उदाहरण देते हुए विद्यार्थियों को समय का सदुपयोग करने की सलाह दी, ताकि वे अपने लक्ष्य को बिना कठिनाई के हासिल कर सकें।

डॉ. शुक्ल ने यह भी कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में लक्ष्य प्राप्ति के लिए शिक्षक की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे अपने शिक्षकों से प्रेरणा लेकर समर्पण और अनुशासन के साथ अपने उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयास करें।

## न्यूज -कॉलम

### बड़नगर पुलिस ने खोजे 2 लाख कीमत के 10 मोबाइल



**उज्जैन।** मोबाइल गुम होने पर खोज निकालने के लिये चलाये जा रहे अभियान में बड़नगर थाना पुलिस द्वारा 2 लाख कीमत के 10 मोबाइल खोज निकालने में सफलता प्राप्त की है। बुधवार को शिकायत दर्ज कराने वाले मोबाइल धारकों को पुलिस ने थाने बुलाया और सभी को उनके मोबाइल वापस लौटाये। महिनों बाद गुम मोबाइल मिलने पर उनके चेहरे खिल उठे। मोबाइल धारकों का कहना था कि उन्हे उम्मीद नहीं थी पुलिस उनके मोबाइल वापस ले आयेगी। गुम होने के बाद से लगातार नम्बर बंद आ रहे थे, जिसके चलते वापस मिलने की उम्मीद भी छोड़ दी थी, लेकिन पुलिस ने मोबाइल वापस लौटाकर बहुत अच्छा काम किया है। एसडीओपी महेन्द्रसिंह परमार ने बताया कि लगातार मोबाइल गुम होने की शिकायत मिलने पर थाना प्रभारी अशोक पाटीदार द्वारा आरक्षक सूर्य कुमार, मनोहर मोहरी, नितेश रायकवार की टीम बनाई गई थी। वहीं एसआई सोभागसिंह और एएसआई गोवर्धनदास बैरागी को शामिल किया गया था। सभी ने सायबर टीम की मदद से गुम मोबाइल की लोकेशन ट्रेस कर उन लोगों का पता लगाया कि जिन्हे मोबाइल मिले थे। सभी से पूछताछ और जांच में पता चला कि उनके परिवार के बुजुर्गो और बच्चों को मोबाइल मिले थे। पुलिस ने सभी से मोबाइल वापस लिये और बताया कि गुम मोबाइल मिलने पर संबंधित थाना पुलिस को सूचना दी जाये, ताकि कानूनी कार्रवाई से बचा जा सके। थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि मोबाइल खोज निकालने के लिये सीईआईआर पोर्टल प्रयोग किया गया था। गुम मोबाइल की शिकायत दर्ज कराने वालों में बडनगर तहसील के ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के साथ झालावाड, बिसाहेडा और शाजापुर के व्यक्ति शामिल थे।

### भाई से बोला शराब पी रहा हूं, पटरियों पर मिली लाश

**उज्जैन।** मूलरूप से सोयतकलां आगर मालवा का रहने वाला विष्णु पिता रामलाल 35 साल पंवासा में किराये का मकान लेकर रहता था और पेंटरी का काम करता था। मंगलवार सुबह घर से निकला था उसके बाद वापस नहीं लौटा था। रात 10.30 से 11 बजे के बीच स्टेशन मास्टर की सूचना पर जीआरपी-आरपीएफ की टीम मक्सीरोड केसरबाग कालोनी के पीछे रेलवे ट्रेक पर पहुंची। जहां एक युवक मृत अवस्था में पडा था। घटनास्थल पंवासा थाना क्षेत्र का होने पर सूचना दी गई। इस दौरान सामने आया कि उक्त मृतक ट्रेन आने पर सामने आ गया था, जिससे टकराकर उसकी मौत हो गई है। ट्रेन ड्रायवर ने स्टेशन मास्टर को सूचना दी थी। पंवासा पुलिस ने पटरियों पर मिली लाश को पोस्टमार्टम कक्ष पहुंचाया और पहचान के प्रयास शुरू किये। रात में ही उसकी पहचान विष्णु के रूप में हो गई। प्रधान आरक्षक अनिल पाल ने बताया कि परिजनों से पूछताछ करने पर भाई ने बताया कि घर नहीं लौटा था और मोबाइल पर बात करने के दौरान उसने पटरियों के किनारे बैठकर शराब पीने की बात कहीं थी। विष्णु 2 बच्चों का पिता था। उसने ऐसा क्यों किया इसकी वजह पता नहीं है। प्रधान आरक्षक पाल के अनुसार पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया है। जांच के बाद ही मामला स्पष्ट हो पायेगा। प्रथमदृष्टता मामला आत्महत्या का होना सामने आया है।

### दुर्घटना में 2 घायलों की निजी अस्पताल में मौत

**उज्जैन।** बडनगर के ग्राम पिपलू में रहने वाला राधेश्याम पिता सीताराम 60 साल कुछ दिन पहले सडक दुर्घटना में घायल हो गया था। उसे परिजनों ने उपचार के लिये नीलगंगा थाना क्षेत्र के निजी अस्पताल में भर्ती किया था। इसी प्रकार ग्राम पाडलिया महिदुपर का रहने वाला करण पिता श्यामलाल चौहान 22 साल को भी सडक दुर्घटना में घायल होने पर परिजनों ने नानाखेडा थाना क्षेत्र के निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। बुधवार दोपहर दोनों की उपचार के दौरान मौत हो गई। दोनों का पोस्टमार्टम कराकर पुलिस ने शव परिजनों को सौंपे। नानाखेडा थाना पुलिस ने बताया कि मृतक करण की मर्ग डायरी झारडा थाना पुलिस को सौंपी जायेगी। नीलगंगा थाना पुलिस ने राधेश्याम की मर्ग डायरी बडनगर थाना पुलिस को जांच के लिये भेजने की बात कहीं है।

### महिला ने पिया फिनाइल, मां अस्पताल लेकर पहुंची

**उज्जैन।** नीलगंगा थाना क्षेत्र के शांतिनगर में रहने वाली 26 वर्षीय हर्षिता पति अभिषेक भालेराव ने बुधवार शाम फिनाइल पी लिया। मां ज्योति ने बेटी की हालत बिगडती देखी तो चरक अस्पताल लेकर पहुंची। जहां डॉक्टरों ने उपचार के लिये भर्ती किया। मां का कहना था कि बेटी उनके घर के सामने सुदर्शननगर में किराये रहने आई थी। हर्षिता ने फिनाइल क्यों पिया है, इसका पता नीलगंगा थाना पुलिस द्वारा बयान दर्ज कर लगाया जायेगा। ड्युटी कम्पाउंडर द्वारा पुलिस को सूचना दी गई है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 890-7 | 348-5 |
| मेन बाजार | 168-5 | 112-4 |
| कल्याण नाइट | 460-0 | 450-9 |
| मिलन डे | 889-5 | 466-6 |
| मिलन नाइट | 289-9 | 247-3 |
| मधुर डे | 256-3 | 566-7 |
| मधुर नाइट | 112-4 | 390-2 |
| शुभांक | 1 2 | 9 |

### बदमाश बोले छिंगू के चेले है, पुलिस बहुत मारती है

# आग लगाकर दहशत फैलाने वालो का निकाला जुलूस

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन



ढांचा भवन में हवाई फायर कर दहशत फैलाने और मकान में आग लगाने वाले बदमाशों में शामिल 3 बदमाश बुधवार को पुलिस हिरासत में आ गये। तीनों को घटनाक्रम की तस्दीक के लिये पुलिस क्षेत्र में लेकर पहुंची। जहां से कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया।

चिमनगंज थाना क्षेत्र के ढांचा भवन में 18 दिन पहले छिंगू बुंदेला गैंग के 13 से अधिक बदमाशों ने हवाई फायर कर मकान में पेट्रोल डालकर आग लगा दी थी। सोशल मीडिया पर दहशतगर्दी का वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने मामले में मनोहर गुर्जर की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया था। वीडियो के आधार पर बदमाशों की पहचान की गई और उनकी गिरफ्तारी के प्रयास शुरू किये थे। 18 दिन बाद बुधवार को दहशतगर्दी में शामिल 3 बदमाशों राहुल पिता रामलाल सूर्यवंशी 30 साल निवासी गणेश टेकरी पटेलनगर, निखिल उर्फ निक्कू पिता पिता राकेश पंवार 22 साल और राहुल पिता बाबूलाल गोहर 20 साल निवासी भैरूनाला वाल्मिकी कालोनी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस तीनों को घटनाक्रम की तस्दीक कराने क्षेत्र में लेकर पहुंची। इस दौरान बदमाशों ने कहा कि अपराध करना पाप है। हम छिंगू गैंग के चेले है, छिंगू तुम भी आ जाओं, काला तुम भी आ जाओं। थाना प्रभारी विवेक कनोडिया ने बताया कि बदमाशों से घटना की तस्दीक के बाद न्यायालय में पेश किया गया था। जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। एसआई जयदीपसिंह राठौर ने बताया कि तीनों बदमाशों के हिरासत में आने पर राहुल गोहर से एक देशी पिस्टल और जिंदा कारतूस भी बरामद किया है।

### अब तक पांच बदमाशों की गिरफ्तारी

हवाई फायर और आगजनी के मामले में पुलिस द्वारा पिछले 18 दिनों में 5 बदमाशों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। जिसमें 2 नाबालिग शामिल है। 11 अप्रैल को हुई घटना के बाद वीडियो सामने आने पर 14 अप्रैल को सबसे पहले निजातपुरा में रहने वाले संतोष परमार की गिरफ्तारी की गई थी। जिसने पूछताछ में 13 साथियों के नाम बताये थे। जिनकी सरगर्मी से तलाश की जा रही थी। 25 अप्रैल को मामले में शामिल रितेश उर्फ राजा शर्मा और किशोर पटेल को गिरफ्तार कर 2 जिंदा कारतूत के साथ देशी कट्टा बरामद किया था। वहीं 2 दिन बाद आगजनी में शामिल 2 नाबालिग भी पुलिस की गिरफ्त में आ गये थे। ज्निहे बाल संप्रेक्षणगृह भेजा गया था।

### बुंदेला-गुर्जर गैंग में सालों पुरानी रंजीश

चिमनगंज थाना क्षेत्र में रहने वाले छिंगू उर्फ यशवेंद्र बुंदेला गैंग और रौनक गुर्जर गैंग में सालों पुरानी रंजीश चली आ रही है। दोनों वर्चस्व को लेकर पहले भी आमने-सामने हो चुके है। ढांचा भवन में रौनक गुर्जर के मकान में लगाई गई आग उसी रंजीश में होना सामने आया था। आगजनी को अंजाम देने के लिये पांच बाइक पर 13 बदमाश सवार होकर आये थे। जिसमें नाबालिग भी शामिल थे। मामले में अब भी 5 बदमाश फरार है, जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी है।

## हिरासत में आये कार के कांच फोड़ने वाले युवक

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन



मिशन कंपाउंड में खडी कार के आधी रात को कांच फोडने वाले 2 युवकों को फुटेज के आधार पर पुलिस ने बुधवार को हिरासत में ले लिया। युवकों में एक नाबालिग था। दोनों से नुकसान की भरपाई करवाई गई और वैधानिक कार्रवाई कर चेतावनी दी गई।

देवासरोड स्थित मिशन कंपाउंड में रहने वाले फार्मा कंपनी के सुपरवाईजर संदीप मीणा की कार के कांच सोमवार सुबह फूटे होना सामने आये थे। मामले में माधवनगर थाना पुलिस ने शिकायत मिलने पर अज्ञात युवकों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया था। कंपाउंड में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखने पर रात 1.57 पर बाइक से आते 2 युवक दिखाई दिये थे। दोनों ने अपनी बाइक दूर खडी की थी और पैदल आकर पत्थरों से चारों और के कांच फो? दिये थे और भाग निकले थे। फुटेज सामने आने पर थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया ने आरक्षक देवराज, अविनाश चौहान को दोनों युवकों की पहचान के लिये अलर्ट किया। आसपास के क्षेत्रों में युवकों का पता लगाने पर सामने आया कि दोनों बागपुरा क्षेत्र के रहने वाले है। एक आकाश उर्फ अक्की उर्फ बब्बू पिता राजू गोस्वामी 22 साल है। दूसरा उसका नाबालिग साथी है। बुधवार को दोनों पुलिस की हिरासत में आ गये। आकाश को पुलिस घटना की तस्दीक कराने के लिये मिशन कंपाउंड लेकर पहुंची। इस दौरान दोनों के परिजनों ने अपने बच्चों की गलती स्वीकार करते हुए नुकसान की भरपाई करने की बात कहीं। पुलिस ने दोनों से नुकसान की भरवाई करवाई और वैधानिक कार्रवाई कर चेतावनी देकर नोटिस तामिल कराकर रिहा किया। थाना प्रभारी के अनुसार कांच फोडने वाले दोनों युवकों का कुछ दिन पहले सुपरवाइजर के छोटे भाई से कहासुनी हुई थी। जिसके चलते दोनों ने रात में कांच फोडकर नुकसान किया था।

## सिंहस्थ में आपदाओं से निपटने का दिया गया प्रशिक्षण

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन



धार्मिक नगरी में सिंहस्थ का आयोजन 2028 में होगा। महाकुंभ में सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी है। 21 दिवसीय ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें बुधवार को आपदा और राहत बचाव का प्रशिक्षण दिया गया।

प्रदेश के पुलिस मुखिया कैलाश मकवाना ने 22 अप्रैल को पुलिस सामुदायिक भवन में ट्रेनिंग ऑफ टे:नर्स अभियान का शुभारंभ किया था। 21 दिवसीय अभियान का मकसद सिंहस्थ महाकुंभ की सुरक्षा-व्यवस्था को पुख्ता करना और ट्रेनिंग के दौरान ट्रेनर्स तैयार करना रखा गया। इसी अभियान में बुधवार को आपदा प्रबंधन, राहत बचाव और आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने का प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें होमगार्ड और एसडीआरएफ के साथ फायर सर्विसेज के अधिकारियों और जवानों को 2 सत्र में प्रशिक्षण दिया गया। पहले सत्र में अधिकारियों द्वारा प्रतिभागियों को सैद्धांतिक और तकनीकी प्रशिक्षण देकर सिंहस्थ मेले के दौरान उत्पन्न होने वाली संभावित आपदाओं, सुरक्षा प्रबंधन एवं कार्यप्रणाली पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया। द्वितीय सत्र में डिजास्टर मैनेजमेंट से संबंधित विभिन्न परिस्थितियों का प्रायोगिक प्रदर्शन किया गया। इस दौरान होमगार्ड, एसडीआरएफ और फायर सर्विसेज के दलों द्वारा राहत, बचाव कार्यों का लाइव डेमो प्रस्तुत किया गया। सिंहस्थ 2028 को ध्यान में रख चरणबद्ध प्रशिक्षण कार्यक्रम, समन्वय बैठक और मॉक ड्रिल आयोजित की जा रही हैं।

**In The Court Of IV Civil Judge Class-I, District Court, Ujjain**

Presiding Officer: **श्री अनुराग शर्मा**

**आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम**
**सक्सेशन प्रकरण क्रमांक (MJC SUC/0000024/2026)**
**श्रीमती सबीहा खान............आवेदक**
**विरूद्ध**
**डॉ. रुही खान.......... अनावेदक**

प्रेषिती-

Process Id-/2026
**पेशी दिनांक 14/05/2026**

(1) सर्वसाधारण पता- सर्व साधारण
(2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण क्रं. 1 श्रीमती सबीहा खान पति स्वर्गीय डॉ. असलम खान बबन, आयु-58 वर्ष, व्यवसाय-गृहिणी, क्र.2 असद खान बबन पिता स्वर्गीय डॉ. असल खान बबन, आयु-10 वर्ष, व्यवसाय-विद्यार्थी, अवयस्क द्वारा संरक्षिका माता श्रीमती सबीहा खान पति स्वर्गीय डॉ. असलम खान बबन, निवासीगण-46 इंदिरा कॉलोनी बैंक नोट प्रेस देवास म. प्र. की ओर से इस न्यायालय के समक्ष एक आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के अधीन आवेदकगण के पति व पिता डॉक्टर असलम खान बबन पिता स्वर्गीय डॉक्टर मोहम्मद अय्यूब खान बबन सुन्नी मुसलमान होकर उनका इंतकाल स्वर्गवास दिनांक 01/07/2016 को उज्जैन नगर में हो चुका है। आवेदिका क्रं. 1 का विवाह मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार मृतक डॉ. असलम खान बबन से दिनांक 28/02/2010 को शहर देवास में हुआ था। निकाह के बाद आवेदिका क्रं. 1 अपने पति डॉ. असलम के साथ उज्जैन आकर उनके निवास स्थान में निवास करने लगी एवं मृतक डॉ. असलम से आवेदिका क्र.1 को पुत्ररत्न की प्राप्ती हुई जो वर्तमान में आवेदिका के संरक्षण में निवास कर रहा है। मृतक डॉ. असलम की पहली पत्नि शकीला खान बबन का इंतकाल दिनांक 22/08/2009 को उज्जैन शहर में हो चुका है। उसके पश्चात आवेदिका क्रं. 1 से उक्त दिनांक को मृतक डॉ. असलम ने निकाह किया था। मृतक डॉ. असल खान बबन द्वारा अपनी मृत्यु के पूर्व अपने जीवनकाल में चल अचल सम्पित्तया स्वयं की आये से अर्जित कर उज्जैन शहर में निम्नांकित पते पर अनावेदक क्रं.4 प्रबंधक विक्रमादित्य नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित, शाखा वीडी मार्केट फाजलपुरा उज्जैन में मृतक के सेविंग खाता नंबर 5005145 में दिनांक 11/01/2016 तक 514250/- रुपये की राशि जिस पर आज दिनांक तक का ब्याज, अनावेदक क्रं.5 शाखा प्रबंधक बैंक ऑफ इंडिया, शाखा दशहरा मैदान उज्जैन म. प्र में मृतक के सेविंग खाता नंबर 910310100012473 में दिनांक 02/05/2016 तक 100701/- रुपये की राशि जिस पर आज दिनांक तक का ब्याज, मृतक डॉ. असल एवं उसकी पत्नी का एक संयुक्त खाता नंबर 910310110005933 जिसमें दिनांक 02/05/2016 तक 9496/- रुपये की राशि जिस पर आज दिनांक तक का ब्याज, अनावेदक क्रं. 6 शाखा प्रबंधक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा नई सडक उज्जैन में मृतक डॉ. असलम का सेविंग खाता नंबर 10171188844 में जमा राशि लगभग 500000/- रुपये एवं उस पर आज दिनांक तक का ब्याज एवं मृतक ने अपने नाम से लॉकर में रखे हुए सौना-चांदी, नगदी आदि एवं मृतक डॉ. असल के स्वयं के नाम से 75, क्षपणक मार्ग माधवनगर फ्रीगंज उज्जैन में स्थित जिसकी लम्बाई 60 फीट एवं चौडाई 20 फीट करीब है एवं एक अन्य मकान बेगमबाग कॉलोनी उज्जैन में रोड पर ही स्थित है, मृतक डॉ. असल खान बबन के नाम के आगर रोड पेट्रोल पम्प के पास एकता नगर आगर रोड उज्जैन में करीब 3 या 4 प्लाट है। आवेदिका क्रं. 1 मृतक की पूर्व पत्नी के बच्चो द्वारा दुर्व्यवहार करने से आवेदिका अपने मायके देवास से एक दो दिन में उज्जैन आना जाना करती है। आवेदकगण पता ने मृतक डॉक्टर असलम खान बबन पिता स्वर्गीय डॉक्टर मोहम्मद अय्यूब खान बबन निवासी उज्जैन की उपरोक्त बैंक खातो एवं लॉकर एवं उक्त प्लाट एवं मकान आदि राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 14 मई 2026 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 14 मई 2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 11अप्रैल 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

कृपया ध्यान दें- 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

**न्यायालय की मुद्रा**

**न्यायाधीश**
**अनुराग शर्मा**
**चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड उज्जैन**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि आकाश लश्करी पिता श्री मनोज लश्करी निवासी-5/8, कुशलपुरा, उज्जैन द्वारा मेरी पक्षकार फर्म "INDRANI BUILDERS" के द्वारा विकसित कॉलोनी आश्रय स्थित ग्राम पिपल्याराघो तहसील व जिला उज्जैन में भूखण्ड क्रमांक 3, 4 व 8 बुक करवाया था। उक्त भूखण्डों की मूल रसीद मेरी पक्षकार फर्म के द्वारा आकाश लश्करी पिता श्री मनोज लश्करी को प्रदान कर दी गयी थी। उक्त भूखण्डों की मूल रसीद आकाश लश्करी पिता श्री मनोज लश्करी से कहीं गुम हो गयी है जिसकी प्रथम सूचना रिपोर्ट भी आकाश लश्करी पिता श्री मनोज लश्करी के द्वारा दिनांक 31.12.2025 को थाना नानाखेडा, उज्जैन में दर्ज करवा दी गयी है। अब आकाश लश्करी पिता श्री मनोज लश्करी के द्वारा मेरी पक्षकार फर्म से उपरोक्त भूखण्डों की नवीन रसीद प्रदान करने की मांग की गयी है. उक्त भूखण्डो में कोई व्यक्ति अथवा संस्था अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त भूखण्डों की रसीद पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक, अथवा सरकारी, साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋ ण, भार, प्रभार या साहूकारी ऋ ण, भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग/व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधी व्यतीत होने के पश्चात मेरी पक्षकार फर्म द्वारा उपरोक्त भूखण्डो की नवीन रसीदे आकाश लश्करी पिता श्री मनोज लश्करी को सौंप दी जावेंगी व कोई आपत्ति मान्य नही होगी।

इति दिनांक-28.04.2026

**राजेन्द्र जैन पोरवाड़ एडवोकेट**
**कार्या. बी-9, भरतपुरी काम्पलेक्स, आरटीओ के पीछे, उज्जैन**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार पूनमचंद पिता श्री भेरूसिंह माली निवासी-73 वृंदावनपुरा महावीर मार्ग उज्जैन ने आनंदीलाल पिता नारायण माली निवासी वृंदावनपुरा उज्जैन, संतोष, केदार जशोदाबाई, कु. पलक, हर्ष, शुभम, कांतीलाल, लीलाबाई, पिंकी, तिलक, निवासीगण नागतलाई रणजीत हनुमान के पास गाँसा रोड उज्जैन, श्रीमती वर्षा पर्ति सूरज निवासी पिपलीबाजार जयसिंहपुरा उज्जैन से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि सर्वे क्रमांक 752 रकबा 0.115 हे., सर्वे क्रमांक 753 रकबा 0.356 हे., सर्वे क्रमांक 754 रकबा 0.052 हे.. सर्वे क्रमांक 755 रकबा 0.021 हे., सर्वे क्रमांक 756 रकबा 0.042 हे., कुल किता 05 कुल रकबा 0. 586 हेक्टेयर स्थित रणजीत हनुमान मंदिर के सामने कस्बा उज्जैन क्रय करने का लिखित अनुबंध कर रखा है और विक्रय मूल्य की संपूर्ण राशि विक्रेतागण को अदाकर दी है, किन्तु इनके मन में बदनियती आ जाने के कारण यह लोग मेरे पक्षकार के हित में विक्रय पत्र का संपादन नहीं कर रहे है, इस कारण मेरे पक्षकार ने एक वाद न्यायालय ग्यारहवे न्यायाधीश महोदय कनिष्ठ खण्ड उज्जैन के समक्ष प्रस्तुत किया है, जो प्रकरण क्रमांक 166/26 पर अंकित होकर विचाराधीन है। मेरे पक्षकार को ऐसी जानकारी मिली है कि उक्त आनंदीलाल आदि उपरोक्त जमीन को मेरे पक्षकारगण को विक्रय करने उपरांत तथा न्यायालयीन कार्यवाही लंबित रहने के दौरान अवैध रूप से विक्रय करने के प्रयास में है, जबकि इस भूमि का कब्जा मेरे पक्षकारगण के पास है। ऐसी स्थिति में कोई भी व्यक्ति उक्त आनंदीलाल आदि से उपरोक्त भूमि क्रय विक्रय का कोई व्यवहार नहीं करे, अन्यथा ऐसा कोई व्यवहार मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नहीं रहेगा और इसके लिये स्वंय खरीददार जिम्मेदार रहेगा। दिनांक 29/04/2026

**पंखुरी समदानी हाईकोर्ट, एडवोकेट**
**स्थित-92, गोंदा चौकी, गुरु मंदिर के पास, उज्जैन**
**फोन नंबर 0734-2551822**

### शादी से लौट रहे युवक की दुर्घटना में मौत

**उज्जैन।** दोस्त की शादी में गया युवक मंगलवार-बुधवार रात वापस लौट रहा था। इंदौररोड पर अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में युवक की मौके पर मौत हो गई। चिंतामण थाना क्षेत्र के ग्राम जवासिया में रहने वाला आकाश पिता मोहनलाल चौहान 25 साल मंगलवार को अपने दोस्त की शादी होने पर ग्राम बालोदा गया था। जहां से देर रात वापस लौटते समय पंथपिपलाई के पास उसकी बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। गंभीर घायल होने पर कुछ लोगों ने मदद करते हुए उसके पास मिले मोबाइल से परिजनों को सूचना दी। घायल आकाश को चरक अस्पताल पहुंचाया गया, जहां कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। नानाखेडा थाना पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर अज्ञात वाहन की तलाश शुरू की है। दुर्घटना का एक मामला मंगलवार-बुधवार रात घट्टिया तहसील के ग्राम ढाबाला गौरी में हुआ। तेलगति से दौडती कार ने बाइक सवार विजय चावडा 21 साल निवासी ग्राम कलेसर को टक्कर मार दी। विजय की मौके पर मौत हो गई। चालक कार छोडकर भाग निकला। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिये उज्जैन चरक अस्पताल पहुंचाया। बुधवार सुबह पोस्टमार्टम के समय परिजनों ने बताया कि विजय ड्रायवरी का काम करता था और रात में गुनाई से वापस गांव आ रहा था। 2 साल पहले शादी हुई थी पत्नी गर्भवती है। कार क्षतिग्रस्त हुई है। चालक मौके से भाग निकला।

### ब्रिज से युवक ने क्षिप्रा नदी में लगाई छलांग

**उज्जैन।** लालपुल के पास चिंतामण की ओर जाने वाले ब्रिज से बुधवार दोपहर एक युवक ने क्षिप्रा नदी में छलांग लगा दी। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शव बाहर निकाला। देर शाम युवक की पहचान कर ली गई। नीलगंगा थाना एएसआई जयप्रकाश शर्मा ने बताया कि दोपहर में जंतर-मंतर के आगे चिंतामण की ओर जाने वाले ब्रिज के नीचे निर्माण कार्य में लगे मजदूरों ने सूचना देकर बताया था कि ब्रिज से 30-32 वर्षीय युवक ने नदी में छलांग लगाई है। सूचना पर पुलिस पहुंची और युवक की तलाश के लिये मां क्षिप्रा तैराक दल के सदस्यों को बुलाया गया। करीब एक से डेढ़ घंटे की तलाश के बाद युवक का शव नदी से बाहर निकाल लिया गया। जिसकी पहचान नहीं होने पर बॉडी चरक अस्पताल के पोस्टमार्टम कक्ष पहुंचाई गई। मृतक की पहचान के प्रयास शाम तक जारी थी। वहीं मामले में थाना प्रभारी तरूण कुरील ने बताया जानकारी सामने आई है कि मृतक बडनगर के सनावदा का रहने वाला है। उसके परिजनों को सूचना देने का प्रयास किया जा रहा है। परिजनों के आने पर ही मृतक की पहचान स्पष्ट हो पायेगी और उसके ब्रिज से कूदने का कारण सामने आ पायेगा। प्रथमदृष्टता मामला आत्महत्या का होना सामने आया है।

### नरवाई की आग में जले जामफल के बगीचे

**उज्जैन।** प्रतिबंध के बाद भी किसानों द्वारा नरवाई जलाई जा रही है। नरवाई की आग में 2 भाईयों द्वारा लगाये गये जामफल के बगीचे जल गये। दोनों की शिकायत पर पुलिस ने नरवाई जलाने वालों पर प्रकरण दर्ज किया है। बडनगर के जय स्तंभ चौक में रहने वाले सय्यद इमनरा पिता मुबारिक अली और उसके भाई सय्यद सदीक अली का खेत झालरिया मार्ग कजलाना में है। जहां उन्होने जामफल के बगीचे लगा रखे है। सय्यद इमनरा अली के खेत की देखभाल इशाक करता है। 27 अप्रैल की दोपहर इशाक ने बताया कि पडोसी लक्ष्मीनारायण पाटीदार और रवि पाटीदार मौलाना वालों ने अपने खेत में गेहूं के खापे में आग लगाई, जो जामफल के बगीचे तक पहुंच गई और बगीचा जल गया है। दोनों भाईयों ने अपने खेत में लगे बगीचे में जामफल के 4500 पेड लगाये थे जो पूरी तरह से जल चुके थे। पहले सामने आया कि दोनों भाईयों में विवाद के चलते आगजनी हुई है। लेकिन दोनों को काफी नुकसान होने पर उन्होने मामले की शिकायत पुलिस को दर्ज कराई। पुलिस जांच में नरवाई जलाने पर बगीचे में आग लगना सामने आते ही पुलिस ने नरवाई जलाने वाले दोनों किसानों के खिलाफ बीएनएस की धारा 326 (एफ), 3 (5) का प्रकरण दर्ज कर लिया।

# भेद मिटे, तो एकत्व-भाव जगे



सामान्य दृष्टिकोण में यह संसार अनेकता से भरा हुआ दिखाई देता है- व्यक्ति अलग, वस्तुएं अलग, विचार अलग, लेकिन आध्यात्मिक दृष्टि से यह विविधता एक गहरे एकत्व की अभिव्यक्ति मात्र है। यही वह बिंदु है, जहां ब्रह्म का ज्ञाता साधारण व्यक्ति से भिन्न हो जाता है। सामान्य व्यक्ति पानी और बर्फ को अलग-अलग मानता है, जबकि समझदार व्यक्ति जानता है कि बर्फ, पानी का ही स्थूल रूप है। इसी प्रकार, साधारण बुद्धि व्यक्ति, वस्तु और उनके संबंधों में भेद देखती है, जैसे कुम्हार और घड़ा, धर्म और धार्मिक व्यक्ति, वहीं ब्रह्म का ज्ञाता इन सबमें एक ही चेतना का प्रवाह देखता है। उसके लिए यह संपूर्ण जगत उसी परम सत्ता का विस्तार है।

संसार और ब्रह्म अलग हैं या एक? यह प्रश्न सीमित दृष्टि का परिणाम है। जब चेतना व्यापक होती है, तो यह प्रश्न अपने आप समाप्त हो जाता है। ब्रह्म का ज्ञाता अनुभव करता है कि सब कुछ उसी का रूप है, वह स्वयं भी और यह जगत भी। जैसे, हमारे मन में लंदन की कल्पना और हमारा मन अलग नहीं होते, वैसे ही यह सारा विश्व ब्रह्म की ही मानसिक अभिव्यक्ति है। उपनिषदों में कहा गया है कि ब्रह्म का कोई तुल्य या तुलना नहीं है- न तस्य प्रतिमा अस्ति। तुलना तभी संभव है, जब दो वस्तुएं हों, ब्रह्म तो अद्वितीय है। वह शब्दों और विचारों की सीमा से परे है, फिर भी उसे अनुभव किया जा सकता है-बौद्धिक तर्क से नहीं, बल्कि आत्मिक अनुभूति से। जब एक नमक की गुड़िया समुद्र की गहराई मापने जाती है, तो वह स्वयं समुद्र में विलीन हो जाती है। ठीक वैसे ही, जब साधक ब्रह्म को जानने का प्रयास करता है, तो वह स्वयं उसी में लीन हो जाता है- ब्रह्मविद् ब्रह्मैव भवति, यानी ब्रह्म को जानने वाला स्वयं ब्रह्म हो जाता है। ब्रह्म का स्वरूप अत्यंत सूक्ष्म और असीम है। वह न तो आंखों से देखा जा सकता है, न ही इंद्रियों से पकड़ा जा सकता है। उसका कोई रूप, आकार या जन्म नहीं है। यदि उसे किसी रूप में बांध दिया जाए, तो उसकी अनंतता समाप्त हो जाएगी। इसलिए वह निराकार, निरुपम और अनादि है। फिर भी, वह सब कुछ देखता, सुनता और करता है, बिना किसी भौतिक अंग के। जैसे हम अपने मन में किसी वृक्ष की कल्पना करते हैं और उसका चित्र उभर आता है, वैसे ही ब्रह्म अपनी चेतना से समस्त सृष्टि का संचालन करता है। वह काल, स्थान और व्यक्ति की सीमाओं से परे एक शाश्वत सत्ता है। इस ब्रह्म को जानने वाला व्यक्ति मृत्यु और भय से परे हो जाता है। वह समझता है कि जो कुछ था, है और होगा-सब उसी में निहित है। यह ज्ञान उसे स्थायी शांति और आनंद की ओर ले जाता है। यही एकत्व का बोध है, जहां भेद समाप्त हो जाता है। केवल ब्रह्म शेष रहता है।



सम्पादकीय

## पानी के लिए मरते लोग

अफ्रीकी देश चाड में पानी के लिए दो समूहों के बीच हुई हिंसक लड़ाई में चालीस से अधिक लोगों की मौत दुखद तो है ही, दुनिया को आगाह करने वाली भी है। जैसे कि ब्योरे हैं, चाड के वादी फिरा प्रांत में एक जल-स्रोत पर कब्जे को लेकर शुरू हुई झड़प देखते-देखते हिंसक प्रतिशोध में बदल गई और लाशों का ढेर लगता गया। पहली नजर में यह लग सकता है कि चाड एक नाकाम मुल्क है, जहां व्यवस्था काम नहीं करती है। उसका समाज इस दौर में भी इंसानी जान की अहमियत नहीं समझ सका है, मगर बात इतनी ही नहीं है। अनाज व जल इंसान के अस्तित्व की दो मूल अनिवार्यताएं हैं और अनिवार्यता का कोई विकल्प नहीं होता। ठीक वैसे ही, जैसे सांस का कोई विकल्प नहीं है। इसलिए, इस घटना को बर्बर समाजों के मूढ़तापूर्ण कृत्य के रूप में देखना आसन्न विपत्ति से मुंह मोड़ना कहलाएगा। चाड में वैसे भी पानी का जबर्दस्त संकट है और वहां की लगभग आधी आबादी पेयजल के संकट से जूझती रही है। चूंकि पड़ोसी देश सूडान के गृहयुद्ध से त्रस्त लोग बड़ी संख्या में भागकर चाड पहुंचते रहे हैं, इसलिए उसके संसाधनों पर लगातार दबाव बढ़ रहा है।

आज से करीब तीन दशक पहले संयुक्त राष्ट्र के तत्कालीन महासचिव बुतरस बुतरस घाली ने कहा था कि तीसरा विश्व युद्ध पानी के लिए हो सकता है। तभी अगर दुनिया ने इसका समुचित संज्ञान लिया होता, तो मौजूदा महासचिव एंटोनियो गुटेरस को आज यह गुहार लगाने की नौबत नहीं आती कि स्वच्छ पेयजल के अभाव में हर साल चौदह लाख से अधिक लोग दुनिया भर में मौत के शिकार हो जाते हैं, इसलिए सरकारें जल संसाधन में निवेश करें। दरअसल, यह निवेश अपने देश के भविष्य में निवेश है। विश्व बैंक भी अपने एक अध्ययन के आधार पर यह दावा कर चुका है कि पानी की कमी और सूखे के कारण साल 2030 तक संसार भर में लगभग सात करोड़ लोगों पर विस्थापन का खतरा मंडरा रहा है। अगर ऐसा हुआ, तो यह आबादी जहां-जहां पहुंचेगी, क्या वहां के उपलब्ध जल-संसाधनों पर दबाव नहीं बनेगा? धरती पर मीठे जल का भंडार वैसे ही बहुत कम है, वह भी ज्यादातर ग्लेशियर की बर्फ के रूप में है। जलवायु परिवर्तन का असर अब वैज्ञानिक विमर्शों से निकलकर आम आदमी के एहसास का हिस्सा बन चुका है। मौसम चक्र में तेज बदलाव हर कोई महसूस कर रहा है। इसके बाद भी यदि गफलत का आलम बना रहा, तो चाड जैसी घटनाएं नाकाम मुल्कों तक महदूद नहीं रहेंगी।

### पूर्व सेनाध्यक्ष एमएम नरवणे ने राहुल गांधी की गलतबयानी पर स्पष्टीकरण

# राहुल गांधी के झूठ का सच आया सामने

गलतबयानी के आदी, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के झूठ का सच सामने आ गया है। उन्होंने फरवरी 2026 में पूर्व सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे की अप्रकाशित किताब फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी के एक अंश पर गलतबयानी करते हुए संसद में राष्ट्र की सुरक्षा से खिलवाड़ दिया था। जबकि राहुल को तो यह तक सही ज्ञान नहीं था कि जिस भूमि विवाद को लेकर उन्होंने संसद में बयान दिया था, वह डोकलाम नहीं गलवन घाटी में हुए चीन के साथ सैनिक टकराव का मामला था। दरअसल राहुल जताना चाहते थे कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस मुद्दे को लेकर चीन के आगे झुके हैं और चीन ने हमारी जमीन कब्जा ली है। यही नहीं इस मुद्दे के संदर्भ में राहुल यहां तक कह चुके थे कि चीनी सेना ने भारतीय सैनिकों को पीटा था। इस कथन को लेकर शीर्ष न्यायालय उन्हें फटकार भी लगाई थी। किंतु अब नरवणे ने एक बयान देकर स्पष्ट कर दिया कि उन्हें सुर्खियों में घसीटना उचित नहीं था। चीन के हाथ हमने एक इंच भी जमीन नहीं खोई है। चीनी सेना भारतीय भूमि पर अतिक्रमण करने में नाकाम रही थी। अब यह भी तय हो गया है कि नरवणे की यह संस्मरण की पुस्तक एक रुचिकर आख्यान से भरी है न कि कोई तथ्यात्मक अकादमिक खुलासे से ? इसके बाद भी वे दो अन्य पुस्तकें भी लिख चुके हैं।



प्रमोद भार्गव
(दैनिक अवन्तिका)

बजट सत्र के दौरान राष्ट्रपति के अभिभाशण पर लोकसभा में उस वक्त जोरदार हंगामा हो गया था, जब राहुल गांधी ने जनरल नरवणे की अप्रकाषित किताब का हवाला देते हुए भारत-चीन विवाद पर सतही बयान दिया। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और गृहमंत्री अमित शाह ने इस बयान का कड़ा विरोध करते हुए सदन को गुमराह करने का आरोप लगाया था। सिंह ने कहा था कि ह्यअप्रकाषित किताब या अप्रमाणित सामग्री का हवाला नहीं दिया जा सकता है। इस तरह के उदाहरण सदन में भ्रम फैलाते हैं। अमित षाह ने हस्तक्षेप करते हुए कहा था, राहुल किसी मैग्जीन की रिपोर्ट के आधार पर गलत तथ्य प्रस्तुत कर रहे हैं। दरअसल राहुल कहना चाहते थे कि मोदी सरकार ने चीनी सेना के भारत भूमि पर कब्जा करने के विरोध में पर्याप्त साहस नहीं दिखाया। जबकि हकीकत थी कि चीन को भारतीय सेना के कड़े रुख का सामना करना पड़ा था, फलस्वरूप चीन को बातचीत से समझौते के लिए मजबूर होना पड़ा था। इस कारण गलवन में ही नहीं लद्दाख के कुछ अन्य क्षेत्रों में भी यथास्थिति बहाल हो गई थी।

भारतीय सैनिकों की आक्रमकता के चलते चीन ने पैंगोंग झील के उत्तरी और दक्षिण छोर से न केवल अपनी सेना को वापिस हटा लिया था, बल्कि यह भी स्वीकारने को मजबूर हुआ था कि गलवन घाटी में भारत और चीन की सेनाओं के बीच हुई झड़प में उसके पांच सैनिक मारे गए हैं। हालांकि रूस की गुप्तचर संस्था व अन्य स्त्रोतों से जो जानकारी सामने आई थी, उसके अनुसार चीन के 45 से लेकर 70 सैनिक मारे गए थे। क्योंकि इन सैनिकों के शवों को ले जाने के लिए चीनी सेना ने कई वाहनों का इंतजाम किया था। इनके अंतिम संस्कार के वीडियो भी वायरल हुए थे। पीपुल्स लिबरेषन आर्मी के कमांडर समेत अन्य सैनिकों के मारे जाने की पुश्टि चीन सरकार के प्रमुख समाचार-पत्र ग्लोबल टाइम्स ने भी की थी। इन्हें चीन के केंद्रीय सैन्य आयोग ने वीरता पुरस्कारों से सम्मानित भी किया था। 15 जून 2020 को घटी इस घटना में भारतीय सेना के बिहार रेजिमेंट के कर्नल संतोश बाबू को षहीद होना पड़ा था। उन्हें भारत सरकार ने परमवीर चक्र से अलंकृत किया था। भारतीय सेना के इस ह्यस्नो लेपर्डह्य ऑपरेशन के चलते दोनों देशों के बीच देवसांग, हॉट स्प्रिंग्स और गोगरा क्षेत्र से सेनाओं को पीछे हटाए जाने की वरिष्ठ कमांडर स्तर पर बातचीत के बाद चीनी सेना वापस हुई थी।

भारतीय नेतृत्व की आक्रामकता और आत्मनिर्भरता की ठोस व निर्णायक रणनीति के चलते यह संभव हुआ था। चीनी आधिकारियों को घोशणा करनी पड़ी थी कि चीन अपनी सेना पीछे हटाने को राजी हो गया है। इसके अगले दिन रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने यही सूचना संसद में दोहराते हुए कहा था कि ह्यदोनों देषों की सेनाओं के पीछे हटने के समझौते के क्रम में भारत को एक इंच भी जमीन गंवानी नहीं पड़ी है। इस समझौते में तीन षर्ते तय हुई हैं। पहली, दोनों देशों द्वारा वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) का सम्मान किया जाएगा। दूसरा, कोई भी देश एलएसी की स्थिति को बदलने की इकतरफा कोशिश नहीं करेगा। तीसरा, दोनों देशों को संधि की सभी शर्तों को मानना बाध्यकारी होगा। यह समझौता बताता है कि आखिरकार प्रधानमंत्री मोदी और सिंह के कड़े तेवरों के चलते चीन की अकड़ कमजोर पड़ती चली गई थी। इस मामले में यह पहली बार संभव हुआ था कि चीन ने लिखित में सेना वापिसी की षर्तों को माना था। अब नरवणे ने भी कह दिया कि हमने एक इंच भी जमीन नहीं खोई है।

इस समय भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय ने पैंगोंग झील क्षेत्र से सैनिकों की वापसी को लेकर साफ किया था कि भारतीय भू-भाग फिंगर-4 तक ही नहीं, बल्कि भारत के मानचित्र के अनुसार यह भू-भाग फिंगर-8 तक है। पूर्वी लद्दाख में राष्ट्रीय हितों और भूमि की रक्षा इसलिए संभव हो पाई, क्योंकि सरकार ने सेना को खुली छूट दे दी थी। सेना ने बीस जवान राष्ट्र की बलिवेदी पर न्योछावर करके अपनी क्षमता और प्रतिबद्धता का भरोसा जता दिया था। षायद इसीलिए रक्षा मंत्रालय को कहना पड़ा था कि सैन्य बलों के बलिदान से हासिल हुई इस उपलब्धि पर जो लोग सवाल खड़े कर रहे हैं, वे इन सैनिकों का उपहास उड़ा रहे हैं। दरअसल भारत के मानचित्र में 43000 वर्ग किमी का वह भू-भाग भी षामिल है, जो 1962 से चीन के अवैध कब्जे में है। इसीलिए राजनाथ सिंह को संसद में कहना पड़ा था कि भारतीय नजरिए से एलएसी फिंगर आठ तक है, जिसमें चीन के कब्जे वाला इलाका भी षामिल है। पैंगोंग झील के उत्तरी किनारे के दोनों तरफ स्थाई पोस्ट स्थापित हैं। भारत की तरफ फिंगर-3 के करीब धानसिंह थापा पोस्ट है और चीन की तरफ फिंगर-8 के निकट पूर्व दिशा में भी स्थाई पोस्ट स्थापित है। समझौते के तहत दोनों पक्ष अग्रिम मोर्चों पर सेनाओं की जो तैनाती मई-2020 में हुई थी, उससे पीछे हटेंगे, लेकिन स्थाई पोस्टों पर तैनाती बरकरार रहेगी। याद रहे भारत और चीन के बीच संबंध तब गहरा गए थे, जब गलवन घाटी में दोनों देषों के सैनिकों के बीच बिना हथियारों के खूनी संघर्श छिड़ गया था। उस समय वैष्विक समुदाय यह सोचकर विवष था कि आखिरकार शक्तिशाली व अड़ियल चीन भारत के आगे नतमस्तक क्यों हुआ था। इसका सीधा सा उत्तर है भारत की चीन के विरुद्ध चौतरफा कूटनीतिक रणनीति व सत्ताधारी नेतृत्व की दृढ़ इच्छाषक्ति। नतीजतन भारत ने सैन्य मुकाबले में तो चीन को पछाड़ा ही आर्थिक मोर्चे पर भी पटकनी दे डाली।

## यादों की अर्थी

वह दोपहर किसी सड़ी हुई कढ़ी जैसी चिपचिपी थी। कार के भीतर का तापमान और मेरी पत्नी सुजाता के तेवर, दोनों ही चालीस डिग्री के पार थे। सामने डैशबोर्ड पर रखा मोबाइल फोन किसी देवता की तरह चमक रहा था, जिसमें एक निर्जीव स्त्री की आवाज हमें स्वर्ग का रास्ता दिखा रही थी। अगले सौ मीटर पर बाएं मुड़ें, उस आवाज में वह भरोसा था जो अक्सर धोखेबाज वकीलों की बातों में होता है। मैंने स्टीयरिंग घुमाया, पर सामने सड़क नहीं, एक गहरा नाला था जो शहर की सारी गंदगी समेटे इतिहास की तरह बह रहा था। सुजाता ने ठंडी आह भरी, मैंने कहा था न, वह दाहिने कह रही है, तुम हमेशा औरतों को गलत समझते हो। मैंने मोबाइल की स्क्रीन की तरफ देखा, वह नीली रेखा अब किसी घायल सांप की तरह छटपटा रही थी। मुझे लगा जैसे वह नक्शा नहीं, मेरा चरित्र प्रमाण पत्र है, जिसे एक उपग्रह अंतरिक्ष से बैठकर लिख रहा है।

री-रूटिंग... फोन से आवाज आई। यह शब्द सुनते ही सुजाता का चेहरा ऐसा हो गया जैसे मैंने उसकी शादी का गहना गिरवी रख दिया हो। देखो, यह मशीन भी मान रही है कि तुम भटक गए हो। इसे दोष मत दो, यह तो विज्ञान है। तुम्हारी बुद्धि ही पत्थर की हो गई है। गाड़ी अब एक ऐसी संकरी गली में थी जहाँ धूप भी घुसने से पहले दो बार सोचती होगी। बगल की दुकान पर बैठे एक बूढ़े ने हमें ऐसे देखा जैसे हम किसी दूसरे ग्रह से आए शरणार्थी हों। मैंने चीखकर कहा, यह बाएं बोल रही है, पर यहाँ तो दीवार है! सुजाता ने मोबाइल छीन लिया और उसे अपनी छाती से ऐसे लगा लिया जैसे वह उसका सर्वस्व हो। बेचारी को डराओ मत, वह सही कह रही है, तुमने ही इसे ठीक से पकड़ा नहीं होगा। देखो, वह रो रही है! वास्तव में, स्क्रीन पर पसीने की एक बूंद गिरी थी, जो सुजाता के विलाप का हिस्सा लग रही थी।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 30 अप्रैल 2026 गुरुवार
सूर्योदय - 05:58 सूर्यास्त 18:50
वैशाख मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 13:30 से 15:00 तक
तिथि - चतुर्दशी 21:13 उपरांत पूर्णिमा
नक्षत्र - चित्रा 02:17 उपरांत स्वाति
योग - वज्र 20:55 उपरांत सिद्धि
करण - गर
चन्द्रमा - कन्या में है। 13:13 पर तुला में प्रवेश करेगा।
मुस्लिम मास - जिल्काद मास 12 तारिख

**मेष-** आय बनी रहेगी। व्यापार ठीक चलेगा। नौकरी में सहकर्मी विरोध कर सकते हैं। भाइयों से कहासुनी हो सकती है।

**वृषभ-** जोखिम व जमानत के कार्य टालें, धैर्य रखें। चोट व दुर्घटना से हानि संभव है।

**मिथुन-** जल्दबाजी न करें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रह सकता है। विवाद को बढ़ावा न दें। बनते काम बिगड़ सकते हैं।

**कर्क-** व्यापार ठीक चलेगा। निवेश में जल्दबाजी न करें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। अनहोनी की आशंका रहेगी।

**सिंह-** पारिवारिक जीवन सुख-शांति से बीतेगा। प्रसन्नता रहेगी। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। वाणी पर संयम रखें।

**कन्या-** निवेश शुभ रहेगा। व्यापार में वृद्धि होगी। भाग्य का साथ मिलेगा। नए काम करने की इच्छा बनेगी। प्रसन्नता रहेगी।

**तुला-** सामाजिक कार्य करने का मन बनेगा। मेहनत का फल मिलेगा। मान-सम्मान मिलेगा। पारिवारिक सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक-** मनोरंजन का वक्त मिलेगा। जोखिम व जमानत के कार्य बिलकुल न करें। नौकरी में चैन रहेगा।

**धनु-** लाभ होगा। लाभ में कमी रह सकती है। नौकरी में कार्यभार रहेगा। आलस्य न करें।

**मकर-** कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। यात्रा में कोई चीज भूलें नहीं। फालतू खर्च होगा। नौकरी में चैन रहेगा।

**कुंभ-** स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। लापरवाही न करें। बनते काम बिगड़ सकते हैं। विवेक का प्रयोग करें।

**मीन-** व्यापार लाभदायक रहेगा। नौकरी में चैन रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। किसी वरिष्ठ व्यक्ति का सहयोग प्राप्त होगा।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा
(भरदीवाले) 9926034545

# चुनौतियों के बीच निखरा सितारा-ऋषि कपूर

**30 अप्रैल - पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि**

आखरी और अंतिम फिल्म 2020 में उनका किरदार बड़ा उमंग उत्साह उल्लास के साथ निभाया। स्वर्गीय ऋषि कपूर ने 3 वर्ष की उम्र में फिल्म श्री 420 में पहली बार कैमरा फेस किया था। शुरूआती 30 सालों में उन्होंने जितनी भी फिल्में की इनमें अपना पूरा जीवन बिंदास और बेबाक जिया। ऋषि कपूर अपनी बातें खुलकर रखते थे।वह राजनीति की हो या समाज की। इस वजह से वे अवसर विवादों में भी रहे, लेकिन वे सच कहने का साहस रखते थे। इसलिए वे कभी डरे नहीं। वे सच्चे मायने में प्रेम रोगी थे।



डॉ. बी.आर. नलवाया,
(दैनिक अवन्तिका)

ऋषि कपूर जब फिल्मों में आए थे, तब उन नायकों का जमाना था -- जो पर्दे पर गंभीर देखते थे, और युवावस्था की दहलीज को पार कर चुके थे। तब राजेंद्र कुमार, दिलीप कुमार, राजेश खन्ना, अमिताभ बच्चन का पुरजोर वर्चस्व बना हुआ था ।इनमें से किसी हीरो के चेहरे पर वो टीनऐज की मासूमियत नहीं दिखती थी। जो ऋषि कपूर के चेहरे पर दर्शकों ने फिल्म मेरा नाम जोकर में देखी या फिर बॉबी फिल्म में प्यार की मासूमियत को ऋषि कपूर और डिंपल कपाड़िया के चेहरे के मार्फत दर्शकों ने महसूस किया।

ऋषि कपूर ने 67 साल की जिंदगी में 63 साल पर्दे पर बिताए। अपने जीवन काल में उन्होंने 155 से ज्यादा फिल्में की। यह तय है कि 3 साल की उम्र से शुरू हुआ उनका यह सफर 67 की उम्र तक चला। उन्होंने बाल कलाकार, लीड एक्टर और चरित्र अभिनेता के बतौर काम किया। 1973 से 2000 के बीच 92 फिल्मों में वे लीड एक्टर बने। उनकी 36 फिल्में सुपरहिट रही। बतौर हीरो फिल्म बॉबी के लिए उन्हें 1974 में बेस्ट एक्टर अवार्ड मिला। सन 1980 में ऋषि कपूर की शादी एक्ट्रेस नीतू सिंह से हुई। दोनों ने 1973-1980 के बीच 12 फिल्में बनाई। इस जोड़ी को पर्दे पर खूब पसंद किया गया एवं दोनों की कई फिल्में हिट रही।

सन 2000 के बाद 45 से ज्यादा फिल्मों में वे चरित्र अभिनेता बने। लव, आजकल, अग्नीपथ, मुल्क जैसी फिल्में की। दो दूनी चार फिल्म के लिए उन्हें फिल्म फेयर अवार्ड का बेस्ट क्रिटिक एक्टर अवार्ड मिला। सन 2016 में कपूर एंड संस के लिए बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर एवं सन 2008 में उन्हें लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से नवाजा गया। उनकी आखरी और पूर्ण रूप से फिल्म बॉडी सन 2019 में आई थी। 2020 में ऋषि कपूर के निधन के बाद उनकी आखरी और अधूरी फिल्म शर्मा जी नमकीन को परेश रावल ने पूरा किया है। ऋषि कपूर का किरदार शर्मा जी नमकीन में बड़ी ऊर्जा, उमंग, उत्साह और आक्रोश में उन्होंने अपनी अदाएं इस फिल्म में दिखाई वहीं उनके योगदान में परेश रावल ने में वही किरदार निभाया। यह फिल्म उन लोगों के दर्द को बयां किया जिनका समय रिटायरमेंट के बाद कैसे बिकता है। एक दृश्य में ऋषि कपूर कहते हैं, क्या 58 साल के बाद दिमाग काम करना बंद कर देता है।

स्मरण रहे की ऋषि कपूर का जन्म मुंबई में 4 सितंबर 1952 को हुआ था। कोरोना महामारी के बीच बॉलीवुड पर लगातार दुखों का पहाड़ टूट पड़ा था। इरफान खान के निधन के अगले दिन गुरुवार 30 अप्रैल 2020 को अभिनेता ऋषि कपूर ने इस दुनिया को अलविदा कह दिया। अंतिम संस्कार में कुल 24 लोगों को मुंबई पुलिस ने इजाजत दी थी । इसमें आलिया भट्ट, और रणबीर कपूर सम्मिलित थे ,लेकिन लॉकडाउन की वजह से उनकी बेटी रिद्धिमा नहीं पहुंच पाई।

विचार

## मोबाइल गुम होने का दर्द कुछ अलग ही होता है

वर्तमान में मोबाइल का सभी के पास होना अनिवार्य हो गया` जीवन की आश्यकताओं में मोबाइल भी शामिल हो ही गया। पुराने समय में चिठ्ठी पत्री कबूतर,और धीरे धीरे डाक से भेजी जाने के बाद मोबाइल के चलन में आगे रफ़्तार पकड़ी सुबह-शाम मोबाइल हाथों में लेकर घूमना। मोबाइल से हानी की बात किसी से कहे तो वो आपकी बात को एक कान से सुनकर दूसरे कान से बात को निकाल देगा। शराब की बोतलों पर हानिकारक संदेश लिखा होता है। फिर भी लोग कहाँ मानते। मोबाइल से विकिरण और ज्यादा उपयोग और निदेर्शों के बावजूद लोग संग ही रखते है वो एक प्रकार से घर का सदस्य बन गया हो। जिसके पास मोबाइल है वो शख्स दूसरों के सामने उसकी खूबियों का बखान करने से नहीं चुकता`फैशन का भी हिस्सा बन गया` कई लोग है जो मोबाइल तो रखते मगर उसकोसही ढंग से चलना नहीं जानते` मोबाइल को चलाना के सीखने के गुरु होते है` जो लोग कही अटक जाते तो अपने उस्ताद के पास ले जाते उस्ताद, जो वो कुछ जानता वो उन्हें बता देता है। उस्ताद भी अटक जाते है वो अगल बगल झाँक कर अधिक जानकर की तलाश में जाते है`जब मोबाइल की चार्जिंग खत्म होती है तो मोबाइल धारक चिंता में मोड़ हो जाता है उसे लोग चिंतनीय मोड़ का नाम दे देते है`और जब चार्जर की जुगाड़ जम जाए` तो ऐसा महसूस होता है किसी ने गर्मी के दिनों में ठंडा पानी पिलाया हो या तप्ती धूप में पेड़ की छाया नसीब होगई हो।



संजय वर्मा
दैनिक अवन्तिका

## जय छिन्नमस्ता माता

ओम जय छिन्नमस्ता माता, जय जय छिन्नमस्ता माता.
तेरा नाम लेने से, तेरा ध्यान धरने से.
संकट चाहे कैसा भी हो, छिन्न- भिन्न हो जाता.
ओम जय छिन्नमस्ता माता, जय जय छिन्नमस्ता माता.
दस महाविद्या में तेरा छठा स्थान है.
महाशक्तिशाली है तू महिमा बडी महान है.
तेरी पूजा करने से,तेरा पाठ करने से.
संकट चाहे कैसा भी हो, छिन्न- भिन्न हो जाता.
ओम जय छिन्नमस्ता माता, जय जय छिन्नमस्ता माता.
स्वयं अपने हाथ से तूने अपना मस्तक काटा.
काम है अलौकिक तेरा बडी ही अद्भुत गाथा.
जाप तेरा करने से, आलाप तेरा करने से.
संकट चाहे कैसा भी हो, छिन्न- भिन्न हो जाता.
ओम जय छिन्नमस्ता माता, जय जय छिन्नमस्ता माता.
अपने लहू से प्यास बुझाई करके रक्तपान.
सहचरियों की भी रक्त पिला मिटाई तृष्णा.
दर्शन तेरे करने से,नमन तुझे करने से.
संकट चाहे कैसा भी हो, छिन्न- भिन्न हो जाता.
ओम जय छिन्नमस्ता माता, जय जय छिन्नमस्ता माता.
ऋण रिपु रोगहारी मुदमय मंगलकारी है.
अति विस्मयकारी है तू रक्त कमंडल धारी है.
रक्त पुष्प चढाने से, तेरी ज्योत जलाने से.
संकट चाहे कैसा भी हो, छिन्न- भिन्न हो जाता.
ओम जय छिन्नमस्ता माता, जय जय छिन्नमस्ता माता.

सूरज उज्जैनी

धर्म-आस्था

## केतु ग्रह: राक्षसी उत्पत्ति के बावजूद मोक्ष का कारक क्यों माना जाता है?

केतु का नाम सुनकर ही लोगों के मन में भय और नकारात्मकता वाला भाव आ जाता है। केतु भले ही एक राक्षस और छाया ग्रह है लेकिन केतु को मोक्ष का कारक भी माना गया है। केतु का ज्योतिष में एक गहरा महत्व है और यह लोगों की जिन्दगी पूरी तरह सकारात्मक रूप से बदलने की क्षमता रखता है।



ज्योतिष शास्त्र में कहा गया है कि जहाँ राहु भोग, मोह, और इच्छा का प्रतिनिधित्व करता है, वहीं केतु त्याग, वैराग्य और मोक्ष का। ज्योतिष शास्त्र में केतु को भले ही एक छाया ग्रह कहा गया है, लेकिन यह रहस्यमय, आध्यात्मिक और अप्रत्याशित परिणाम देने वाला होता है। केतु भले ही एक राक्षस है, लेकिन वह मोक्ष (मुक्ति) का कारक भी है। क्यों, चलिए इसे पौराणिक कथा और ज्योतिषीय दृष्टि से इसे समझते हैं...केतु का जन्म पौराणिक मान्यता के अनुसार, समुद्र मंथन के बाद जब देवताओं को अमृत पिलाया जा रहा था, तो स्वभार्नु नामक एक दैत्य ने छलपूर्वक देवताओं की पंक्ति में बैठकर अमृत पी लिया। भगवान विष्णु ने जब यह देखा, तो उन्होंने सुदर्शन चक्र से उसका सिर अलग कर दिया। सिर वाला भाग बन गया राहु और धड़ वाला भाग कहलाया केतु। इस प्रकार केतु की उत्पत्ति दैत्य योनि से हुई। इसलिए कहा जाता है कि वह ह्रराक्षस ग्रहह्व है।

केतु और मोक्ष का संबंधकेतु का राक्षस होना यहाँ नकारात्मक नहीं बल्कि भौतिकता और भ्रम का प्रतीक है। केतु की राक्षसी उत्पत्ति के बावजूद, उसमें दैवीय गुणों का भी समावेश है क्योंकि उसने अमृत का एक भाग पी लिया था। इसलिए उसमें भौतिकता (दैत्यत्व) और आध्यात्मिकता (अमृत) दोनों के तत्व हैं। केतु हमारे पिछले जन्मों के कर्मों का फल दिखाता है और उनसे सीखने का अवसर देता है। केतु जिस भाव में बैठता है, वहाँ से व्यक्ति को भौतिक सुखों से अलग कर देता है। केतु जीवन में कठिनाइयाँ देता है, लेकिन इन्हीं कठिनाइयों से आत्मा परिपक्व होती है। यह अलगाव और मुश्किल हालात ही वैराग्य और मोक्ष की पहली सीढ़ी है। इस तरह से केतु त्याग, विरक्ति, और आत्मज्ञान का प्रतीक बन गया। केतु सिखाता है कि सबकुछ अनुभव कर लेने के बाद आसक्ति से मुक्ति कैसे पाएँ। यह दिखाता है कि बाहरी दुनिया अस्थायी है, वास्तविक सुख भीतर है। वह आत्मा को भ्रम से सत्य की ओर ले जाता है। केतु यह भी सिखाता है कि सफलता या असफलता से भी व्यक्ति ऊपर उठ सकता है, अगर वह उसे आध्यात्मिक अनुभव के रूप में देखे। जब किसी व्यक्ति की जन्म कुंडली में केतु शुभ स्थिति में होता है, तो वह व्यक्ति भीतर से गहराई से वैराग्यवान बन जाता है, उसे जीवन की क्षण भंगुरता का बोध होता है और वह मोक्ष मार्ग की ओर अग्रसर होता है। इसलिए कहा गया है कि राहु भौतिक इच्छाओं का प्रतीक है, जबकि केतु उनसे मुक्ति का। राहु बाँधता है, केतु मुक्त करता है।

## इन्दौर मंडी भाव

इंदौर मंडी भाव चना कांटा 5550 से 5625 विशाल 5400 से 5450 महाराष्ट्र विशाल 5500 से 5525 मसूर 5900 से 5950 महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7600 महाराष्ट्र लाल 7700 से 7800 कर्नाटक 8000 से 8200 निमाड़ी नई तुअर 7000 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी 7700 से 8000 मूंग बेस्ट बोल्ड 8200 से 8400 एवरेज 6500 से 6700 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8500 से 9000 एवरेज 7000 से 8000 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7400 से 8500 काबुली रशियन 5300 से 5600 बिटकी 5000 से 5300 सरसों (मीडियम) 6600 से 6800 निमाड़ी 5700 से 6000 रायडा नया 5800 से 6000 पुराना -6200 से 6400 सोयाबीन 5500 से 5700 अलसी 6800 से 7000 तिल्ली 7000 से 8000 गेहूं मिल क्वालिटी 2350 से 2400 लोकवन 2600 से 2800 पूर्णा 2500 से 2550 मालवराज 2400 से 2450 मक्का 1800 से 1850 चना दाल 7100 से 7200 मीडियम 7300 से 7400 बेस्ट 7600 से 7800 तुअर दाल 7700 से 7900 मीडियम 8900 से 9100 बेस्ट 10100 से 10300 एक्स्ट्रा बेस्ट 11100 से 11200 ब्रांडेड 12300 मूंग दाल 9400 से 9500 बेस्ट 9900 से 10100 मूंग मोगर 9850 से 10050 बेस्ट 10150 से 10250 उड़द दाल 10100 से 10300 बेस्ट 10600 से 10800 उड़द मोगर 11100 से 11300 बेस्ट 11400 से 11700 मसूर दाल 7650 से 7750 बेस्ट 7850 से 7950 रुपए प्रति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1000 से 1200 ज्योति पुराना 900 से 1200 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 500 से 700 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1400 से 1500 पुराना 1000 से 1200 एवरेज 600 से 700 गोल्टा 600 से 700 गोल्टी 400 से 500 रुपए प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एवरेज 7000 से 8000 सुपर 8000 से 9000 एक्स्ट्रा सुपर 9000 से 10200 रुपए क्विंटल रही। नई देशी लहसुन एवरेज 4000 से 4500 सुपर 4500 से 5500 एक्स्ट्रा सुपर 5500 से 6500 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1200-3113 चना काबली- 3970-8975, चना बड़ा- 5001-5650, रायड़ा- 5730-6285, बटला- 3300-3650, सोयाबीन- 1622-6230, धनिया- 11301-13100 मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्र्ड- 1,51,400 रवा- 1,51,200 चांदी- टंच- 2,40,000 पाट- 2,39,000।


## उज्जैन किराना

### अशोक कुमार भगवानदास

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।


## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com

इंदौर के भागीरथपुरा की घटना की कही पुनरावृत्ति ना हो जाए -

## नपा द्वारा करीब आठ से दस दिन में पेयजल सप्लाई, उसमें भी गंदा और बदबूदार पानी

**ब्यावरा।** स्वच्छता में नंबर वन इंदौर शहर के भागीरथपुरा की हृदय विदारत घटना ने पूरे देश को झंझोर कर रख दिया था उसके बाद भी यदि ब्यावरा नगर पालिका परिषद सबक ना ले तो यह शहर का सबसे बड़ा दुर्भाग्य होगा, जिले के ब्यावरा शहर में पेयजल व्यवस्था पूर्णरूप से चरमरा गई है, शहर में लगभग आठ से दस दिन में पेयजल वितरण किया जा रहे, उसमें भी गंदा और बदबूदार पानी कहीं इंदौर की घटना की पुनरावृत्ति न कर दे, इसके पहले जिम्मेदारों को कुंभकर्णी नींद से बाहर आना होगा, शहर के राजगढ़ रोड स्थित अर्शी नर्सिंग होम के पीछे पंचशील कालोनी में नालो में से गन्दा व बदबूदार पानी आ रहा है, कॉलोनी वासियों ने इसकी शिकायत नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मचारियों से की तो उन्होंने कहा कि थोड़ी देर में साफ पानी आ जाएगा, उधर नगर में व्याप्त भारी जल संकट, गली मोहल्लो की गंदगी और टूटी फूटी सड़को एवं आवारा पशुओं की समस्याओं को लेकर महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष रचना भार्गव वापस पार्टी कार्यकताओं के साथ 18 वार्डों का भ्रमण कर वार्ड वासियों की जन समस्याओं को प्रशासन के समक्ष रखेंगी।

## सात्विक एवं कृष्णा का चयन 69 वीं राष्ट्रीय सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता के लिए हुआ




**खाचरोद।** प्राचार्य श्री मति येशा भंसाली ने बताया कि सात्विक ढोढरिया ने 69 वी राज्य स्तरीय सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता जो कि छतरपुर में आयोजित हुआ था उसमें में अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन कर अपना चयन 69 वी राष्ट्रीय सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता जो की खेल परिसर दिल्ली में आयोजित हुआ था जिसमे की सात्विक ढोढरिया ने मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व किया । छात्र की इस उपलब्धि पर संस्था संचालक ललित कांकरिया , वैभव बुपक्या , बालेश बुपक्या प्राचार्य येशा भंसाली उपप्राचार्य राजकुमार सेजवार खेल शिक्षक निमित शर्मा, एवं समस्त विद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

एसडीओ पी की उपस्थिति में सघन चेकिंग अभियान

## 18 विभिन्न वाहन चालकों से शमन शुल्क के रूप में 9700 की वसूली की



**महिदपुर रोड।** स्थानीय पुलिस ने महिदपुर पुलिस अधीक्षक जेंडर लिंग जेरेपा की उपस्थिति में सोमवार की शाम को नगर के नागदा तिराहे पर सघन निरीक्षण अभियान चला कर नागदा तिराहे से गुजरने वाली यात्री बसों मोटर सायकिल सवारों तथा अन्य वाहनों की सघन जांच कर बिना हेलमेट पहने दोपहिया वाहन चलाने ट्रकों स्कॉर्पियो तथा अन्य चौपहियां वाहनों का नियम विरुद्ध परिचालन करने वाहनों का बीमा ड्राइविंग लाइ सेंस व अन्य कमियां पाये जाने वाले वाहन मालिकों से वाहनों को रोककर उनकी जांच की गई 18 विभिन्न वाहनों के मालिकों से शमन शुल्क के रूप में ? 9700 की राशि अर्थदंड के रूप में वसूल की गई । नगर निरीक्षक राम सिंह भाभौर ने बताया नियमों के विरुद्ध वाहनों का परिचालन करने वाहनों के पूरे अभिलेख साथ नहीं रखने सहित अन्य कमियां पाये जाने वाहन मालिकों के चालान बना कर उनसे अर्थ दंड की वसूली की गई सघन निरीक्षण अभि?यान करीब 2 घंटे से अधिक समय से चला इस दौरान एक हूटर वाली स्कॉर्पियो गाड़ी का भी नियम विरुद्ध हूटर लगा पाये जाने पर चालन बनाया गया हालांकि कुछ वाहन चालकों ने एस डी ओ पी तथा नगर निरीक्षक से नेताओं से बात करने की भी कोशिश की जिस पर बात कराने की कोशिश करने वाले वाहन धारियों के तीन तीन चालान विभिन्न कमियों के का रण बने जाकर उनसे अर्थ दंड वसूला गया।

## राष्ट्रीय अवार्डों से सम्मानित सचिन चौधरी ने किया बालाजी जिम का किया शुभारंभ

**महिदपुर रोड।** नगर में शनिवार को विभिन्न समाज सम्मानों से सम्मानित बॉडी बिल्डर सचिन चौधरी के बालाजी जिम का शुभारंभ क्षेत्र के विधायक दिनेश जैन बोस ने प्रतिनिधियों की उपस्थिति में पूजा पाठ के धार्मिक आयोजन के उपरांत फीता काटकर शुभारंभ किया विधायक जैन ने कहा युवाओं को विभिन्न सेवाओं में जाने के लिये स्वस्थ चुस्त दुरुस्त रहना आवश्यक है हमें गर्व है कि नगर में एक राष्ट्रीय स्तर का युवा खिलाड़ी मौजूद है इस दौरान विभिन्न जनप्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में युवाओं ने जिम शुभारंभ के दौरान पहुंचकर आयोजन में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई सरपंच ऋतु पाटीदार पूर्व सरपंच कमल सिंह पंवार कांग्रेस मंडलम अध्यक्ष भरत शर्मा भाजपा मंडल अध्यक्ष गुरचरण सिंह चौहान गैस ए जेंसी संचालक अजीत जैन बजरंग दल के दशरथ राठौर के अलावा विभिन्न समाजों के युवा बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

**दैनिक अवन्तिका**

**अखबार की निम्न स्थानों पर एजेंसी बदलना है**

बेरछा, चौमा डाक बंगला, हाटपिपलिया, कालापीपल, खेड़ा खजूरिया, माचलपुर, खिलचीपुर, मड़ावदा, मेघनगर, माकड़ोन, नरसिंहगढ़, बुरहानपुर, पेटलावद, झाबुआ रानापुर, मनावर, सुवासरा, सोयतकलां में एजेंसी देना है।

सम्पर्क करें

दैनिक अवन्तिका कार्यालय
2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन
0734-4041777, मोबा. 9977755777

देवास में शातिर चोर गिरफ्तार, 18 साल में 65 वारदातें

# शोरूम से तिजोरी चोरी का खुलासा, 150 किमी दायरे में 400 सीसीटीवी खंगाले, 3 राज्यों के 13 जिलों में सक्रिय

दैनिक अवन्तिका ▶▶ देवास





पुलिस ने 17 अप्रैल को शोरूम से तिजोरी चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपी पिछले 18 सालों से तीन राज्यों के 13 जिलों में 65 से अधिक चोरियों को अंजाम दे चुका है। पुलिस ने उसके पास से नकदी और चोरी की बाइक भी बरामद की है।

बीएनपी थाना पुलिस ने ग्वालियर के नई बस्ती तिकोनिया क्षेत्र निवासी 44 वर्षीय सचिन गौहर को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने 17 अप्रैल को देवास के एक शोरूम का ताला तोड़कर तिजोरी चोरी की थी। मामले का खुलासा बुधवार को पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित प्रेस वार्ता में एसपी पुनीत गहलोत ने किया।

घटना के बाद पुलिस ने विशेष टीम गठित की और देवास से भोपाल तक करीब 150 किलोमीटर के दायरे में जांच की। टीम ने 400 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिनमें आरोपी कई जगह बाइक के साथ नजर आया। इसी आधार पर उसे ट्रेस कर गिरफ्तार किया गया।

जांच में सामने आया कि आरोपी वर्ष 2008 से चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहा है। वह मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और राजस्थान के 13 जिलों में सक्रिय रहा है और शोरूम व सूने मकानों को निशाना बनाता था।

पुलिस ने आरोपी के पास से 58 हजार रुपए नकद और करीब 1.70 लाख रुपए कीमत की बाइक बरामद की है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि बाइक उसने कुछ दिन पहले ग्वालियर से चोरी की थी और उसी का इस्तेमाल देवास में वारदात के लिए किया।

फिलहाल पुलिस आरोपी को रिमांड पर लेकर अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ कर रही है। अन्य राज्यों की पुलिस को भी सूचना दी गई है। एसपी ने कार्रवाई में शामिल टीम को पुरस्कृत करने की घोषणा की है।

### रात 3 से 6 बजे के बीच करता था वारदात

पुलिस के मुताबिक, आरोपी देर रात 3 बजे से सुबह 6 बजे के बीच कुछ ही मिनटों में ताले तोड़कर चोरी करता था और फिर फरार हो जाता था। 17 अप्रैल को ही आरोपी ने मक्सी रोड स्थित एक होम डेकोर दुकान को भी निशाना बनाया था, जहां वह हेलमेट पहनकर उउळश में कैद हुआ।



## मानसिक रूप से कमजोर युवती का सुरक्षित रेस्क्यू कर परिजनों को किया सुपुर्द

**राजगढ़।** जिले में महिलाओं से संबंधित अपराधों की रोकथाम हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। बोड़ा पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम मंडावर के पास बोडा-नरसिंहगढ़ रोड पर लगभग 20-22 वर्ष की एक युवती अकेली घूम रही है, जो सड़क पर आ जा रहे वाहनों से अनभिज्ञ होकर चल रही है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचकर युवती को सुरक्षित संरक्षण में लिया। पूछताछ करने पर युवती अपना नाम पता बताने में असमर्थ पाई गई, जिससे वह मानसिक रूप से कमजोर प्रतीत हुई। सुरक्षा की दृष्टि से महिला आरक्षक की सहायता से उसे थाना बोडा लाया गया। इसके पश्चात युवती की पहचान हेतु सोशल मीडिया एवं पुलिस ग्रुपों पर उसका फोटो प्रसारित किया गया। पुलिस की तत्परता का परिणाम यह रहा कि उक्त युवती के परिजन थाना बोडा पहुंच गए। पूछताछ में युवती के परिजनों द्वारा बताया गया कि वह पिछले 2-3 वर्षों से मानसिक रूप से अस्वस्थ है एवं उसका उपचार भोपाल में चल रहा है। आवश्यक सत्यापन उपरांत युवती को सुरक्षित रूप से उसके परिजनों को सुपुर्द किया गया।

महिदपुर में शुद्ध पेयजल के लिये नर्मदा या ग्रामीण पेयजल योजना से जोड़ा जावें

# जल प्रदूषण की समस्या के निराकरण हेतु उज्जैन की विशेषज्ञ टीम द्वारा निरीक्षण

दैनिक अवन्तिका ▶▶ महिदपुर



नगर पालिका परिषद महिदपुर में नागरिकों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने एवं जल प्रदूषण की समस्या के स्थायी समाधान हेतु आज दिनांक 28/04/2026 को इंजीनियरिंग कॉलेज उज्जैन के विशेषज्ञ दल द्वारा नगर का दौरा किया गया। निरीक्षण दल में डॉ. कंजन उपाध्याय, डॉ. सविता मारू, श्री सौरव यादव विशेषज्ञ दल द्वारा नगर पालिका परिषद महिदपुर के इंटेक वेल एवं फिल्टर प्लांट का भौतिक निरीक्षण किया गया। दल ने दोनों स्थानों की तकनीकी व्यवस्थाओं, जल शुद्धिकरण प्रक्रिया एवं रख-रखाव का सूक्ष्मता से अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान इंटेक वेल एवं फिल्टर प्लांट से जल के सैंपल जांच हेतु संग्रहित किए गए। इन सैंपलों की विस्तृत रासायनिक एवं बैक्टीरियोलॉजिकल जांच इंजीनियरिंग कॉलेज उज्जैन की प्रयोगशाला में की जाएगी। जांच रिपोर्ट के आधार पर जल प्रदूषण के वास्तविक कारणों का पता लगाया जाएगा तथा नगर पालिका परिषद को तकनीकी रूप से उपयुक्त समाधान सुझाए जाएंगे, जिससे महिदपुर के नागरिकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सके। मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजा यादव ने विशेषज्ञ दल को पूर्ण सहयोग प्रदान किया एवं आश्वस्त किया कि रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात सुझाए गए उपायों पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

नगर की पेयजल योजना क्षिप्रा नदी के पानी से संचालित होती है। क्षिप्रा नदी में खान नदी का पानी मिलता रहा है। गर्मी के पूर्व जब क्षिप्रा नदी में प्रवाह कम हो जाता है तो क्षिप्रा का पानी प्रदुषित होकर दुर्गन्ध वाला काला हो जाता है। उज्जैन में संक्रान्ति व शिवरात्रि पर पानी बदलने से क्षिप्रा प्रवाहमान रुप ले लेती है परंतु मार्च-अप्रेल में प्रवाह बंद हो जाता है तो प्रदुषण बढ़ जाता है इससे बचने के लिये स्थायी हल करना जरुरी है। महिदपुर जल यंत्रालय को नर्मदा के जल से जोड़ा जावे या ग्रामीण क्षेत्रों में वितरण किये जो रहे शुद्ध जल वितरण योजना का पानी फिल्टर तक लाया जावें। उपरोक्त योजनाओं का सर्वे कराकर शासन महिदपुर को शुद्ध जल वितरण के लिये कदम उठावें। अभी जो भी कार्य किये गये है वो अस्थायी निराकरण है। इससे महिदपुर की शुद्ध पेयजल व्यवस्था ठीक नहीं हो सकती। न.पा. शासन को इस संबंध में ठोस कदम उठाना चाहिये।



## सीहोर में हाईटेंशन लाइन से झुलसा बंदर

ग्रामीणों ने प्राथमिक उपचार देकर बचाई जान

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सीहोर

सीहोर के शुगर फैक्ट्री चौराहे पर भीषण गर्मी के बीच पानी की तलाश में भटक रहे एक बंदर को 33 केवी हाईटेंशन लाइन का करंट लग गया, जिससे वह अचेत हो गया, लेकिन मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने प्राथमिक उपचार देकर उसकी जान बचा ली और घटना का वीडियो वायरल हो गया।

### पानी की तलाश में रिहायशी इलाके में पहुंचा

बीती शाम शुगर फैक्ट्री चौराहे पर एक बंदर तेज गर्मी के कारण पानी की तलाश में भटकते हुए रिहायशी इलाके में पहुंच गया। इसी दौरान वह 33 केवी हाईटेंशन बिजली लाइन से टकरा गया। करंट लगते ही वह जमीन पर गिरकर अचेत हो गया और गंभीर रूप से झुलस गया। बंदर को इस हालत में देखकर आसपास मौजूद ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और बिना देर किए उसकी मदद में जुट गए।

### प्राथमिक उपचार से लौटी सांस

ग्रामीणों ने बंदर को जमीन पर लिटाकर प्राथमिक उपचार देना शुरू किया। कुछ ही समय में उसकी सांसें वापस लौट आईं और हालत में सुधार होने लगा। होश में आने के बाद ग्रामीणों ने बंदर को हल्दी वाला दूध पिलाया, जिससे उसे राहत मिली और वह धीरे-धीरे सामान्य होने लगा।

बुधनी में चलती ट्रैक्टर-ट्रॉली में लगी आग

## धान की पराली से भरी थी गाड़ी, ड्राइवर ने कूदकर बचाई जान



**सीहोर।** सीहोर के बुधनी स्थित देवगांव के पास नेशनल हाईवे पर एक चलती ट्रैक्टर-ट्रॉली में भीषण आग लग गई। ट्रॉली में धान की पराली भरी हुई थी, जो अज्ञात कारणों से धू-धू कर जलने लगी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और पूरी ट्रॉली जलकर खाक हो गई। आग का अहसास होते ही ड्राइवर ने चलती ट्रैक्टर-ट्रॉली से छलांग लगाकर अपनी जान बचाई। सूचना मिलने पर दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। इस घटना से हाईवे पर कुछ देर के लिए यातायात भी प्रभावित हुआ और राहगीरों में हड़कंप मच गया। बुधनी और आसपास के इलाकों में इन दिनों धान की कटाई के बाद पराली का परिवहन बड़े पैमाने पर हो रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि ट्रॉलियों में क्षमता से अधिक पराली भरी जा रही है, जिससे उनकी ऊंचाई काफी बढ़ जाती है। इस ओवरलोडिंग के कारण सड़कों के ऊपर से गुजरने वाले बिजली के तारों से घर्षण या शॉर्ट सर्किट का खतरा बना रहता है। साथ ही, पराली को तिरपाल से ढका नहीं जाता और न ही अग्नि सुरक्षा के कोई इंतजाम किए जाते हैं। स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि इन ओवरलोड ट्रॉलियों पर समय

# साईं मंदिर के पीछे गोवंश के अवशेष मिले, जाँच की माँग

आगर मालवा में बजरंग दल ने किया प्रदर्शन, सांकेतिक शव यात्रा निकाली

दैनिक अवन्तिका ▶▶ आगर मालवा

आगर मालवा में बुधवार को शहर के वार्ड क्रमांक 19 में साईं मंदिर के पीछे गोवंश के अवशेष मिले। इससे इलाके में तनाव का माहौल बन गया। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों में नाराजगी फैल गई और बड़ी संख्या में लोग विरोध के लिए सड़क पर उतर आए।

### प्रदर्शन और शव यात्रा निकाली

घटना के विरोध में बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकताओं ने गोवंश के अवशेषों की प्रतीकात्मक शव यात्रा निकाली। यह यात्रा अलग-अलग रास्तों से होती हुई छावनी नाका चौराहे तक पहुंची, जहां लोगों ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की।

### सख्त कार्रवाई की मांग

प्रदर्शन कर रहे लोगों ने मांग की कि मौके पर मिले सभी अवशेषों को इकट्ठा कर उनका सही तरीके से अंतिम संस्कार किया जाए। साथ ही, गोवंश की मौत का कारण पता करने के लिए पोस्टमार्टम कराने की भी मांग की गई। लोगों ने यह भी कहा कि अगर किसी ने जानबूझकर यह घटना की है, तो दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

नगर विकास की ओर एक और कदम:

# वार्ड 15 में 5.85 लाख की सीसी रोड का निर्माण शुरू

नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल ने किया सड़क निर्माण का शुभारंभ, क्षेत्रवासियों में हर्ष

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सारंगपुर

सारंगपुर नगर पालिका परिषद द्वारा शहर के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के क्रम में मंगलवार को वार्ड क्रमांक 15, आदर्श नगर कॉलोनी में नई सीसी रोड के निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया गया। करीब 5.85 लाख रुपये की लागत से बनने वाली इस सडक का निर्माण का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने पूजा-अर्चना कर कार्य का श्रीगणेश किया।



### विकास कार्यों में गुणवत्ता प्राथमिकता

इस दौरान नपा अध्यक्ष पंकज पालीवाल ने कहा कि शहर के हर वार्ड का समान विकास उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने ठेकेदार और संबंधित इंजीनियरों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए ताकि सड़क लंबे समय तक टिकाऊ रहे और कॉलोनी वासियों को कीचड व ऊबड-खाबड रास्तों से निजात मिल सके।

### जनप्रतिनिधि और नागरिक रहे मौजूद

इस अवसर पर मुख्य रूप से राकेश पुष्पद पार्षद एवं सक्रिय साथी वार्ड के गणमान्य नागरिक और स्थानीय निवासी उपस्थित रहे। स्थानीय नागरिकों ने सडक निर्माण शुरू होने पर खुशी जाहिर की और नगर पालिका अध्यक्ष व पार्षद का आभार व्यक्त किया। वार्ड वासियों का कहना है कि इस सीसी रोड के बनने से आवागमन सुगम होगा और कॉलोनी की स्वच्छता में भी सुधार आएगा।

आग लगने के बाद 500 मीटर दौड़ी बस

# बाइक सवार ने बताया तब चालक ने रोकी 40 यात्रियों की जान जोखिम में पड़ी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ देवास

देवास में नेवरी फाटा टोल के पास यात्री बस में भीषण आग लग गई। यात्री बस यूपी प्रयागराज से सूरत जा रही थी। नेवरी फाटा टोल टैक्स के पास अचानक बस से धुआं उठने लगा और डीजल टैंक के पास से आग लगने लगी, जिससे पीछे का हिस्सा जलने लगा। एक राहगीर ने बस चालक को आग लगने की सूचना दी। अंदर बैठे यात्रियों में हड़कंप मच गया, कुछ यात्री सो रहे थे।

करीब आधा किलोमीटर चलती बस में यात्री चिल्लाते रहे। चालक ने कुछ दूरी पर जाकर बस रोकी और बस छोड़कर फरार हो गया। उसी दौरान धुआं और आग की लपटों से बस घिर गई। कुछ लोगों ने किसी तरह गेट खोलकर बाहर निकलने की कोशिश की, जबकि कुछ लोग खिड़की से कूदे, जिससे उन्हें चोटें आईं। करीब 5-10 मिनट में यात्री किसी तरह बाहर निकले। इस दौरान कई लोग बस के अंदर गिर गए और अफरा-तफरी में एक-दूसरे को रौंदते हुए बाहर निकलना पड़ा। यात्रियों ने बताया कि चालक शराब के नशे में था और डीजल टैंक से लीकेज की जानकारी देने के बावजूद उसने ध्यान नहीं दिया, जिससे लापरवाही के कारण बस में भीषण आग लग गई। सूचना पर दमकल मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक यात्रियों का पूरा सामान और पूरी बस जलकर खाक हो चुकी थी।

यात्री पुष्पेंद्र खरे ने बताया कि वह भोपाल से इंदौर की ओर जा रहे थे, उनके साथ उनकी माता भी थीं। उन्होंने बताया कि चालक नशे में था और उन्हें पहले ही बताया गया था कि डीजल टैंक से लीकेज हो रहा है, लेकिन चालक ने ध्यान नहीं दिया। घटना के वक्त कई यात्री सो रहे थे, जिन्हें जगाकर बाहर निकाला गया। उन्होंने बताया कि महिलाओं और परिवार वालों को बाहर निकालने में मदद की, लेकिन जल्दबाजी में सभी का सामान बस में ही रह गया, क्योंकि जान बचाना ज्यादा जरूरी था। यात्री बदल अहीरवाल ने बताया कि वह भोपाल काम के लिए गए थे और लौट रहे थे। उन्होंने बताया कि बस में भगदड़ जैसे हालात बन गए थे। लोग उतरने की जल्दी में एक-दूसरे पर चढ़ गए, जिससे कई लोग घायल हो गए। उन्होंने बताया कि खिड़की का कांच फूट गया था, जिससे कूदकर उन्होंने अपनी जान बचाई और उनके पैर में चोट आई।

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि विशाल राठौर पिता भरतलाल राठौर निवासी सार्थक नगर, उज्जैन मेरा पुत्र है तथा उसके सामाजिक कार्य व व्यवहार तथा आचरण अच्छे नहीं होने के कारण अब वह मेरे साथ निवास नहीं करता है, विशाल राठौर अपने व्यक्तिगत कार्य एवं आर्थिक लेन देन स्वयं करता है तथा उसके द्वारा विभिन्न व्यक्तियों एवं संस्था से कर्ज लिया गया है जिसके संबंध में मेरा एवं मेरे परिवार का किसी भी प्रकार का कोई लेना देना नहीं है, विशाल राठौर के द्वारा लिये गये किसी भी प्रकार के ऋण या लेन देन के लिये मेरे कोई जवाबदारी या उत्तरदायित्व नहीं है तथा वह स्वयं जिम्मेदार है, यह भी सूचित किया जाता है कि, विशाल राठौर मेरे खाते की चेक बुक अपने साथ ले गया है यदि उस चेक बुक के चेकों का किसी भी प्रकार से दुरूपयोग किया जाता है तो उसके लिये मेरी कोई जवाबदारी नहीं रहेगी।

अतः समस्त सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त व्यक्ति से किसी भी प्रकार का लेन देन एवं व्यवहार अपनी स्वयं की जिम्मेदारी से करें।

**भरतलाल राठौर**
**पिता मांगीलाल राठौर,**
**35/1, सार्थक नगर, उज्जैन**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने ओमप्रकाश ऊर्फ गुरूप्रसाद, राधेश्याम, हरीसिंह पुत्रगण चैना, नग्गुबाई ऊर्फ नागूबाई बेवा चैना निवासीगण हामूखेड़ी देवास रोड़, उज्जैन (म.प्र.) से उनके सयुक्त, स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 319 रकबा 0.480 हैक्टेयर, कुल किता 01. कुल रकबा 0.480 हैक्टेयर, स्थित ग्राम सेमल्यानसर गाईड लाईन अनुसार पटवारी हल्का नंबर 40, तहसील व जिला उज्जैन में हैं जिसका भू-अधिकार पुस्तिका सीएलआर नंबर 25020323653 है, को क्रय करने का सौदा किया होकर बयाना राशि का भुगतान भी उनको कर दिया है यदि उक्त संपूर्ण भूमि को विक्रय या अंतरित किए जाने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा उक्त संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, शासकीय अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ, हित, अधिकार, आधिपत्य, डिकी या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिवस के भीतर सप्रमाण मुझे कार्यालयीन समय में लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद अवधि उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र पंजीकृत करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नही होगी। सो सूचित हो।

दिनांकः 29.04.2026

**विवेक गुप्ता एडवोकेट**
**11/1, घटकरपर मार्ग, फ्रीगंज, उज्जैन (म.प्र.)**
**मोबाईल नंबर- 9827228461**

## झालरिया मठ से रामघाट मार्ग पर अतिक्रमण हटाय

**उज्जैन।** शहर में सड़क चौड़ीकरण कार्य को गति देने के लिए प्रशासन द्वारा अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में बुधवार को जोन क्रमांक 03 के अंतर्गत झालरिया मठ से रामघाट तक प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण कार्य में बाधा बन रहे अवैध अतिक्रमणों को हटाया गया। यह कार्रवाई जिला प्रशासन, नगर निगम और स्मार्ट सिटी की संयुक्त टीम द्वारा की गई। कार्रवाई के दौरान संबंधित क्षेत्र में अतिक्रमण कर बनाए गए अस्थायी और स्थायी ढांचों को हटाया गया, जिससे सड़क चौड़ीकरण कार्य में आ रही रुकावट दूर हो सके। अधिकारियों ने मौके पर पूरी कार्रवाई की निगरानी की ।

## एक सर्वेयर की सेवा समाप्त प्रभारियों को नोटिस जारी

**गुना।** समर्थन मूल्य पर गेहूँ की खरीदी व्यवस्था को सुदृढ करने के लिए कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा राम वेयरहाउस, रामनगर पर कार्यरत सर्वेयर को सेवा से पृथक किया गया। साथ ही 02 खरीदी प्रभारियों को केन्द्र पर अव्यवस्था/कमियां पाई जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। जिला आपूर्ति अधिकारी अवधेश पाण्डेय ने बताया कि खरीदी केन्द्र राम वेयरहाउस, रामनगर (राधौगढ) पर सर्वेयर मिथुन मीना (आउटसोर्स) द्वारा किसानों से अधिक मात्रा में सेंपल लेने की अनियमितताएं करने पर सेवा से पृथक करने के आदेश जारी किये गये है।

## स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप रोजगार मेला 07 मई को

**शाजापुर।** युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए जिला रोजगार कार्यालय, आईटीआई, एवं जिला उद्योग केंद्र शाजापुर द्वारा 07 मई 2026 को प्रातः 11 बजे से दोपहर 03 बजे तक कुशाभाऊ ठाकरे स्मृति शासकीय महाविद्यालय मक्सी में युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिस रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। साथ ही आवेदको को कॅरियर काउंसिलिंग के माध्यम से मनोवेज्ञानिक एंव विषय विशेषज्ञ के द्वारा कॅरियर मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

## शाजापुर में भव्य बीआईएस तकनीकी प्रश्नोत्तरी का आयोजन

**शाजापुर।** शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज शाजापुर में 29 अप्रैल बुधवार को कॉलेज के बीआईएस विभाग द्वारा भव्य तकनीकी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विभाग के 19 उत्साही छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी तकनीकी ज्ञान का प्रदर्शन किया। कॉलेज के सभी प्राध्यापकों और कर्मचारियों ने इस आयोजन को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। कॉलेज प्रशासन ने छात्रों के इस प्रयास की सराहना की और भविष्य में भी इस तरह के आयोजनों को प्रोत्साहित करने की बात कही।

## आरसेटी शाजापुर में अगरबत्ती बैच का समापन कार्यक्रम

**शाजापुर।** बैंक ऑफ इंडिया ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान शाजापुर द्वारा ग्राम सलसलाई ब्लॉक मोहन बडोदिया में गैर आवासीय अगरबत्ती निर्माण विषय पर 12 दिवसीय प्रशिक्षण का समापन कार्यक्रम बुधवार को बैंक ऑफ इंडिया ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान शाजापुर में किया गया। समापन कार्यक्रम के साथ प्रतिभागियों को मार्केट सर्वे भी करवाया गया, जिससे की उनके द्वारा बनाए गए उत्पादों को बाजार में किस प्रकार से विक्रय किया जाता है इसकी जानकारी दी गई।

## कॉलेज में ऑनलाइन एडमिशन की प्रक्रिया प्रारंभ

**शाजापुर।** उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल मध्यप्रदेश शासन द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया की मार्गदर्शिका एवं समय-सारणी जारी कर दी गई है। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बीकेएसएन शासकीय अग्रणी महाविद्यालय शाजापुर के ई-प्रवेश जिला नोडल अधिकारी डॉ. अरुण कुमार बोड़ाने ने बताया कि उच्च शिक्षा प्राप्त करने के इच्छुक विद्यार्थी 01 मई 2026 से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर प्रवेश प्रक्रिया में सम्मिलित हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि विद्यार्थी पोर्टल के माध्यम से घर बैठे ही मोबाइल या कंप्यूटर से पंजीयन कर सकते हैं। प्रत्येक विद्यार्थी अपनी पसंद के अनुसार न्यूनतम एक एवं अधिकतम दस महाविद्यालयों का चयन कर सकता है। पंजीयन के उपरांत विद्यार्थियों के डेटा का सत्यापन पोर्टल के माध्यम से ई-वेरिफिकेशन द्वारा किया जाएगा।

## तंबाकू नहीं चलेगा, जिला चिकित्सालय में 19 पर जुर्माना

**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर के मार्गदर्शन में जिला चिकित्सालय ने स्वच्छ और तंबाकू मुक्त परिसर बनाने के लिए निरंतर प्रयास तेज कर दिए हैं। आज की कार्रवाई में 19 तंबाकू सेवनकर्ताओं पर कुल 2,100 रुपए का जुर्माना लगाया गया और उन्हें टी.सी.सी. सेंटर (तंबाकू व्यसन मुक्ति केंद्र) में रेफर किया गया।आज निरीक्षण के दौरान राज्य स्तर से उपसंचालक डॉ. राहुल भदौरिया, उपसंचालक राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम, ने जिले में चलाए जा रहे। अभियान की खूब सराहना की। टीम में विनीता सोनी (तंबाकू नियंत्रण नोडल ऑफिसर), डॉ. सूरज सिंग (हॉस्पिटल मैनेजर), इमरती वर्मा, मुरारी लाल, जयवीर रघुवंशी, शैलेन्द्र सिंह, रेखा शर्मा, सादिक खान, विवेक, मोनू जाटव उपस्थित थे।

# बदमाशों के हौसले बुलंद, धोबी चौराहे से दिनदहाड़े कर्मचारी की बाइक चोरी

दैनिक अवन्तिका » शाजापुर

शहर के व्यस्ततम इलाकों में शुमार धोबी चौराहे पर चोरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। यही कारण है कि एक बार फिर दिन के उजाले में बदमाशों ने एसबीएफसी फाइनेंस लिमिटेड शाखा के ठीक सामने से एक कर्मचारी की मोटरसाइकिल चुरा ली। यह पूरी घटना पास ही लगे एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसमें चोर बेखौफ होकर वाहन ले जाते हुए साफ दिखाई दे रहे हैं। जानकारी के अनुसार, आगर जिले के कानड़ निवासी राहुल सोनी एसबीएफसी फाइनेंस में सेल्समैन के पद पर कार्यरत हैं। बुधवार को वह अपनी एचएफ डीलक्स बाइक से ऑफिस आए थे और उसे बाहर पार्क किया था। सुबह 11 से 12 बजे के




बीच अज्ञात बदमाशों ने मौका पाकर उनकी बाइक पार कर दी। चोरी का पता चलने पर पीड़ित राहुल ने तुरंत कोतवाली थाने पहुंचकर पुलिस को घटना की जानकारी दी और शिकायत दर्ज कराई।

### दो महीने में दूसरी घटना

एक ही स्थान से लगातार हो रही चोरी की घटनाओं के कारण फाइनेंस कंपनी के कर्मचारियों में भारी आक्रोश है। कर्मचारियों ने एकजुट होकर कोतवाली थाना प्रभारी को लिखित शिकायत सौंपी है। उन्होंने पुलिस को बताया कि ठीक इसी जगह से लगभग दो महीने पहले कंपनी के एक अन्य कर्मचारी राजेश परमार की बाइक भी चोरी हुई थी। उस मामले में पुलिस आज तक न तो चोरों को पकड़ पाई है और न ही बाइक का कोई सुराग लगा है। एसबीएफसी फाइनेंस में काम करने वाले कर्मचारियों ने बताया कि प्रतिदिन ऑफिस के बाहर कर्मचारियों और ग्राहकों की करीब 25 से 30 मोटरसाइकिलें खड़ी रहती हैं। दिनदहाड़े हो रही इन घटनाओं के कारण अब कर्मचारियों में असुरक्षा की भावना पैदा हो गई है। कर्मचारियों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जल्द से जल्द आरोपियों की पहचान की जाए और चोरी गई दोनों बाइक बरामद कर सख्त कार्रवाई की जाए।

## एनिटाइम बेकरी पर खराब ब्रेड बेचने का आरोप

**शुजालपुर।** शहर के मंडी क्षेत्र में स्थित एनिटाइम बेकरी एक बार फिर विवादों में आ गई है। यहां से खरीदी गई ब्रेड में खराबी मिलने के बाद खाद्य सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। उपभोक्ता द्वारा शिकायत करने के बावजूद संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर मामला तूल पकड़ गया, जिसके बाद प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई की। जानकारी के अनुसार, मंगलवार शाम मंडी सिटी रोड क्षेत्र स्थित एनिटाइम बेकरी से शिक्षक अभिजीत कुमार ने ब्रेड खरीदी। घर पहुंचकर पैकेट खोलने पर ब्रेड में फफूंद दिखाई दी। इस पर उन्होंने तुरंत बेकरी संचालक से संपर्क कर फोटो साझा किए, लेकिन आरोप है कि शिकायत को गंभीरता से लेने के बजाय सामान्य बताते हुए टाल दिया गया। इसके बाद उपभोक्ता स्वयं बेकरी पहुंचा और ब्रेड बदलने का आग्रह किया, लेकिन वहां मौजूद कर्मचारी ने ब्रेड बदलने से इनकार कर दिया। कथित रूप से यह भी कहा गया कि ब्रेड ऐसी ही होती है, जिससे उपभोक्ता की नाराजगी और बढ़ गई। उल्लेखनीय है कि पूर्व में भी एनिटाइम बेकरी के प्रतिष्ठानों पर खाद्य विभाग द्वारा कार्रवाई की जा चुकी है। इसके बावजूद इस तरह की शिकायत सामने आना चिंताजनक माना जा रहा है। मामला उजागर होते ही प्रशासन सक्रिय हो गया।

## कुंभराज में अहिरवार समाज का निःशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न

**कुम्भराज/चांचौड़ा।** संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी एवं संविधान निर्माता परम पूज्य बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर निःशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन का शुभारम्भ किया गया। संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी ने कहा था किङ्कऐसा चाहूं राज में, मिले सभी को अन्न, छोटे बड़े सम बसें, श्री रविदास रहे प्रसन्न।

कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में खर्चीली शादिया, दहेज प्रथा को कम करना, सामाजिक समरसता को मजबूत करना एवं समाज में व्याप्त बुराइयों को समाप्त करना आपसी सद्भावना स्थापित करना रहा। इसी भावना के साथ सम्मेलन का आयोजन गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ।

इस निःशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन में जिला गुना, जिला विदिशा, जिला बारा (राज.) से 17 जोड़ों सम्मिलित हुए जिनका विवाह सम्पन्न कराया गया। नवविवाहित जोड़ों को उपहार में संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी एवं बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के छायाचित्र, पलंग बिस्तर, स्टील के 13 बर्तन, पानी केंपर, भेंट में दिए गए। कार्यक्रम का आयोजन करवाने में दान देने वाले दानदताओ का विशेष सहयोग रहा। जिनमें नाथू सिंह खरे प्र.अ.(केंकड़या वाले), रामदयाल खरे रिटा.प्राचार्य (केकड़या वाले), भीकम सिंह बौद्ध उच्च. मा. शि. सुखलाल लोगरिया रिटा. डॉ. (तुलसीखेड़ी वाले) राम भरोसा अहिरवार ठेकेदार (हथाईखेड़ा वाले), मुरारी लाल लोंगरे (प्रा.शि.) भंवरलाल अहिरवार प्रा. शि.(झिरी वाले). मांगीलाल बारोलिया, शिवलाल बारोलिया प्रा.शि. रूप सिंह बमेंनिया (हनुमत खेड़ा वाले) राधेश्याम बारोलिया (हरदा का पूरा वाले), संतोष अहिरवार (पार्षद, अंबेडकर राम भरोसा रामस्वरूप बारोलिया (हनुमत खेड़ा वाले), कन्हैया लाल (कुदारी), बालमुकुंद (कुरवाई), विष्णु जोगीराड़ा वाले), संतोष ।), ले) जालम सिंह अहिरवार निर्मल कुमार जेकेले इंजीनियर ( बीनागंज ), रमेश चंद्र खरे (कैकडया वाले) एवं गप्पू लाल अहिरवार (रमड़ी वाले) सहित सभी का सराहनीय योगदान रहा।

## शाजापुर जिले के 27912 हितग्राहियों को 1 करोड़ 67 लाख 47 हजार 200 रूपये की राशि का अंतरण

**शाजापुर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा बुधवार को मंत्रालय भोपाल स्थित प्रतिकक्ष से सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत प्रदेश के समस्त जिलों के साथ-साथ शाजापुर जिले के लगभग 27912 हितग्राहियों को 1 करोड़ 67 लाख 47 हजार 200 रूपये की राशि का सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरण किया गया। जिसके तहत मंदबुद्धि/बहुविकलांगता के 951 हितग्राही, मुख्यमंत्री सामाजिक सुरक्षा कल्याणी पेंशन योजना के 16173, कन्या अभिभावक पेंशन योजना के 950, मुख्यमंत्री अविवाहिता पेंशन योजना के 32, सामाजिक सुरक्षा परित्यक्ता पेंशन योजना के 779, सामाजिक सुरक्षा वृद्धावस्था पेंशन योजना के 2556, सामाजिक सुरक्षा निरूशक्त पेंशन योजना के 5296 तथा दिव्यांग शिक्षा प्रोत्साहन सहायता राशि के 1175 हितग्राहियों को कुल 1 करोड़ 67 लाख 47 हजार 200 रूपये की राशि उनके खातें में सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित की गई। उल्लेखनीय है कि म.प्र. शासन, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के माध्यम से शासन द्वारा समाज के निर्धनों एव, निराश्रितों यथा-वृद्धजनों, कल्याणियों, परित्यकताओं, अविवाहिताओं एवं दिव्यांगजनों इत्यादि के लिए पेंशन योजनाऐं संचालित की जा रहीं है, जिसके अंतर्गत प्रति हितग्राही प्रतिमाह 600 रूपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती हैं। उक्त कार्यक्रम का शाजापुर कलेक्टर कार्यालय के एनआईसी कक्ष में सीधा प्रसारण हितग्राहियों को दिखाया गया। पेंशन जमा होने पर हितग्राहियों द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को धन्यवाद दिया गया। इस दौरान प्रभारी उप संचालक नेहा गंगारे, समग्र संयोजक सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्रभारी नरेन्द्र तिवारी, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी धन्नालाल हनोतिया, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी राधेश्याम परमार, विशेष शिक्षक उमेश पालीवाल, साईक्लोलॉजिस्ट डॉ. दीपेश राखोलिया एवं जिले के विभिन्न प्रकार की पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों भी उपस्थित थे।

## विपक्ष पर फूटा नारी शक्ति का गुस्सा, शाजापुर में चप्पलों से पीटा पुतला

**शाजापुर।** महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा के मुद्दे पर भारतीय जनता पार्टी ने विपक्षी दलों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। शाजापुर की सड़कों पर बुधवार को नारी शक्ति का भारी आक्रोश देखने को मिला। कांग्रेस, टीएमसी सहित अन्य विपक्षी दलों के विरोध में भाजपा की महिला कार्यकर्ताओं ने न सिर्फ सड़कों पर उतरकर हुंकार भरी, बल्कि बीच चौराहे पर विपक्ष के पुतले को चप्पलों से पीटकर आग के हवाले कर दिया। भाजपा महिला मोर्चा और महिला पदाधिकारियों द्वारा आयोजित नारी शक्ति आक्रोश रैली शहर के प्रसिद्ध मां राजराजेश्वरी मंदिर से शुरू हुई जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं हाथों में तख्तियां लिए और नारेबाजी करते हुए आगे बढ़ीं।

## वृंदावन धाम में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

**शाजापुर।** जब हृदय में सच्ची भक्ति का वास होता है, तो ज्ञान रूपी प्रकाश स्वयं ही प्रज्वलित हो उठता है। परमात्मा को पाना हो तो मनुष्य को जीवन में केवल तीन सूत्र अपनाने चाहिए। पहले पुरुषार्थ करें, फिर प्रार्थना करें और अंत में प्रतीक्षा करें, भगवान जरूर आएंगे। वैशाख मास पर इंदिरा नगर स्थित वृंदावन धाम में चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा में कुछ ऐसे ही जीवनोपयोगी विचार बहे। मौका था श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का, जहां कथा श्रवण कर रहा समूचा पांडाल कृष्ण भक्ति के रंग में रंगा नजर आया। इस दौरान प्रसिद्ध कथावाचक पंडित लाल शंकर मेहता ने कहा कि परमात्मा की प्राप्ति के लिए भक्ति का मार्ग सबसे सरल है। यह आवश्यक नहीं कि जिस व्यक्ति में ज्ञान हो, उसमें भक्ति आ जाए, लेकिन जिसमें सच्ची भक्ति होगी, उसमें ज्ञान स्वतः ही आ जाएगा। उन्होंने समझाया कि ईश्वर के लिए निर्गुण से सगुण होना, निराकार से साकार होना और भक्तों के प्रेम के वशीभूत होकर हृदय से गोकुल में आना बहुत साधारण बात है। भगवान के अवतार का कारण स्पष्ट करते हुए पंडित मेहता ने कहा कि जब-जब पृथ्वी पर अधर्म का अंधकार बढ़ता है, तब-तब भगवान गौ, ब्राह्मण, साधु-संतों और देवताओं की रक्षा के लिए मनुष्य रूप धारण करते हैं। कंस के भयंकर अत्याचारों का अंत करने के लिए ही भगवान कृष्ण ने इस धरती पर अवतार लिया था। भगवान ने दुष्टों के अत्याचार के समय स्वयं भी कितने कष्ट सहन किए। कंस ने उनके माता-पिता तक को जेल में डाल दिया था, लेकिन भगवान श्रीकृष्ण का चरित्र हमें यह शिक्षा देता है कि परिस्थितियां चाहे जैसी भी हों, मनुष्य को हर हाल में खुश रहना चाहिए।

### मुस्कुराहट से भरा हो हमारा चरित्र

जीवन की महत्ता को एक सुंदर उदाहरण से समझाते हुए पंडित मेहता ने कहा, फूलों का सार इत्र है और जीवन का सार चरित्र है। फूल चाहे अर्थी पर चढ़े या मंदिर में भगवान के चरणों में, वह हर जगह महकता ही है। ठीक इसी तरह हमें भी हर हाल में खुश रहना चाहिए। हमारा चेहरा और चरित्र इस तरह का होना चाहिए कि जो भी हमें देखे, वह मुस्कुराहट से भर जाए।

### टोकरी में आए बालकृष्ण

कथा के दौरान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का प्रसंग बेहद जीवंत और आकर्षक रहा। एक नन्हे बालक को भगवान श्रीकृष्ण की मनमोहक वेशभूषा में सजाया गया था। जब वासुदेव का रूप धरे व्यक्ति बालकृष्ण को टोकरी में लेकर कथा स्थल पर पहुंचे, तो चारों ओर से उन पर पुष्प वर्षा होने लगी। बालकृष्ण के मनमोहक दर्शन करते ही श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। पांडाल में मौजूद हर कोई खुशी से नाचने और गाने लगा, जिससे सारा वातावरण पूरी तरह से कृष्णमय हो गया।

## आग उगलती गर्मी भी माता पूजन के उत्साह को कम नहीं कर पाई



**भौरासा।** नगर में गांव गेर माता पूजन को लेकर कई दिनों से तैयारियां चल रही थी जिसमें नगर के साथ साथ प्रशासनिक स्तर भी अलर्ट मोड पर थे उक्त धार्मिक आयोजन आग उगलती गर्मी पर भी भारी पड़ा दूर दूर से टूव्हीलर,बस से मेहमानों का आगमन का तांता सोमवार से ही लगा रहा जो बुधवार तक रहा

नगर में 22 साल बाद बुधवार को गांव गेर माता पूजन का आयोजन हुआ माता पूजन आगमन को लेकर नगर वासी अपने घरों को सजाने में कोई कसर नहीं छोड़ी साथ ही एक माह बाद नगर में ढोल धमाकों की गूंज सुनाई दी ज्ञात हो कि 31 मार्च 2026 को नगर के शीतला माता मंदिर पर नगर वसूली पटेल जसवंत सिंह राजपूत द्वारा माता की पूजन कर आखिरी डंका बजा था जिसके बाद गांव गेर माता पूजन तक नगर में ढोल धमाके बैंड डीजे व शादी,विवाह,मुंडन जैसे शुभ कार्य प्रतिबंधित थे

मान्यता हे कि गांव गेर माता पूजन में सर्व प्रथम नगर वसूली पटेल द्वारा पूजन किया जाता हे जिसके बाद आमजन पूजन करते हे मंगलवार रात्रि 12 बजे के बाद नगर वसूली पटेल जसवंत सिंह पटेल अपने परिवारजनों के साथ स्थानीय निवास से ढोल धमाकों और आमजन के साथ जुलूस के साथ निकले जिसमें पटेल की धर्मपत्नी अपने सिर पर पीली मिट्टी से बनी मन्नत की सिगड़ी लिए चल रही थी जुलूस माली पूरा स्थित मां शीतला मंदिर पर समाप्त हुआ जहां नगर परसाई संजय जोशी,मनोज जोशी द्वारा पूजन सम्पन्न करवाया गया मां की पूजन कर शांति सुख समृद्धि की कामना कर आरती की गई साथ ही उनकी धर्मपत्नी के द्वारा लाई गई सिगड़ी भाई के द्वारा उतार कर मां को अर्पित की गई जिसके बाद भाई द्वारा मामेंरा कर बहन को साड़ी उड़ाई जाती हे

## ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार तीन घायल

**शाजापुर।** रॉन्ग साइड से आ रही ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक सवार तीन लोगों को टक्कर मारकर घायल कर दिया। जानकारी के अनुसार नेशनल हाईवे-52 पर बुधवार दोपहर मोल्टा जोड़ के पास रॉन्ग साइड से आ रही ट्रैक्टर-ट्रॉली ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। घटना में पनवाड़ी निवासी विशाल प्रजापति, नरेंद्र उर्फ राहुल और विकास व्यास घायल हो गए।

**पश्चिम रेलवे - रतलाम मण्डल**

**ई-निविदा सूचना**

Tender Notice No. M247GLRSRSI 262707 Dated: 27.04.2026. **कार्य का नाम:** सिलिकॉन रेक्टिफायर ब्लॉक (RSI) का रिपेयर / रिहेबिलिटेशन तथा रिकंडिशनिंग, मात्रा - 30 लोको सेट **स्थानः** मु.का.प्र./दाहोद प. रेलवे कार्यालय **कार्य की अनुमानित लागत:** Rs. 4,00,77,000/- **बयाना राशि:** Rs. 8,01,600/- **ई-निविदा जमा करने तथा खुलने की दिनांक तथा समय:** ई-निविदा जमा करने की नियत दिनांक तथा समय 19-05-2026 को 14:30 बजे तक तथा ई-निविदा उसी दिन 15:00 बजे खोली जायेगी । **निविदा सूचना तथा प्रपत्र उपलब्धता:** www.ireps.gov.in / E-Tenders / Works / IR Electrical.

Apex/26

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे - रतलाम मण्डल**

संख्या - W/623/5/1/NIT **ई-निविदा सूचना** दिनांक 27.04.2026

मंडल रेल प्रबंधक/मंडल कार्यालय (कार्यलेखा शाखा) पश्चिम रेलवे, रतलाम भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए 'खुली निविदा' ई-निविदा के माध्यम से वेबसाईट www.ireps.gov.in पर आमंत्रित करते है। विवरण इस प्रकार है -

| क्रम सं. | ई-टेण्डरिंग संख्या व कार्य का नाम | अनुमानित लागत | बयाना राशी |
|---|---|---|---|
| 1 | RTM-2025-26-204<br>Bolai Station - Provision of Covered Foot Over Bridge with ramp. | 3,70,53,395.38 | 7,41,100.00 |
| 2 | RTM-2025-26-205<br>Kalapipal Station -: Raising of platforms at Platform No.1 and Platform No.2. | 3,17,34,713.48 | 6,34,700.00 |

**कार्य समापन अवधि : Sr. No. 1 & 2** - 10 Months; **Similar type of work: Sr. No.1** - Any bridge work involving fabrication, erection & launching of FOB/ Steel Girders/Composite Girder for Railway, Road Bridges. **Sr. No.2** - Any Civil Engineering Work **वेबसाइट पर अपलोड करने की तिथि : Sr. No.1 & 2:** 27.04.2026 **निविदा खुलने की तिथि : Sr. No.1 & 2:** 19.05.2026. विस्तृत निविदा सूचना, अर्हता शर्ते एवं अन्य शर्ते वेबसाइट www.ireps.gov.in. पर उपलब्ध है।

Apex/25 **मण्डल रेल प्रबंधक (कार्यलेखा) रतलाम पश्चिम रेलवे**

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**कार्यालय नगर पालिका परिषद्, बड़नगर जिला-उज्जैन म०प्र०**

E-mail:- cmobadnagar@mpurban.gov.in phone no.:- 07367-225060

क्रमांक- 799 / निर्माण / ईटेण्डरिंग / 2026 बड़नगर दिनांक - 24.04.2026

**:: ई-निविदा आमंत्रण सूचना ::**

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइड https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता हैं।

| क्र. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ईएमडी | निविदा की अंतिम तिथी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1<br>799 / 24.04. 2026 | 2026_UAD_50 3017_1 | वार्ड क्र. 10 में सीसी रोड निर्माण कार्य। | कार्य की समयावधि - 30 दिन लागत 3371125.00/- | निविदा प्रपत्र मूल्य 5000/- EMD मूल्य 25500/- | 26.05. 2026 |
| 2<br>799 / 24.04. 2026 | 2026_UAD_50 3029_1 | वार्ड क्र. 15 मे सीसी रोड एवं आरसीसी नाली निर्माण कार्य। | कार्य की समयावधि - 30 दिन लागत 3245326.5/- | निविदा प्रपत्र मूल्य 5000/- EMD मूल्य 24500/- | 26.05. 2026 |
| 3<br>799 / 24.04. 2026 | 2026_UAD_50 3053_1 | वार्ड क्र. 17 में सीसी चौक निर्माण कार्य। | कार्य की समयावधि - 30 दिन लागत 1396384.0/- | निविदा प्रपत्र मूल्य 2000/- EMD मूल्य 10500/- | 26.05. 2026 |
| 4<br>799 / 24.04. 2026 | 2026_UAD_50 3066_1 | वार्ड क्र. 18 में सीसी रोड एवं आरसीसी नाली निर्माण कार्य। | कार्य की समयावधि - 30 दिन लागत 3246801.0/- | निविदा प्रपत्र मूल्य 5000/- EMD मूल्य 24500/- | 26.05. 2026 |
| 5<br>799 / 24.04. 2026 | 2026_UAD_50 3070_1 | वार्ड क्र. 06 पीएचई परिसर एवं रामटेकरी में सीसी रोड निर्माण कार्य। | कार्य की समयावधि - 30 दिन लागत 3355840.0/- | निविदा प्रपत्र मूल्य 5000/- EMD मूल्य 25500/- | 26.05. 2026 |
| 6<br>799 / 24.04. 2026 | 2026_UAD_50 3072_1 | वार्ड क्र 06 चौधरी कॉलोनी में आरसीसी नाली निर्माण कार्य। | कार्य की समयावधि - 30 दिन लागत 1466942.5/- | निविदा प्रपत्र मूल्य 2000/- EMD मूल्य 11100/- | 26.05. 2026 |

नोट :-

1- विस्तृत निविदा टेण्डर एवं अन्य दस्तावेज देखने एवं डाउनलोड करने के लिये https://www.mptenders.gov.in वेबसाइड पर सुविधा उपलब्ध हैं अधिक जानकारी कार्यालय नगर पालिका परिषद् बडनगर में देखी जा सकती है।

2- निविदा डाउनलोड करने के पूर्व निविदाकार नगर पालिका परिषद बडनगर में उपलब्ध शर्तो का अवलोकन करने के पश्चात ही टेण्डर क्रय करें।

3- निविदा में यदि कोई संशोधन होता है तो वह ऑनलाईन पोर्टल पर प्रदर्शित होगा, उसके लिये पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं कराया जावेगा।

4- शासन निर्देशानुसार जी.एस.टी. की समस्त शर्ते लागू होगी।

अभय टोंग्या, अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद्, बड़नगर
श्रीमति अनिता सतीश वर्मा, उपाध्यक्ष, नगर पालिका परिषद्, बड़नगर
श्रीमती लक्ष्मीबाई लालबहादुर बाहदशाह, निर्माण सभापति, नगर पालिका परिषद् बड़नगर
एम.आर.निंगवाल, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद् बड़नगर

## सीटू द्वारा मजदूर दिवस पर रैली और आम सभा का आयोजन

**मन्दसौर।** सीटू जिला समिति मंदसौर के नेतृत्व में 1 मई को मजदूर दिवस के शहीदों की याद में शाम 6 बजे गांधी चौराहे पर विशाल रैली और आम सभा आयोजित की जाएगी। सीटू के बालूसिंह, कामरेड सईद चौधरी, बैंक इम्पलाइज यूनियन के रमेशचन्द्र जैन, गजेन्द्र तिवारी, जितेन्द्र राठौर व रमेश देवड़ा, आंगनवाड़ी यूनियन की संगीता जैन, आशा-उषा यूनियन की माधुरी सोलंकी तथा हूरबानो एवं एम.आर. यूनियन के दिनेश चंदवानी ने बताया कि यह आयोजन जनतंत्र, संविधान और मजदूर-किसान अधिकारों पर हो रहे हमलों के विरोध में एकजुटता प्रदर्शित करने के लिए किया जा रहा है। इस सभा को सीटू, बैंक एम्प्लाइज यूनियन, आंगनवाड़ी, आशा-उषा और एम.आर. यूनियन के विभिन्न पदाधिकारी संबोधित करेंगे। स्टार्च फैक्ट्री यूनियन के अध्यक्ष अशोक सोलंकी और सचिव इकबाल ने सभी मजदूर साथियों से इस रैली में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## नीमच नपा के नए वाहनों का लोकर्पण कार्यक्रम आज

**नीमच।** नगर पालिका परिषद नीमच के वाहन बेड़े में आज से 8 नए वाहन सम्मिलित होंगे जिनका लोकार्पण कार्यक्रम गुरुवार 30 अप्रैल को शाम 5.30 बजे बंगला नंबर 60 पुरानी नगर पालिका में होगा। उपरोक्त जानकारी देते हुए नगर पालिका की वाहन शाखा प्रभारी उप यंत्री श्री अपर्णा गिरी ने बताया कि लोकार्पण कार्यक्रम में अतिथि के रूप में विधायक श्री दिलीप सिंह परिहार, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चोपड़ा, भाजपा जिला अध्यक्ष एवं नपा सभापति श्रीमती वंदना खंडेलवाल,नपा उपाध्यक्ष श्रीमती रंजना करणसिंह परमाल,मंडल अध्यक्ष एवं सभापति श्री दारासिंह यादव, मंडल अध्यक्ष श्री मोहन सिंह राणावत, सभापति श्रीमती कुसुम अशोक जोशी एवं समस्त सभापति गण पार्षद गणों, नपा स्टाफ व गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में नवीन वाहनों को लोकार्पण कर जनता को समर्पित करेंगे।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत नाले की सफाई

**रतलाम।** शासन के निदेर्शानुसार कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल स्त्रोतों तथा नदी, नालो, तालाबों, कुंआ, बावड़ी तथा अन्य जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन हेतु जल गंगा संवर्धन अभियान संचालित किया जा रहा है।जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत नगर पालिका परिषद रतलाम द्वारा कमिश्नर नगर निगम श्री अनिल भाना के नेतृत्व में स्टेशन रोड स्थित नाले की सफाई एक दिन एक नाला अभियान के तहत की गई।

## एसडीएम सैलाना ने किया उपार्जन केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण

**रतलाम।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह के मार्गदर्शन में जिले में उपार्जन केन्द्रो पर समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन किया जा रहा है । आज एसडीएम सैलाना श्री तरूण जैन द्वारा उपार्जन केंद्र शिवगढ़ का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान केंद्र पर कुल 201 स्लॉट बुक किए गए थे, जिनमें से 142 किसानों से खरीदी की जा चुकी है। केंद्र पर एफएक्यू गुणवत्ता का गेहूं खरीदा जा रहा है। कुल खरीदी मात्रा 5071 क्विंटल दर्ज की गई है। एसडीएम द्वारा बोरों का वजन समक्ष में तुलवाकर सत्यापन किया गया। केंद्र पर पेयजल एवं छाया की व्यवस्था उपलब्ध है। निरीक्षण के दौरान 3 तौल कांटे संचालित अवस्था में मिले तथा 10 हम्माल कार्यरत पाए गए। सिंगल यूज बोरों की संख्या 4800 पाई गई।

## एम.डी ड्रग तस्कर को 10 वर्ष का कारावास

**नीमच।** विशेष न्यायाधीश (एन.डी.पी.एस. एक्ट) जिला-नीमच द्वारा 71 ग्राम एम.डी. की तस्करी करने वाले आरोपी अकरम खान पिता रशीद खान, उम्र-33 वर्ष, निवासी-ग्राम भिरियाखेड़ी उंचा, थाना निंबाहेड़ा सदर, जिला-चित्तौड़गढ़ (राजस्थान) को एन.डी.पी.एस. एक्ट के अंतर्गत 10 वर्ष के सश्रम कारावास एवं एक लाख रुपए अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

# बाजना थाना क्षेत्र में एक सड़क हादसे में 21 वर्षीय युवक की मौत

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

जिले के बाजना थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह एक सड़क हादसे में 21 वर्षीय युवक की मौत हो गई। रात भर जब युवक घर नहीं पहुंचा तो बुधवार सुबह परिजनों ने तलाश किया तो शव सड़क मार्ग पर मोड पर पेड़ के पास मिला। मृतक का नाम ईश्वर डोडियार निवासी भडानखुर्द है। सुबह सूचना मिलने पर बाजना थाना पुलिस मौके पर पहुंची। परिजन भी मौके पर पहुंचे शव की शिनाख्त कर बाजना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

परिजनों के अनुसार ईश्वर मंगलवार को ग्राम देवली में नोतरे (शादी के कार्यक्रम) में गया था। देर रात तक घर नहीं लौटा। बुधवार सुबह उसकी तलाश शुरू की। तब पता चला कि वह हादसे का शिकार हो गया है।



**सुबह 5 बजे निकला था**

जानकारी में सामने आया है कि युवक बुधवार सुबह 5 बजे ग्राम देवली से बाइक से निकला था। बाजना-कुशलगढ़ मार्ग पर स्थित एक मोड़ पर बाइक का बैलेंस बिगडने से वह पेड़ व पत्थरों के बीच जा टकराया। इससे गंभीर घायल होकर गिर गया। जिससे उसकी मौत हो गई। बुधवार दोपहर पीएम के बाद शव परिजनों को सौंपा। पुलिस घटनाक्रम की जांच में जुटी है।

**तीन साल पहले हुई शादी**

मृतक ईश्वर की शादी करीब ३ साल पहले हुई थी। वह खेती-किसानी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता था। अचानक मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में भी शोक का माहौल है। बाजना थाना प्रभारी मनीष डाबर ने बताया कि प्राथमिक जांच में पेड़ व पत्थरों से बाइक टकराने के कारण मौत का कारण सामने आया है। मर्ग कायम कर घटनाक्रम की जांच की जा रही है।

# ग्राम कुरावन में रात्रि चौपाल- कलेक्टर ने बिछात पर बैठकर सुनी जनसमस्याए

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंदसौर



जिले के सुदूर ग्राम कुरावन में कलेक्टर अदिती गर्ग ने रात्रि चौपाल का आयोजन किया। ग्रामीण परिवेश के बीच जमीन पर बैठकर कलेक्टर ने ग्रामीणों से सीधा संवाद किया और उनकी समस्याओं को सुना।

कलेक्टर ने चौपाल के दौरान एक-एक ग्रामीण से संवाद कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए।

अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों को विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी देते हुए लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया भी समझाई गई। साथ ही बोर्ड परीक्षाओं में प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने ग्राम में सकारात्मक वातावरण और विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ग्राम पंचायत स्थानीय समस्याओं के निराकरण का महत्वपूर्ण माध्यम है।

चौपाल में ग्रामीणों द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रारंभ करने, नवीन पंचायत भवन निर्माण, सड़कों की मरम्मत, नाली निर्माण, बिजली व्यवस्था सुधार, राजस्व ग्राम घोषित करने, बैंक सुविधा उपलब्ध कराने, स्व-सहायता समूहों को रोजगार से जोड़ने तथा सूक्ष्म सिंचाई परियोजना के प्रभावी क्रियान्वयन जैसी विभिन्न मांगें रखी गईं।

कलेक्टर ने सभी समस्याओं पर संबंधित अधिकारियों से मौके पर ही चर्चा कर शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इस दौरान कलेक्टर ने आंगनवाड़ी कार्यकताओं से भी चर्चा की और टेक होम राशन का नियमित वितरण सुनिश्चित करने, कुपोषित बच्चों की पहचान कर उन्हें एनआरसी में भर्ती कर उपचार कराने तथा आगामी 7 दिनों में विशेष शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। रात्रि चौपाल में जिला पंचायत सीईओ अनुकूल जैन सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी व ग्रामीण महिलाएं-पुरुष उपस्थित रहे।



# मेडिकल कॉलेज में स्ट्रेचर एवं सिटिंग चेयर प्रदान की गई

**रतलाम।** पीड़ित मानवता की सेवा के उद्देश्य को लेकर बुधवार को गर्वित गोखरू फाउंडेशन के तत्वाधान में डॉ लक्ष्मी नारायण शासकीय मेडिकल कॉलेज, रतलाम में सेवा भावना के उद्देश्य से 10 स्ट्रेचर एवं 10 गार्डन चेयर प्रदान की जो कि मेडिकल कॉलेज में उपयोग में आएगी। पूर्व में फाउंडेशन द्वारा एक वाटर कूलर का भी संचालन भी मेडिकल कॉलेज में किया जा रहा है।मेडिकल कॉलेज डीन डॉ श्रीमती अनीता मुथा ने फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे हैं प्रयासों की सराहना की साथ ही आपने यह संसाधन प्रदान करने के लिए फाउंडेशन को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस सेवा कार्य में फाउंडेशन के संचालक एवं विशेष सहयोगी श्री ऋषभ महेंद्र पावेचा द्वारा स्ट्रेचर एवं चेयर की संपूर्ण व्यवस्था की गई, साथ ही फाउंडेशन संचालक श्री विनीत विजय पिपाड़ा द्वारा पूरे कार्य की देखरेख की गई। इस अवसर पर फाउंडेशन संचालक गर्वित गोखरू के साथ डॉ. अनीता मुथा (डीन), डॉ. प्रदीप कुमार मिश्रा (अधीक्षक), डॉ. पवन कुमार शर्मा (सह अधीक्षक), डॉ. अंकित शर्मा (प्रबंधक), मयंक पांडेय सहित अस्पताल का समस्त स्टाफ एवं फाउंडेशन के सभी सदस्य उपस्थित रहे। फाउंडेशन का उद्देश्य आगे भी सेवा भावना के साथ समाज में निरंतर सेवा एवं समर्पण के कार्य करते रहना है।



## सार्वननिक स्थानों पर मदिरापान के विरूद्ध कार्यवाही

**रतलाम।** कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह के निर्देशन में तथा सहायक आबकारी आयुक्त डॉ. शादाब अहमद सिद्दीकी के मार्गदर्शन में रतलाम आबकारी की टीमों द्वारा रतलाम शहर के साथ-साथ जिले मे अन्य नगरों मे भी संचालित कंपोजिट मदिरा दुकानों के आसपास खड़े होकर शराब पीने एवं गंदगी फैलाने वालो के विरुद्ध कार्रवाई की गई।अभियान के अंतर्गत रतलाम शहर की शराब दुकानों - महू बस स्टेण्ड, शहर शराय, सज्जन मिल, बड़बड़, साला खेड़ी, पावर हाउस, स्टेशन रोड दुकानों एवं जावरा, सैलाना, नामली, आलोटइ नगरों में भी शराब दुकानों पर सघन चेकिंग की गई तथा दुकान के आसपास रोड पर एवं सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के विरुद्ध कार्यवाही की गई । रतलाम शहर में 4, जावरा में 2, परगना में 3, सैलाना में 3, आलोट में 2 कुल 14 प्रकरणइ मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत पंजीबद्ध किए गए। सहायक आयुक्त डॉ. शादाब अहमद सिद्दीकी ने बताया कि आबकारी विभाग द्वारा जिले में नियमित रूप से सार्वजनिक स्थानों पर मदिरापान करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है ।

# कलेक्टर ने क्षीरधारा और राहगीर अभियान का किया निरीक्षण, पशुपालकों से किया संवाद

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर

कलेक्टर अदिती गर्ग ने विकासखंड गरोठ के क्षीरधारा ग्राम बर्डिया पूना का निरीक्षण कर वहां के पशुपालकों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने एचएफ जर्सी गायों एवं दुधारू भैंसों का अवलोकन कर पशुपालन से संबंधित जानकारी प्राप्त की।

दुग्ध समृद्धि अभियान के तहत कृत्रिम गभार्धान को बढ़ावा देने पर जोर देते हुए कलेक्टर ने किसानों से अधिक से अधिक जागरूकता फैलाने की अपील की। साथ ही उन्होंने गांव के पशुपालकों को सांची सहकारी संघ से जुड़ने के लिए प्रेरित किया, जिससे दुग्ध उत्पादन को बेहतर बाजार मिल सके। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने ग्राम बर्डिया पूना में ही पंचायत द्वारा निर्मित मवेशियों एवं पशु-पक्षियों के लिए बनाए गए पेयजल होद का अवलोकन किया और इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा की।



जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत निर्मित तालाब का भी कलेक्टर ने निरीक्षण किया। उन्होंने तालाब की गहराई बढ़ाने एवं उसके चारों ओर पौधारोपण करने के निर्देश दिए। लगभग 25 लाख रुपए की लागत से निर्मित इस तालाब को विशेष रूप से सिपरी द्वारा सुझाई गई लोकेशन के आधार पर तैयार किया गया है। इसके पश्चात कलेक्टर ने ग्राम पंचायत देवरी में नव निर्मित मॉडल पंचायत भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने भवन के विभिन्न हिस्सों जैसे हाल, किचन एवं वेटिंग रूम का अवलोकन किया। साथ ही भवन में स्थापित रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम एवं रिचार्ज पीट की भी जानकारी ली। गरोठ विकासखंड में संचालित राहगीर अभियान का भी कलेक्टर ने फील्ड में जाकर निरीक्षण किया। उन्होंने अभियान के तहत हटाए गए अतिक्रमण की सराहना करते हुए किसानों से संवाद किया।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिन लोगों ने अतिक्रमण हटाने में सहयोग किया है, उनके नाम की शिलापट्टिका लगाई जाए, ताकि अन्य लोग भी प्रेरित हों। निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री अनुकूल जैन सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## मंदसौर के आईटीआई परिसर में आज जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन

**मन्दसौर।** जिला प्रशासन और जिला रोजगार कार्यालय के संयुक्त तत्वाधान में आज 30 अप्रैल को शासकीय आईटीआई परिसर में जिला स्तरीय युवा संगम एवं रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर अदिति गर्ग के निर्देशन में आयोजित इस मेले का मुख्य उद्देश्य स्थानीय बेरोजगार युवाओं को उनकी योग्यता के अनुसार रोजगार प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। यह कार्यक्रम प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलेगा, जिसमें तकनीकी और गैर-तकनीकी दोनों क्षेत्रों की लगभग 10 प्रतिष्ठित कंपनियां शामिल हो रही हैं। इस मेले के माध्यम से केस स्किल्स, गेल इंस्टीट्यूशन, मदरसन और राजस्थान टेक्सटाइल मिल्स जैसी बड़ी संस्थाएं मशीन ऑपरेटर, वेल्डर, इलेक्ट्रिशियन और प्रोडक्शन जैसे 500 से अधिक पदों पर चयन करेंगी।
इसके साथ ही एचडीएफसी लाइफ, एलआईसी और टाटा डीलरशिप जैसी कंपनियां भी सुपरवाइजर व इंश्योरेंस एजेंट के पदों के लिए साक्षात्कार लेंगी। भर्ती के लिए शैक्षणिक योग्यता 5वीं उत्तीर्ण से लेकर स्नातक और आईटीआई निर्धारित की गई है। चयनित होने वाले युवाओं को मंदसौर के साथ-साथ इंदौर, देवास, अहमदाबाद और गांधीधाम जैसे बड़े शहरों में काम करने का अवसर मिलेगा।

## स्कॉर्पियो ने बाईक सवार युवक को मारी जोरदार टक्कर, गंभीर घायल

**नीमच।** जिले के रतनगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत सिंगोली मार्ग पर सोमवार दोपहर एक स्कॉर्पियो गाड़ी ने बाइक सवार एक युवक को टक्कर मार दी। जिसे परिजनों ने निजी अस्पताल पहुंचाया जो आईसीयू में भर्ती है। वही घायल के परिजनों का आरोप है कि पुरानी रंजिश को लेकर तस्करी मे लिप्त रहे और लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी पप्पू धाकड़ ने तेज रफ्तार बिना नम्बर की स्कॉर्पियो कार से बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, हाथीपुरा निवासी 26 वर्षीय अशोक धाकड़ अपनी पत्नी को उसके ससुराल छोड़कर बाइक से वापस गांव लौट रहा था। इसी दौरान पहले से रंजिश मे चल रहे आरोपी ने पुरानी दुश्मनी के चलते जानबूझकर अपनी कार से टक्कर मार कर गंभीर घायल कर दिया । इस भीषण हादसे में बाइक सवार अशोक धाकड़ गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके हाथ, पैर और कमर में गंभीर चोटें आई हैं।

# समर्थन मूल्य पर नही किसानों का चना भावन्तर में खरीदे सरकार

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ पिपलिया मंडी

प्रदेश सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर गेहूं चना खरीदी को लेकर किए जा रहे दावों के बीच जमीनी स्तर पर किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खरीदी प्रक्रिया में लागू की गई स्लॉट बुकिंग व्यवस्था किसानों के लिए सबसे बड़ी समस्या बन गई है।



पंजीयन होने के बावजूद स्लॉट बुकिंग नहीं हो पाने से किसान अपनी उपज बेचने के लिए दर-दर भटक रहे हैं और उन्हें लगातार तारीख पर तारीख दी जा रही है। पूरे मल्हारगढ़ तहसील के किसानों की चने की पिपलियामंडी में विपणन सहाकारी समिति कर रही है। खरीदी केंद्र पर प्रातः 10 बजे किसानों की शिकायतों के बाद मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा,कांग्रेस नेता दिनेश गुप्ता काचरिया सहित अन्य कांग्रेस नेता समर्थन मूल्य पर संचालित चना खरीदी केंद्र पहुंचे। यहां उन्होंने किसानों से सीधी चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं और मौके पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।राजेश शर्मा दोबड़ा, रुपसिंह शक्तावत,कृपालसिंह रिंच्छा, अनिल प्रजापत खेड़ाखादान सहित अन्य किसानों ने बताया कि चना खरीदी में भी स्लॉट बुकिंग नहीं हो पा रहा है। कई बार प्रयास करने के बावजूद स्लॉट नहीं मिल रहा है, जबकि अधिकारी 6 मई से स्लॉट बुकिंग शुरू होने की बात कह रहे हैं। इससे किसानों में असमंजस और चिंता का माहौल बना हुआ है। किसानों का कहना है कि जब फसल का पंजीयन पहले ही हो चुका है, तो फिर स्लॉट बुकिंग जैसी अतिरिक्त प्रक्रिया लागू करने का कोई औचित्य नहीं है। इससे न केवल समय की बबार्दी हो रही है, बल्कि किसानों को आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ रहा है। किसानों ने खरीदी केंद्रों पर अत्यधिक सख्ती और बारीकी से जांच किए जाने पर भी नाराजगी जताई। उनका कहना है कि बार-बार जांच के कारण उनकी उपज को खरीदी में देरी हो रही है, जिससे उन्हें कई दिनों तक इंतजार करना पड़ता है और अतिरिक्त खर्च उठाना पड़ता है। ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा ने सरकार पर हमला बोलते हुवे सरकार की नीयत साफ नहीं है और बड़े व्यापारियों से साठगांठ के चलते किसानों को जानबूझकर परेशान किया जा रहा है।

### न्यूज कालम



## 33 वर्षो की सराहनीय सेवा प्रदान कर शिक्षक जाटोलिया आज होंगे सेवानिवृत

**पिपलिया मंडी।** मिलनसार हंसमुख तथा कुशल नेतृत्व के धनी निनोरा निवासी गरीब परिवार के श्री बद्रीलाल जाटोलिया शिक्षा विभाग में शिक्षक पद पर सेमली,सनावदा, जेतपुरा व खंखराई गांवो में 33 वर्षा तक सराहनीय सेवा प्रदान कर आज 30 अप्रैल 2026 गुरुवार को एकीकृत शा मा विद्यालय खंखराई से 19 वर्षों तक रह कर सेवानिवृत्त होंगे। आपकी 33 वर्षों की सेवा में विशेषता यह रही कि आपके द्वारा दी गई शिक्षा से कोई सीआरपीएफ में, कोई शिक्षक, कोई ग्राम पंचायत में, बैंक व पुलिस में सेवारत हैं, साथ ही सभी विद्यालयों में कभी कोई ना तो गांव वालों की शिकायत रही और ना ही छात्र-छात्राओं की। इसी सेवानिवृत्ति के उपलक्ष में 29 अप्रैल 2026 बुधवार को टोल टैक्स के पास पाटीदार होटल में श्री जाटोलिया के स्वागत कार्यक्रम रखा गया जिसमें शिक्षा विभाग के गांव निनोरा के तथा परिवार जनों ने जाटोलिया का भव्य स्वागत किया और उज्जवल भविष्य की कामना करी।

## भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजु नागदा मोडी की नियुक्ति

**नीमच।** जिले के भारतीय जनता पार्टी के जावेद क्षेत्र के जमीनी कार्यकर्ता राजू नागदा मोदी को भाजपा किसान मोर्चा का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गयाद्य प्रदेश अध्यक्ष श्री हेमंत खंडेलवाल की सहमति से मध्यप्रदेश भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा ने जावद विधानसभा क्षेत्र 230 के छोटे से ग्राम मोडी निवासी राजु नागदा मोडी को नीमच जिला अध्यक्ष पद पर नियुक्ति से कार्यकताओं में हर्ष व्याप्त हो गया है। जावद भाजपा नेताओं एवं कार्यकताओं सहित सुरेश जगत के मित्रों ने भी बधाई देते हुए शुभकामनाएं व्यक्ति की है सहित जावद भाजपा के युवाजनों ने नवनियुक्त किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष राजु नागदा मोडी को फोन लगाकर जिला अध्यक्ष बनने पर बधाई देकर उज्जवल भविष्य की कामनाएं की। भाजपा कार्यकताओं ने कहा की राजू भई के साथ 2 दशक वर्षो पहले भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष काम करने का मौका मिला था । उस वक्त राजु नागदा मोडी, कांग्रेस शासन से डरे नही डटकर सामना करके मुंह तौड जवाब दिया था और तन, मन, धन से भाजपा का कार्य किया और प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी, उस पल को कभी भुलाया नहीं जा सकता। पार्टी नेता कार्यकर्ता सहित जिले भर के युवाओं में हर्ष की लहर व्याप्त हो गई है।



## बस की टक्कर से घायल एक बुजुर्ग व्यक्ति की अस्पताल में मौत

**नीमच।** जिले मे तेज गति व लापरवाही पूर्वक अनियंत्रित गति से वाहन चलाने से एक और दुर्घटना घटित हुई जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई शहर के नीमच सिटी थाना क्षेत्र के भरभड़िया रोड पर तेज गति मे जा रही बस ने एक बुजुर्ग व्यक्ति को टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक अहमद हुसैन कुरैशी पिता मोहम्मद उमर कुरैशी, निवासी छिपा मोहल्ला जावद, नीमच की ओर आ रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही सैय्यद बस क्र एम पी 14 एम एन 0446 के चालक ने तेज गति और लापरवाही मे टक्कर मार दीं जिससे वे गंभीर घायल हो गए।घटना के बाद मौके पर मौजूद राहगीरों ने घायल को तत्काल नीमच अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंचे। इसके बाद शव को जिला अस्पताल ले जाकर पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस ने बस को जब्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## सूने मकान को बदमाशों ने बनाया निशाना, तांबे-पीतल के बर्तन चोरी

**रतलाम।** शहर के माणकचौक थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मोहन टॉकिज क्षेत्र में बीते मंगलवार को चोरी की एक वारदात सामने आई है। यहाँ एक सूने कच्चे मकान का ताला तोड़कर अज्ञात बदमाशों ने घर में रखे पुराने बर्तनों पर हाथ साफ कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, फरियादी मुकेश शर्मा पिता बालेश्वर शर्मा (निवासी 13, हरीराम दरवाजा, मोहन टॉकीज) के सूने मकान को अज्ञात बदमाशों ने निशाना बनाया। घटना उस वक्त हुई जब घर पर कोई मौजूद नहीं था। परिजनों ने बताया कि जब वे वापस लौटे, तब उन्हें घर में हुई चोरी का पता चला।बदमाशों ने घर में रखे तांबे और पीतल के पुराने बर्तनों पर हाथ साफ किया है। चोरी गए सामान में तांबे-पीतल की परात, डिब्बे और हंडे (डेगची) जैसे बर्तन शामिल हैं। घटना के तुरंत बाद पीड़ित पक्ष ने इसकी सूचना माणकचौक थाना पुलिस को दी। पुलिस ने फरियादी की ओर से आवेदन स्वीकार कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से संदिग्धों की तलाश की जा रही है।

## स्थापना दिवस के आयोजन में निकलेगी रथयात्रा, होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

**मन्दसौर।** श्री पार्श्वनाथ जिनालय आदिनाथ विहार का 18वां स्थापना दिवस दो दिवसीय कार्यक्रमों के साथ हर्षोल्लासपूर्वक मनाया जा रहा है। जिनालय ट्रस्ट की प्रवक्ता डॉ. चंदा भरत कोठारी ने बताया 2 मई को पूज्य आर्यिका समर्थश्री माताजी व सार्थकश्री माताजी के सानिध्य में 2 मई को प्रातः 7 बजे श्रीजी का अभिषेक, शांतिधारा, नित्यपूजन व श्री पार्श्वनाथ मण्डल विधान का आयोजन होगा। शाम 7 बजे मंगल आरती तथा 7.30 बजे से यशोधर्मन मैरिज गार्डन में महिला मंडल व वीर सागर पाठशाला के बच्चों द्वारा धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिनालय ट्रस्ट अध्यक्ष सुमतिलाल जैन व सचिव अरुण हरसोला ने बताया 3 मई रविवार को प्रातः 7.30 बजे आर्यिका द्वय के सानिध्य में जिनालय प्रांगण से रथयात्रा निकलेगी जो मुख्य मार्गों का भ्रमण कर जिनालय पर ही पहुंचेगी, यहां अभिषेक, आरती व माताजी के प्रवचन होंगे। पश्चात 11 बजे सकल दिगम्बर जैन समाज का यशोधर्मन मैरिज गार्डन में स्वामी वात्सल्य होगा।



## गायत्री शक्तिपीठ में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा की जिला बैठक संपन्न

**ब्यावरा।** गायत्री शक्तिपीठ ब्यावरा पर भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा की जिला स्तरीय महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। यह बैठक प्रांतीय संयोजक श्रीकृष्ण शर्मा, जिला समन्वयक डॉ. ओ.पी.पंवार, जिला संयोजक रमेश चन्द्र सक्सेना, पू. गुना उपजोन समन्वयक महेश केवट एवं मुख्य ट्रस्टी एड. आशीष उपाध्याय मार्गदर्शन में आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन, देवपूजन एवं अतिथि स्वागत के साथ हुआ। अनीता सोनी एवं शीला दांगी द्वारा गुरु वंदना प्रस्तुत की तथा गायत्री मंत्र के साथ बैठक प्रारंभ हुई। बैठक में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा से अधिक से अधिक विद्यार्थियों को जोड़ने, शिक्षक गरिमा सम्मेलन आयोजित करने तथा जिला समन्वय समिति के पुनर्गठन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। सर्वसम्मति से श्याम सुंदर पाटीदार को राजगढ़ जिला संयोजक भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का दायित्व सौंपा गया। साथ ही सत्यनारायण भट्ट को कोषाध्यक्ष एवं धुरीलाल नागर को सचिव नियुक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन युवा प्रकोष्ठ जिला संयोजक किशोर जानोरिया द्वारा किया गया, जबकि आभार प्रदर्शन एड. चन्द्रहास शर्मा ने व्यक्त किया। बैठक में प्रवीण नामदेव, हरीश सक्सेना, परिव्राजक प्रिंस, संतोष शाक्य, श्रीकृष्ण बंसल, राजेन्द्र शर्मा, बी.एल. गुप्ता, जितेन्द्र गौड़, प्रमोद साहू सहित जिले भर से बड़ी संख्या में गायत्री परिजनों की गरिमामयी उपस्थिति रही। शांतिपाठ के साथ बैठक का समापन हुआ।

## कृषि आदान व्यापारियों ने समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन, बंद की चेतावनी



**सुसनेर।** देशभर के कृषि आदान व्यापारियों की लंबित समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर सोमवार को सुसनेर में व्यापारियों ने एकजुट होकर केंद्र सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन तहसीलदार रामेश्वर दांगी के माध्यम से प्रधानमंत्री को प्रेषित किया गया। ज्ञापन में बताया गया कि नई दिल्ली देश के लगभग 5 लाख खाद, बीज एवं कीटनाशक विक्रेताओं का प्रतिनिधित्व करता है। पिछले 10 वर्षों से व्यापारी विभिन्न प्रशासनिक एवं नीतिगत समस्याओं से जूझ रहे हैं, लेकिन बार-बार निवेदन के बावजूद समाधान नहीं हो सका है। इसी के विरोध में 27 अप्रैल 2026 को देशभर के व्यापारियों द्वारा एक दिन की सांकेतिक हड़ताल की गई। व्यापारियों ने मांग रखी कि उर्वरक कंपनियों द्वारा खाद के साथ अन्य उत्पादों की जबरन लिंकिंग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए तथा उर्वरकों की आपूर्ति सीधे विक्रेताओं के बिक्री केंद्र तक सुनिश्चित की जाए। वर्तमान व्यवस्था में रेल-हेड से उठाव के कारण व्यापारियों पर अतिरिक्त आर्थिक भार पड़ रहा है। इसके साथ ही बढ़ती महंगाई को देखते हुए डीलर मार्जिन को न्यूनतम 8 प्रतिशत करने की मांग भी उठाई गई। ज्ञापन में साथी पोर्टल को ग्रामीण खुदरा विक्रेताओं के लिए वैकल्पिक बनाने, अवैध बीजों की बिक्री पर प्रभावी रोक लगाने, तथा एक्सपायर्ड कीटनाशकों को कंपनियों द्वारा अनिवार्य रूप से वापस लेने का प्रावधान लागू करने की मांग भी शामिल है। व्यापारियों ने चेतावनी दी कि यदि आगामी एक माह में उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो खरीफ सीजन से पहले देशभर में अनिश्चितकालीन बंद किया जाएगा, जिससे कृषि उत्पादन प्रभावित हो सकता है और किसानों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। इस अवसर पर संजय तिवारी, मोहन कानुडीया सहित बड़ी संख्या में कृषि आदान व्यापारी उपस्थित रहे।

## नगर परिषद में पीआईसी का गठन, पांच समितियों के प्रभारियों की नियुक्ति

**सुसनेर।** नगर परिषद में प्रशासनिक कार्यों को अधिक प्रभावी और व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से प्रेसिडेंट-इन-काउंसिल (पीआईसी) का गठन किया गया है। नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी द्वारा जारी आदेश के तहत यह गठन मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम 1961 की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत किया गया है। जारी आदेश के अनुसार परिषद में पांच समितियों का गठन करते हुए उनके लिए अलग-अलग प्रभारियों की नियुक्ति की गई है। श्रीमती लक्ष्मी राहुल सिसोदिया को सामान्य प्रशासन, राजस्व, वित्त एवं लेखा विभाग का दायित्व सौंपा गया है। श्रीमती मीना पवन शर्मा को जल कार्य, सीवरेज, स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। इसी क्रम में श्रीमती स्नेहा युगलकिशोर परमार को लोक निर्माण, उद्यान, विद्युत एवं यांत्रिकी विभाग का प्रभारी बनाया गया है। श्रीमती सोनिया अर्जुन जाटव को योजना, यातायात, परिवहन एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जबकि श्रीमती रेखा दिलीप जैन को शहरी गरीबी उपशमन विभाग का प्रभार दिया गया है। नगर परिषद द्वारा स्पष्ट किया गया है कि सभी नियुक्त प्रभारी अध्यक्ष के निदेर्शानुसार अपने-अपने विभागों का कार्य संचालन करेंगे। साथ ही पीआईसी की बैठकों की अध्यक्षता भी अध्यक्ष द्वारा ही की जाएगी। इस आदेश की प्रतिलिपि संबंधित विभागों को भेज दी गई है। ताकि सभी नव नियुक्त प्रभारी शीघ्र ही अपने दायित्वों का निर्वहन प्रारंभ कर सकें।

## बोहरा समाज के हज यात्रियों का स्वागत



**शाजापुर।** शहर से बोहरा समाज के लोग हज यात्रा के लिए रवाना हुए। हज यात्रा पर जाने वाले समाजजनों का मंगलवार सुबह 11 बजे पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया। हज यात्रियों से विश्व में खुशहाली की दुआएं किए जाने की दरख्वास्त की गई।

### सड़क सुरक्षा अभियान के तहत लोगों को किया जागरूक -

# ब्यावरा में सड़कों की दुर्दशा, हेलमेट है जीवन की सुरक्षा

### सुठालिया बायपास रोड खतरनाक व जानलेवा गड्डो में हुआ तब्दील

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा-राजगढ़।



प्रदेश में सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार के मछुआ कल?याण एवं मत?स?य विकास विभाग के मंत्री पंवार ने प्रदेश के सभी नागरिकों से अनुरोध किया कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग जरूर करें। यह केवल नियम नहीं, बल्कि जीवन की सुरक्षा का सबसे महत्वपूर्ण साधन है। मगर राज्यमंत्री यह भूल गए कि उनकी ही विधानसभा क्षेत्र ब्यावरा में सड़कों की हालत बहुत ही दयनीय है। सुठालिया बायपास तिराहे पर रोड पूरी तरह से उखड़ चुका है और उक्त सड़क एक खतरनाक व जानलेवा गड्ढे में तब्दील हो चुकी है। वही पुलिया के बीचो-बीच सड़क पर एक गड्ढा हो गया और उसमें से सरिया बाहर निकलने लगा है। बस स्टेशन के समीप सुठालिया रोड पर भी एक खतरनाक गड्ढा है जिसके कारण आए दिन दुर्घटनाए एवं जाम की स्थिति निर्मित होती है। सिविल अस्पताल रोड पर नवनिर्मित सड़क बनते बनते अपनी दुर्दशा पर आंसू बहाने लगी है। इन सड़कों पर प्रतिदिन सैकड़ो वाहनों की आवाजाही लगी रहती है। उधर राज्यमंत्री ने एक बयान में बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली अधिकांश मौतें सिर में गंभीर चोट लगने के कारण होती हैं, जिन्हें हेलमेट पहनकर काफी हद तक टाला जा सकता है। एक छोटी-सी सावधानी बड़े-बड़े व खतरनाक गड्ढो में न केवल आपकी जान बचा सकती है, बल्कि आपके परिवार को भी सुरक्षित व खुशहाल बनाए रखती है। इसलिए वाहन चलाते समय यातायात के नियमों का पालन करें। ड्राइविंग के दौरान मोबाइल फोन का उपयोग न करें, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाएं और हर बार हेलमेट पहनना सुनिश्चित करें। और सड़क सुरक्षा अभियान में सक्रिय सहयोग करें। जिम्मेदार नागरिक का कर्तव्य निभाते हुए खुद भी सुरक्षित रहें और दूसरों को भी सुरक्षित रखें। ₹आपकी सुरक्षा ही आपके परिवार की खुशी हैद्व सड़क सुरक्षा अभियान के दौरान इस संदेश को शासन प्रशासन के जिम्मेदार पदाधिकारी बार-बार दोहरा रहा मगर उनका ध्यान सड़कों की दुर्दशा पर बिलकुल नहीं है। शहर की उबड़-खाबड़ सड़के ही दुर्घटना का मुख्य कारण है। कई जगह तो सड़क में गड्ढे हैं या गड्ढे में सड़क पता ही नहीं चल पा रहा इसलिए सरकार और उनके नुमाईनदे बार-बार नागरिकों से अनुरोध कर रहे है कि हमेशा सजग और जिम्मेदार बने रहिए।

## पिपलोन मदकोटा रोड पर अतिक्रमण अब भी जारी

**तनोडिया।** नगर में सड़कों पर अतिक्रमण की समस्या लगातार बनी हुई है, लेकिन प्रशासन की कार्रवाई का इंतजार हो रहा है। अपनी अपनी दुकानों के सामने समान रखकर रोड पर अतिक्रमण किया जा रहा है। पंचायत सचिव अमित बर्डे ने दुकानदारों से बातचीत कर उन्हें चेतावनी दी जिसमें सभी ने कहा कि वे अगले दिन से समान नहीं रखेंगे। इसी तरह, पिपलोन चौपाटी,माकडोन रोड तक कई दुकानदारों ने टीन सेट लगाकर सड़क पर अतिक्रमण किया हुआ है। स्थानीय प्रशासन ने पुनः अपील की कि तत्काल प्रभाव से अतिक्रमण हटाया जाए, अन्यथा शासन स्तर से कार्रवाई की जाएगी, हालांकि पंचायत ने अभी तक कोई वास्तविक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू नहीं की है और सभी को चेतावनी दी है। नगर में मुख्य बाजार का निरीक्षण कर दुकानदारों को चेतावनी दी गई है। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

## बोड़ा पुलिस ने हेलमेट पहनने वालों का किया अनूठा सम्मान



**ब्यावरा-राजगढ़।** सड़क सुरक्षा केवल एक नियम नहीं, बल्कि जीवन बचाने का एक संकल्प है। इसी संकल्प को धरातल पर उतारने के लिए राजगढ़ जिले के वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में बोड़ा थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह राजपूत ने एक अनूठा और सकारात्मक नवाचार किया गया। जहाँ एक ओर नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई की जा रही है, वहीं दूसरी ओर यातायात नियमों का पालन करने वालों को 'गांधीगिरी' के अंदाज में सम्मानित किया जा रहा है। सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत बोड़ा पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस का दो अलग-अलग चेहरा देखने को मिला। बगैर हेलमेट बाइक चलाने वाले चालकों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई करते हुए उनके चालान काटे गए। इस अभियान की सबसे खास बात थाना प्रभारी का नवाचार रहा। जो चालक हेलमेट पहनकर वाहन चला रहे थे या जिन्होंने पुलिस की समझाइश के बाद तत्काल हेलमेट खरीदकर सुरक्षा का संकल्प लिया, थाना प्रभारी ने स्वयं हाथ जोड़कर और पुष्प माला पहनाकर उनका स्वागत किया। अभियान के दौरान थाना प्रभारी ने आमजन को संदेश देते हुए कहा कि हेलमेट पहनना पुलिस के डर से नहीं, बल्कि स्वयं की सुरक्षा के लिए अनिवार्य होना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि जब आप घर से बिना हेलमेट निकलते हैं, तो केवल अपनी जान जोखिम में नहीं डालते, बल्कि अपने पूरे परिवार की खुशियाँ दांव पर लगा देते हैं। एक हेलमेट आपकी सुरक्षा और आपके परिवार की रक्षा की सबसे बड़ी गारंटी है। आमतौर पर पुलिस चेकिंग को लोग डर या तनाव से जोड़कर देखते हैं, लेकिन बोड़ा पुलिस के इस 'सम्मान वाले नवाचार' ने जनता का दिल जीत लिया। पुष्प माला से सम्मानित हुए चालकों ने खुशी जाहिर करते हुए अन्य लोगों से भी हेलमेट लगाने का आग्रह किया । फोटो ब्यावरा 28, 29

### शादी के 23 दिनों में पत्नी को ले गए परिजन

# पत्नी को वापस दिलाने कलेक्ट्रेट पहुंचा 4 फीट का दूल्हा, सोशल मीडिया से हुई थी दोस्ती

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास



देवास में एक अनोखा मामला सामने आया है, जहां 4 फीट के दूल्हे प्रकाश रावत ने अपनी पत्नी को वापस दिलाने के लिए कलेक्टर कार्यालय से गुहार लगाई है। प्रकाश की शादी 21 मार्च को हुई थी, लेकिन महज 23 दिन बाद ही 13 अप्रैल को युवती के परिजन उसे अपने साथ ले गए।

इमलीपुरा कमलापुर निवासी प्रकाश रावत ने बताया कि उनकी मुलाकात युवती से सोशल मीडिया के जरिए हुई थी। दोनों के बीच बातचीत बढ़ी और फिर आपसी सहमति से उन्होंने मंदिर में और बाद में कोर्ट में शादी कर ली।

शादी के बाद सब कुछ सामान्य चल रहा था। लेकिन 13 अप्रैल को युवती के परिजन अचानक आए और उन्हें कमलापुर थाना बुलाया। प्रकाश का आरोप है कि थाने से युवती के परिजन उसे जबरदस्ती अपने साथ ले गए।

**पत्नी को नहीं भेज रहे मायके वाले**

प्रकाश का कहना है कि उसकी पत्नी को मायके पक्ष के लोग अपने साथ ले गए हैं और अब उसे वापस नहीं भेज रहे हैं। वह लगातार अपनी पत्नी को वापस लाने की कोशिश कर रहा है, लेकिन उसकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने इसे वन स्टॉप सेंटर भेज दिया है। प्रकाश अपने परिवार के साथ वन स्टॉप सेंटर पहुंचा और प्रशासक गीता ठाकुर को अपनी आपबीती और पूरा घटनाक्रम बताया। उसने विवाह के दस्तावेज और अन्य संबंधित जानकारी भी दी।

प्रशासक गीता ठाकुर ने बताया कि उन्होंने लड़की पक्ष वालों से फोन पर बात की है और उन्हें बुधवार को वन स्टॉप सेंटर पर बुलाया है। उन्होंने यह भी पुष्टि की कि प्रकाश ने शादी के सारे दस्तावेज प्रस्तुत किए हैं और दोनों बालिग हैं। काउंसलिंग के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम को मंडल के बूथ पर सुनी

**तनोडिया।** भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्धारित संगठनत्मक कार्यक्रम के निमित्त प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात का आयोजिन मंडल के सभी बूथ स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया सभी कार्यकर्ता अपने-अपने स्थान पर स्क्रीन या मोबाइल फोन व रेडियो लगाकर प्रधानमंत्री श्री मोदी जी के मन की बात के विचारों को सुनवाया गया ताकि उनके हम सबके लिए प्रेरणादायक विचार सबके मन में जागृत हो सके। मंडल के नगर में बूथ क्रमांक 245 पर जिला उपाध्यक्ष डॉ राहुल जैन, जिला मीडिया प्रभारी महेश शर्मा,बूथ अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा व कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के लाइव प्रसारण में पहुंचकर मन की बात को सुनी। एवं जिला सह कोषाध्यक्ष महेश कुमार मित्तल ने बूथ क्रमांक 248 व 249 और 250 में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम में मोबाइल पर उनके सीधे प्रसारण को सुना। इस दौरान जिला मीडिया प्रभारी महेश शर्मा तनोडिया, दीपक मंडवाल,मेरबानसि चौहान, गोपाल सुर्यवंशी , ओमप्रकाश सोनी सहित प्रबुद्ध जनों युवाओं और किसान भाइयों तथा लाभार्थी हितग्राहियों एवं सर्व समाज के लोगों ने प्रधानमंत्री श्री मोदी जी के अनुकरणीय विचार ही मन की बात कार्यक्रम के तहत सुने और विकसित एवं समृद्ध भारत के भाव का संकल्प लेकर सुना गया। पार्टी समस्त बूथ अध्यक्ष,कार्यकारणी के पदाधिकारी,जिला पदाधिकारी, समस्त बूथ,संयोजक, सहसंयोजक, शक्ति केंद्र प्रभारी,अध्यक्ष, बूथ समिति, जिला वरिष्ठ, ज्येष्ठ, श्रेष्ठ, देवतुल्य, पंच, सरपंच, जनपद ने मन की बात को अपने-अपने बूथ पर सुना।

### डीजल चोरी गिरोह के दो और सदस्य गिरफ्तार

# गिरोह उज्जैन से महाराष्ट्र तक सक्रिय, वाहनों से निकालते थे फ्यूल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

देवास पुलिस ने डीजल चोरी के एक बड़े मामले में दो और फरार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही इस गिरोह के कुल पांच सदस्य अब तक सलाखों के पीछे भेजे जा चुके हैं।

औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस ने पहले ग्राम दुपाड़ा (जिला शाजापुर) से कृष मालवीय, आबिद मेव उर्फ अल्लु और अनिल चावरे उर्फ अन्ना को गिरफ्तार किया था। अब पुलिस ने फरार चल रहे समीर मेव उर्फ तोता (पिता नूर मोहम्मद मेव) और धर्मेन्द्र उर्फ धर्मराज फुलेरिया (उम्र 22 वर्ष) को शाजापुर से पकड़ा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) जयवीर सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी शशिकांत चौरसिया के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने मुखबिर तंत्र और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर इन आरोपियों को दबोचा। पुलिस ने रिमांड पर लेकर पूछताछ की, जिसमें चोरी किया गया डीजल भी बरामद किया गया है।

पूछताछ में सामने आया कि यह गिरोह रात में अपने गांव दुपाड़ा से निकलकर उज्जैन, देवास, इंदौर, पीथमपुर और धार सहित छत्तीसगढ़ व महाराष्ट्र तक सक्रिय रहता था। संदेह से बचने के लिए आरोपी लग्जरी कारों का इस्तेमाल करते थे।

मामले में पूछताछ के दौरान कई अन्य संदिग्धों के नाम भी सामने आए हैं, जिनकी तलाश में पुलिस की टीमें जुटी हुई हैं। पुलिस का कहना है कि दुपाड़ा क्षेत्र में डीजल चोरी करने वाले कई गिरोह सक्रिय हैं और जल्द ही अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी

### भीषण गर्मी में शीतल जल से राहत :

# नपाध्यक्ष शहर के प्याऊ में डलवा रहे नपा के टेंकर से पानी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर




शहर में बढ़ते पारे और भीषण गर्मी के बीच आम जनमानस को राहत देने के लिए नगरपालिका प्रशासन पूरी तरह सक्रिय नजर आ रहा है। इसी कड़ी में नगरपालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल ने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए शहर के विभिन्ना चौराहों और सार्वजनिक स्थानों पर लगे प्याऊ का औचक निरीक्षण किया और उनमें जल आपूर्ति सुनिश्चित करवाई। उन्होंने कहा कि प्याऊ नगरपालिका द्वारा स्थापित किया गया हो या फिर किसी निजी सामाजिक संगठन एवं व्यक्ति द्वारा लगाया गया हो उसमें नपा के टेंकर पहुंचकर हरेक प्याऊ में शुद्ध जलापूर्ति करेंगे। अध्यक्ष पालीवाल ने कहा कि टैंकरों के माध्यम से प्याऊ भरने की प्रक्रिया की मैं खुद निगरानी कर रहा हूं। राहगीरों और मजदूरों के लिए शीतल पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की गई। पानी भरने के साथ-साथ प्याऊ के आसपास साफ-सफाई बनाए रखने के सख्त निर्देश दिए गए।

**जनता के बीच पहुंचे अध्यक्ष**

निरीक्षण के दौरान नगरपालिका अध्यक्ष पालीवाल ने कहा कि झुलसा देने वाली गर्मी में प्यासे को पानी पिलाना सबसे बडा पुण्य है। हमारा लक्ष्य है कि शहर का कोई भी राहगीर पानी के लिए परेशान न हो। हमने टीम को निर्देशित किया है कि प्रतिदिन सुबह और शाम प्याऊ की जांच की जाए और सुनिश्चित किया जाए कि वे कभी खाली न रहें। बस स्टैंड और मुख्य बाजार में मौजूद आम नागरिकों ने अध्यक्ष पंकज पालीवाल की इस पहल का स्वागत किया है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि समय पर पानी की उपलब्धता होने से धूप में काम करने वाले मजदूरों और दूर-दराज से आने वाले यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी।

**इनका कहना है**

नगरपालिका ने आम जनता से भी अपील की है कि वे पानी की बबार्दी न करें और यदि किसी क्षेत्र में प्याऊ खाली मिलता है, तो तुरंत संबंधित वार्ड पार्षद या नगरपालिका कार्यालय को सूचित करें।

**पंकज पालीवाल, नपाध्यक्ष, नपा सारंगपुर।**

### देवास में शादी परिसर के एक कमरे में लगी आग

# चौकीदार ने सभी को जगाया, धुएं के बीच 150 लोगों को बचाया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

देवास के मक्सी रोड स्थित एक शादी परिसर के कमरे में बुधवार सुबह 5 बजे आग लग गई, जहां 150 से अधिक लोग सो रहे थे, लेकिन चौकीदार की सतर्कता से सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

**शॉर्ट सर्किट से भड़की आग**

प्राथमिक जानकारी के अनुसार, आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी। कमरे में रखे पेंट और अन्य ज्वलनशील सामग्री ने आग को तेजी से फैलने में मदद की। देखते ही देखते आग से धुएं का गुबार पूरे ऊपरी हिस्से में फैल गया। अधिकांश लोग गहरी नींद में थे, जिससे खतरा और बढ़ गया।

**चौकीदार ने दिखाई सतर्कता**



परिसर के चौकीदार ने समय रहते धुआं और आग को देख लिया। उसने तुरंत सभी लोगों को जगाया और बिजली की सप्लाई बंद कर दी। अचानक मची अफरा-तफरी के बीच लोग धुएं के बीच से किसी तरह नीचे ग्राउंड फ्लोर तक पहुंचे। धुआं अधिक होने के कारण उतरने में काफी दिक्कत हुई।

**दुल्हन पक्ष के लोग थे पास में**

जिस कमरे में आग लगी, उसके पास ही दुल्हन पक्ष के लोग ठहरे हुए थे, जिससे स्थिति और ज्यादा संवेदनशील हो गई थी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और करीब 1 से 2 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया।

**एक कमरे तक सीमित रही आग**

राहत की बात यह रही कि आग एक ही कमरे तक सीमित रही और पूरे परिसर में नहीं फैली, जिससे बड़ा नुकसान टल गया। जानकारी के मुताबिक, सिरोलिया गांव का एक परिवार यहां ठहरा था और बुधवार को लड़की का विवाह होना था।

**कोई जनहानि नहीं, सभी सुरक्षित**

परिसर प्रबंधक राजेंद्र सिंह बेस ने बताया कि शॉर्ट सर्किट से आग लगी थी और सभी लोग सुरक्षित हैं, किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। स्थानीय लोगों ने चौकीदार की सूझबूझ और सतर्कता की सराहना की, जिसकी वजह से एक बड़ा हादसा टल गया।

## ग्राम मोड़ी में कलेक्टर की ग्राम चौपाल, योजनाओं की जानकारी व ऑन-द-स्पॉट निराकरण

**सुसनेर।** जनपद के ग्राम मोड़ी में मंगलवार सायं आयोजित ग्राम चौपाल में कलेक्टर प्रीति यादव के नेतृत्व में जिला प्रशासन की टीम ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की। शासकीय माध्यमैक विद्यालय मोड़ी में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह, अपर कलेक्टर आर.पी. वर्मा, सीईओ जिला पंचायत बी.एस. सोलंकी, एसडीएम सुसनेर किरण बरबड़े, डिप्टी कलेक्टर सर्वेश यादव, कमल मंडलोई सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। ग्राम चौपाल में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए, जहां ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही पात्र हितग्राहियों को ऑन-द-स्पॉट लाभ भी वितरित किए गए। पुलिस विभाग द्वारा यातायात नियमों के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमें राह वीर योजना, हिट एंड रन प्रावधानों की जानकारी तथा हेलमेट वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर द्वारा सांवरिया समूह को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया तथा जय नारायण गिरिराज को सिंचाई यंत्र वितरित किया गया। साथ ही लाड़ली लक्ष्मी योजना के अंतर्गत हितग्राहियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए।

# बद्रीनाथ के पास

# व्यास गुफा-भीम पुल जैसे डिवाइन स्पॉट्स जरूर देखें




बद्रीनाथ धाम यात्रा के दौरान, श्रद्धालुओं को भविष्य बद्री, वेद व्यास गुफा, महाभारतकालीन भीम पुल, वसुधारा झरना और तप्त कुंड जैसे पांच पौराणिक स्थलों के दर्शन करने चाहिए, अपना-अपना धार्मिक और रहस्यमयी महत्व है।

**चारधाम** की यात्रा शुरू हो चुकी है। बद्रीनाथ धाम के कपाट 23 अप्रैल 2026 को खुल चुके हैं। धार्मिक मान्यता के अनुसार, बद्रीनाथ के दर्शन करने से व्यक्ति जन्म मरण के चक्र से मुक्त हो जाता है। ऐसे में बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलते ही यहां लाखों की संख्या में भक्त दर्शन के लिए आते हैं। बद्रीनाथ कपाट खुलते ही लोगों ने यहां पर दर्शन करने के लिए प्लान बनाना शुरू कर दिया होगा। हर साल यहां पर लाखों की संख्या में भक्त दर्शन के लिए आते हैं। बद्रीनाथ के पास ऐसे कई स्थान मौजूद है जिनको शास्त्रों व पौराणिक कथाओं में रहस्यमयी और चमत्कारी बताया है। आइए आपको बताते हैं बद्रीनाथ के पास आप किन जगहों के दर्शन करने के लिए जा सकते हैं।



## भविष्य बद्री

बद्रीनाथ धाम के दर्शन करने के बारे में प्लान बना रहे हैं, तो आप यहां मौजूद भविष्य बद्री के दर्शन करने जरुर जाएं। इसे भविष्य का बद्रीनाथ भी कहा जाता है, जो जोशीमठ से थोड़ी दूरी पर स्थित है। इसके पीछे धार्मिक मान्यता है कि जब कलयुग अपने चरम पर होगा, तो नर और नारायण पर्वत आपस में मिल जाएंगे। जिसके बाद बद्रीनाथ पहुंचना संभव नहीं होगा। तब भविष्य बद्री में ही बद्रीनाथ विराजमान रहेंगे।

## श्री वेद व्यास गुफा

मान्यता है कि महर्षि व्यास ने इसी गुफा में तपस्या करते हुए चारों वेदों और गीता का संकलन किया था, इसी वजह से इसका नाम व्यास गुफा पड़ा। कहा जाता है कि यह गुफा लगभग 5 हजार साल पुरानी और अत्यंत पवित्र मानी जाती है। इसकी छत की बनावट ऐसी है, जैसे किसी किताब के पन्ने एक के ऊपर एक रखे हों। इसी कारण इसे ह्यव्यास पुस्तकह्ण के नाम से भी पुकारा जाता है। लोककथाओं के अनुसार, समय के साथ यह दिव्य पुस्तक पत्थर का रूप ले चुकी है।

## भीम पुल

बद्रीनाथ मंदिर जाने के साथ-साथ आप भीम पुल के दर्शन भी कर सकते हैं। यह माना गांव के पास सरस्वती नदी के झरने पर स्थित है। धार्मिक मान्यताओं और प्राचीन कथाओं के अनुसार, महाभारत काल में जब पांडव द्रौपदी के साथ स्वर्ग की यात्रा पर निकले थे, तब उनके मार्ग में यह नदी आई थी। उस समय भीम ने द्रौपदी को पार कराने के लिए एक बड़ा पत्थर उठाकर नदी पर रख दिया, जिससे रास्ता आसान हो गया। ऐसा भी कहा जाता है कि नदी के किनारे जो लगभग 20 फीट लंबे पदचिह्न नजर आते हैं, उन्हें भीम के पैरों के निशान माना जाता है।



## वसुधारा झरना

बद्रीनाथ से लगभग 8 किलोमीटर की दूरी पर यह पवित्र स्थित है। वसुधारा को बहुत ही पवित्र स्थान माना जाता है। वसुधारा झरने का पानी करीब 400 फीट की ऊंचाई से नीचे गिरता है। कहा जाता है कि इसकी धारा खूबसूरत मोतियों जैसी है जो स्वर्ग में होने का अहसास कराती है। मान्यता है कि जिस व्यक्ति पर पाप का बोझ होता है, उस पर इस झरने की एक भी बूंद नहीं गिरती। स्थानीय लोगों के अनुसार, केवल वही व्यक्ति इसकी बूंदों को महसूस कर पाता है, जिसका मन और कर्म शुद्ध होते हैं।

## तप्त कुंड

बद्रीनाथ मंदिर के पास अलकनंदा नदी के पवित्र तट पर एक प्राकृतिक गर्म पानी का कुंड मौजूद है। श्रद्धालु बद्रीनाथ धाम के दर्शन करने से पहले इस कुंड में स्नान करने जरुर आते हैं। माना जाता है कि इस पवित्र कुंड में स्नान करने का खास महत्व बताया जाता है और इसके साथ पानी को औषधीय गुणों से भरपूर माने जाते हैं, जिसमें स्नान करने से हेल्थ संबंधित समस्याएं दूर हो जाती है।



# क्यों मनाई जाती है जानकी जयंती?

सीता नवमी को देवी सीता के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है। विवाहित स्त्रियाँ सीता नवमी के दिन व्रत रखती हैं तथा अपने पतियों की दीघार्यु की कामना करती हैं। पौराणिक ग्रंथों के अनुसार, सीता जयन्ती वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को मनायी जाती है। मान्यता है कि देवी सीता का जन्म मंगलवार के दिन पुष्य नक्षत्र में हुआ था। देवी सीता का विवाह भगवान राम से हुआ था, जिनका जन्म भी चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को हुआ था।

भगवान श्रीराम की पत्नी सीताजी राजा जनक की पुत्री हैं इसलिए उन्हें जानकी नाम से भी पुकारा जाता है। रामायण ग्रंथ के अनुसार सीताजी ने उच्च मर्यादित जीवन जिया और सारा जीवन अपने पति भगवान श्रीराम के प्रति समर्पित रहीं। भारतीय देवियों में भगवती श्रीसीताजी का स्थान सर्वोत्तम है। रामायण ग्रंथ के मुताबिक प्राचीन काल में मिथिलापुरी में सीरध्वज जनक नाम के प्रसिद्ध धर्मात्मा राजा राज्य करते थे। वे शास्त्रों के ज्ञाता, परम वैराग्यवान तथा ब्रह्मज्ञानी थे। एक बार राजा जनक यज्ञ के लिए भूमि जोत रहे थे। भूमि जोतते समय हल का फाल एक घड़े से टकरा गया। राजा ने वह घड़ा बाहर निकलवाया। उससे राजा को अत्यन्त ही रूपवती कन्या की प्राप्ति हुई। राजा ने उस कन्या को भगवान का दिया हुआ प्रसाद माना और उसे पुत्री के रूप में बड़े लाड़ प्यार से पाला। उस कन्या का नाम सीता रखा गया। जनक की पुत्री होने के कारण वह जानकी भी कहलाने लगीं। धीरे धीरे जानकीजी विवाह योग्य हो गयीं। महाराज जनक ने धनुष यज्ञ के माध्यम से उनके स्वयंवर का आयोजन किया। निमंत्रण पाकर देश विदेश के राजा मिथिला में आये। महर्षि विश्वामित्र भी श्रीराम और लक्ष्मण के साथ यज्ञोत्सव देखने के लिए मिथिला में पधारे। राजा जनक को जब उनके आने का समाचार मिला तब वे श्रेष्ठ पुरुषों और ब्राह्मणों को लेकर उसने मिलने के लिए गये। श्रीराम की मनोहारिणी मूर्ति देखकर राजा विशेष रूप से विदेह हो गये।

Sport

राजस्थान ने छह विकेट से दर्ज की बड़ी जीत, यशस्वी और फरेरा ने खेली अर्धशतकीय पारियां

# रॉयल्स ने रोका पंजाब का विजय रथ

**एजेंसी ▸▸ मुल्लांपुर**

गजब का रन-चेज। मंगलवार को इसकी नींव रखी राजस्थान रॉयल्स के ओपनरों ने। शुरूआत में सूर्यवंशी ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की। जल्द ही यशस्वी ने भी रफ्तार पकड़ ली। दोनों के आउट होने के बाद थोड़ी देर के लिए पारी लड़खड़ाई पर पराग और दुबे ने छोटी मगर अहम पारियां खेलीं। अंत में फरेरा पूरी तरह छा गए।

उन्होंने छक्के के साथ राजस्थान को छह विकेट से बड़ी जीत दिलाई। साथ ही पंजाब किंग्स का सात मैचों से चला रहा अजेय रथ भी रोक दिया। पंजाब ने प्रभसिमरन (59) और स्टोइनिस (62 नाबाद) की पारियों से चार विकेट पर 222 रन बनाए। राजस्थान ने लक्ष्य 19.2 ओवर में चार विकेट पर 228 रन बनाकर हासिल कर लिया। यशस्वी ने 51, सूर्यवंशी ने 43 और पराग ने 29 रन बनाए। अंत में फरेरा (52) ने दुबे (31) के साथ पांचवें विकेट के लिए 32 गेंदों में अटूट 77 रन जोड़कर टीम को सत्र की छठी जीत दिलाई।

सूर्यवंशी और यशस्वी ने तूफानी शुरूआत दिलाई। सूर्यवंशी ने अर्शदीप की लगातार गेंदों पर छक्के और दो चौकों से खाता खोलने के बाद अगले ओवर में लॉकी फर्ग्युसन की लगातार गेंदों पर चौका और दो छक्के मारे। सूर्यवंशी ने अर्शदीप के अगले ओवर में भी छक्का जड़ा लेकिन अगली गेंद पर मिड ऑफ से पीछे की ओर दौड़ते हुए कप्तान श्रेयस ने उनका कैच लपका।

इसके बाद यशस्वी ने तेवर दिखाए। टीम ने पावरप्ले में एक विकेट पर 84 रन बनाए। जुरेल (16) चाहल की गेंद पर यानसेन को कैच दे बैठे। कप्तान पराग ने चाहल पर चौके से खाता खोला। फिर बराड पर रिवर्स स्वीप से छक्का जड़ा। यशस्वी ने चाहल पर चौके के साथ 26 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। अगली गेंद पर सूर्यांश शेडगे को कैच दे बैठे। पराग भी आउट हो गए।

इससे पहले प्रभसिमरन ने प्रियांश (29) के साथ पहले विकेट के लिए 37 और कोनोली (30) के साथ दूसरे विकेट के लिए 59 रन भी जोड़े। अंत में स्टोइनिस ने बृजेश के अंतिम ओवर में तीन चौकों और दो छक्कों से 24 रन बटोरे।



### यश का स्वागत लगातार दो छक्कों के साथ किया

कोनोली ने यश का स्वागत लगातार दो छक्कों के साथ किया। फिर जडेजा की गेंद को भी दर्शकों के बीच पहुंचाया। कोनोली हालांकि यश के अगले ओवर में बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में लॉन्ग ऑफ पर फरेरा को आसान कैच दे बैठे। प्रभसिमरन ने जडेजा की गेंद पर एक रन के साथ सत्र का अपना चौथा अर्धशतक पूरा किया।

# नॉरी को हरा सिनेर अंतिम आठ में, इतिहास रचने से तीन जीत दूर

**एजेंसी ▸▸ मैड्रिड**

लगातार धमाल मचा रहे दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनेर टेनिस कोर्ट पर इतिहास रचने के करीब हैं। यहां जारी मैड्रिड ओपन में उन्होंने मंगलवार को कैमरून नॉरी को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। इसके साथ ही वह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने के और पास पहुंच गए हैं।

अकेले खिलाड़ी बनेंगे : चार ग्रैंड स्लैम खिताब जीत चुके इटली के 24 वर्षीय सिनेर लगातार पांच एटीपी मास्टर्स 1000 स्तर के खिताब जीतने से अब सिर्फ तीन जीत दूर रह गए हैं। अगर वह यहां खिताब हासिल कर लेते है तो टेनिस के इतिहास में (1990 के बाद) ऐसा करने वाले दुनिया के पहले खिलाड़ी बन जाएंगे। हालांकि वह यहां कभी क्वार्टर से आगे नहीं बढ़े हैं। इससे पहले उन्होंने लगातार चार एटीपी मास्टर्स 1000 खिताब जीते हैं। इनमें पेरिस, इंडियन वेल्स, मियामी और मोंटे कार्लो टूनामेंट शामिल हैं। उनकी उपलब्धि के स्तर का अंदाजा इसी से लगाया जा सकती है कि दिग्गज नोवाक जोकोविच, राफेल नडाल और रोजर फेडरर भी यह उपलब्धि कभी हासिल नहीं कर सके।



## विनेश 20 महीने बाद करेंगी वापसी

**नई दिल्ली।** भारत की स्टार महिला पहलवान विनेश फोगाट 20 महीने बाद किसी कुश्ती टूनामेंट में हिस्सा लेंगी। उन्होंने मंगलवार को उत्तर प्रदेश की नेशनल ओपन रैंकिंग टूनामेंट के लिए रजिस्ट्रेशन कराया। विनेश ने सोशल मीडिया मंच ह्यएक्सह्ण पर पोस्ट में इसकी जानकारी दी। पेरिस ओलंपिक 2024 में अधिक वजन पर अयोग्य घोषित होने के बाद यह उनकी पहली प्रतियोगिता होगी। हालांकि उन्होंने पहले आरोप लगाया था कि भारतीय कुश्ती महासंघ उन्हें टूनामेंट में हिस्सा लेने से रोक रहा है। विनेश ने लिखा-आज सुबह मेरा रजिस्ट्रेशन पूरा हो गया। कल लिंक बंद होने की वजह से मैं रजिस्ट्रेशन नहीं कर पाई थी। सभी के समर्थन का धन्यवाद।

Vividh FIN Solutions
अनुभवी अकाउण्टेंट की आवश्यकता है
जिसे TDS, PF, GST, Balance Sheet Finalization का अनुभव हो, फुल टाइम, वेतन योग्यतानुसार।
Vivek Sharma
Mob.: 9406650396, 9826669932
Viveksharma142000@yahoo.co.in
248, 2nd Floor, Giriraj Heritage, Madhav Club Road, Ujjain

मकान बेचना है
गणेशपुरा मक्सी रोड मेन चौराहा, गली नंबर 1 में 20x40 में निर्मित सर्वसुविधा युक्त मकान बेचना है।
संपर्क 8717818385

विज्ञप्ति
क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बॉय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।
चन्द्रकान्त शुक्ला मो. 9406801039

आवश्यकता है
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें 9575555715, 9425094114

कर्मचारी की आवश्यकता
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

तुरंत लोन
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पता: श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

प्लाट बेचना है
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है । प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

आवश्यकता है
मार्केटिंग / सेल्समैन वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क मो.9575477077

आवश्यकता है
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें 9300405252

आवश्यकता है
कर्मचारियों की आवश्यकता रेस्टोरेंट में कार्य करने हेतु रोटी वाली बाई एवं दो वेटर की आवश्यकता है
संपर्क मोबा. 9827 820 470

अवश्यकता है
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

आवश्यकता
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

रद्दी बेचना है
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

अवश्यकता है
दुकान पर काम करने हेतु युवक और युवती की।
कोट पेन्ट बनाने वाले कारीगर की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
प्रोमिस टेलर मेट्रो टॉकीज के सामने (उज्जैन)
संपर्क करें 7974817308, 9516848052

रेंट पर देना/आवश्यकता
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क 9826398272

कर्मचारियों की आवश्यकता है
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

वॉटर प्रुफिंग
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

# आईडीए की फर्जी एनओसी की शिकायत थाने पहुंची

## भू-अर्जन अधिकारी ने मामले को लेकर पुलिस में लिखित शिकायत की, जिसमें विधि विभाग के एक कर्मचारी पर शंका जाहिर की गई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में हुए आईडीए के फर्जी एनओसी घोटाले को लेकर अब पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। आईडीए अधिकारियों ने इस मामले को लेकर पुलिस में लिखित शिकायत की है, जिसमें विधि विभाग के एक कर्मचारी पर शंका जाहिर की गई है।

मामला 97 पार्ट 4 बिजलपुर की जमीन का है। यह जमीन आईडीए की योजना में शामिल है। हाल ही में जमीन मालिक की ओर से टीएनसीपी में ले-आउट स्वीकृति के लिए आवेदन लगाया गया था। जांच में पता चला कि आईडीए से जारी की गई एनओसी और प्रारूप में साइन का अंतर है। यह एनओसी प्लानिंग और भू-अर्जन दोनों विभागों से जारी हुई थी।

आईडीए के भूअर्जन अधिकारी सुदीप मीणा और मुख्य नगर नियोजक ने थाना तुकोगंज को कार्रवाई के लिए पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में भू-अर्जन अधिकारी सुदीप मीणा का कहना है कि नकली साइन कर फर्जी एनओसी बनाने का



मामला हमारे सामने आया है। मेरे भी नकली साइन बनाकर फर्जी एनओसी बनाई गई है। पुलिस को आवेदन देकर कार्रवाई के लिए कहा है। वहीं एडिशनल डीसीपी राम सनेही मिश्रा ने कहा कि आईडीए के भूअर्जन अधिकारी का पत्र मिला है। खातीवाला टैंक के जगजीत सिंह ने प्लॉट की अनुमतियां कूटरचित दस्तावेज से ली हैं। आवेदन को अवलोकन में ले लिया गया है। सारे तथ्य जुटाए जाएंगे। आईडीए से संबंधित दस्तावेज मांगे गए हैं। दस्तावेजों के परीक्षण के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### आईडीए ने यह दिया है आवेदन

आईडीए ने पुलिस को लिखी शिकायत में कहा है कि आवेदक जगजीत सिंह, खातीवाला टैंक ने ग्राम बिजलपुर, तहसील राऊ व जिला इन्दौर की भूमि सर्वे क्रमांक 3/2 कुल रकबा 0.526 हैक्टर भूमि पर आवासीय प्लॉट के उपयोग हेतु अभिन्यास अनुमोदन के लिए म.प्र. नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम 1973 की धारा 29 (1) के तहत ऑनलाइन आवेदन 2 दिसंबर 25 को प्रस्तुत किया गया था। आवेदन के साथ आईडीए के भू-अर्जन अधिकारी के 30 सितंबर 25 का पत्र संलग्न किया गया। इसके साथ ही आईडीए के मुख्य नगर नियोजक एक पत्र भी प्रस्तुत किया गया है। आईडीए ने पुलिस को लिखा है कि आवेदक द्वारा प्रस्तुत सभी पत्रों को प्रथमदृष्टया फर्जी / कूटरचित दस्तावेज होने का संदेह होना प्रतीत होता है। आईडीए ने कहा है कि जब विभाग में जांच की गई तो पता चला कि ऐसा कोई पत्र जारी नहीं हुआ है। इस पर भू-अर्जन अधिकारी के हस्ताक्षर कूटरचित होकर फर्जी है। मुख्य नगर नियोजक के हस्ताक्षर भी कूटरचित होकर फर्जी हैं।

### कर्मचारी श्रीवास्तव पर अधिकारियों को शक

आईडीए ने पुलिस को लिखा है कि प्रकरण के संबंध में जानकारी प्राप्त करने पर यह ज्ञात हुआ है कि विधि शाखा में पदस्थ कर्मचारी शिवम श्रीवास्तव बगैर आवेदन एवं बिना अनुमति के कई दिनों से अनुपस्थित है। उसका मोबाईल भी बंद है। साथ ही वॉट्सएप पर एक वीडियो आया है, जिसे देखने पर यह प्रतीत हो रहा है कि उक्त कृत्य में वह सम्मिलित है। इस प्रकरण में इनके साथ अन्य बाहरी व्यक्तियों की संलिप्तता भी परिलक्षित हो रही है। इस प्रकरण में जांच करवाते हुए फर्जी हस्ताक्षर कर कूटरचित दस्तावेज तैयार करने वाले के विरुद्ध विधि अनुसार अतिशीघ्र कार्यवाही की जाए।

# युवक से आईफोन लूटने वाले आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

## सीसीटीवी से आरोपी तक पहुंची पुलिस तो भागने लगा, गिरने से हाथ-पैर टूटे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

खजराना थाना पुलिस ने मोबाइल झपटने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और मुखबिर की सूचना पर उसे धर दबोचा।

फरियादी शिव ओम (निवासी स्कीम नंबर 134) ने मंगलवार को शिकायत दर्ज कराई थी कि रविवार को वे क्लार्क्स इन होटल के सामने से गुजर रहे थे, तभी एक बाइक सवार बदमाश उनके हाथ से मोबाइल झपटकर फरार हो गया। इस पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की थी। जांच के दौरान पुलिस ने दुकानों और चौराहों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। इसी आधार पर आरोपी की पहचान कर ली गई। मुखबिर से सूचना मिलने पर वाघेला गार्डन के पास घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया गया। पुलिस ने बताया कि पकड़ने के दौरान वह भागने लगा। इस दौरान नीचे गिरने से उसके हाथ और पैर में चोट आई है।



**2.10 लाख का सामान बरामद-** पुलिस ने आरोपी शकील (27), निवासी राजीव नगर खजराना, के पास से करीब 1 लाख 20 हजार रुपए का मोबाइल और एक पैशन प्लस मोटरसाइकिल (कीमत करीब 90 हजार रुपए) जब्त की है। कुल बरामदगी करीब 2.10 लाख रुपए की है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह शौक पूरे करने और जल्दी पैसे कमाने के लिए झपटमारी करता था। पुलिस अब उससे अन्य झपटमारी और लूट की वारदातों के बारे में पूछताछ कर रही है। आरोपी 7वीं तक पढ़ा लिखा और मजदूरी करता हे। इस कार्रवाई में निरीक्षक मनोज सिंह सेंधव सहित पुलिस टीम की अहम भूमिका रही।

### लूट के इरादे से तीन लोगों से मारपीट

वहीं एरोड्रम इलाके में लूट के इरादे से तीन लोगों के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। एरोड्रम पुलिस के मुताबिक, नंदबाग निवासी रविंद्र पुत्र मोहनलाल कुर्मी की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है। रविंद्र ने बताया कि वह अपने परिचित वीरेंद्र पटेल और कल्लू कुर्मी के साथ स्कीम नंबर-51 से कपड़े लेकर बाइक से घर लौट रहे थे। जब वे भरोसे मामा के खेत के पास पहुंचे, तभी 3-4 युवकों ने उनका रास्ता रोक लिया और बाइक की चाबी निकाल ली। इसके बाद एक आरोपी ने कांच की बोतल से कल्लू कुर्मी के सिर पर हमला कर दिया, जबकि दूसरे ने वीरेंद्र पर भी हमला किया। घटना के बाद तीनों घायल अवस्था में थाने पहुंचे, जहां पुलिस ने उनका मेडिकल कराया। फिलहाल पुलिस ने लूट की पुष्टि नहीं की है और मामले को संदिग्ध मानते हुए जांच की जा रही है।

कंट्रोल के गेहूं की शिकायत पर छापा

# कालाबाजारी की आशंका प्रशासन ने लिए सैंपल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

शहर में राशन के गेहूं की अवैध खरीद-फरोख्त की सूचना पर गरीबी उपशमन प्रकोष्ठ के एमआईसी मेंबर मनीष शर्मा ने जिंसी हाट मैदान क्षेत्र की एक दुकान पर दबिश दी। मौके पर गेहूं से भरी गाड़ी मिलने पर उन्होंने जांच करवाई और सैंपल लेकर परीक्षण के लिए भेजे गए हैं।

मनीष शर्मा ने बताया कि मंगलवार को उन्हें सूचना मिली थी कि जिंसी हाट मैदान स्थित दुकान पर कंट्रोल का गेहूं लाया जा रहा है। सूचना मिलते ही वे मौके पर पहुंचे, जहां गेहूं से भरी गाड़ी खड़ी मिली। मामले की गंभीरता को देखते हुए उन्होंने तुरंत कलेक्टर कार्यालय और खाद्य विभाग को सूचना दी। इसके बाद अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर गेहूं के सैंपल लिए और



जांच के लिए भेज दिए। पूछताछ में दुकानदार आरिफ लाला ने बताया कि गेहूं किसानों और अन्य लोगों से खरीदा गया है। फिलहाल प्रारंभिक जांच में कालाबाजारी की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन मामले की विस्तृत जांच जारी है। एमआईसी मेंबर ने दुकानदार को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि यदि भविष्य में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि सामने आती है तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# डॉग सेल्टर होम कर्मी पर छेड़छाड़ का आरोप

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

लसूड़िया थाना क्षेत्र में एक डॉग सेल्टर होम में काम करने वाली युवती ने सफाईकर्मी युवक पर छेड़छाड़ और दुष्कर्म के प्रयास का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार आरोपी की पहचान नयन भालसे के रूप में हुई है, जो उसी डॉग सेल्टर होम में सफाईकर्मी के तौर पर कार्यरत है। पीड़िता ने शिकायत में बताया कि आरोपी पिछले करीब एक माह से उस पर गलत नजर रखे हुए था और उससे जबरन बातचीत करने का दबाव बना रहा था। इतना ही नहीं, वह उसका मोबाइल लेकर उस पर अश्लील वीडियो सर्च करता था। पीड़िता के मुताबिक 16 अप्रैल को वह बाथरूम में नहा रही थी, तभी आरोपी जबरन अंदर घुसने की कोशिश करने लगा। विरोध करने पर बाहर आने के बाद भी उसने गलत हरकतें कीं। इसके बाद 22 अप्रैल की रात आरोपी बिना किसी कारण के सेल्टर होम में आया और जबरदस्ती करने का प्रयास किया। आरोपी की लगातार हरकतों से परेशान होकर पीड़िता ने सेल्टर होम संचालिका को पूरी घटना की जानकारी दी। इसके बाद मामला पुलिस तक पहुंचा। लसूड़िया पुलिस ने मंगलवार को आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ और दुष्कर्म के प्रयास सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया।

## न्यूज कॉलम

### वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात करने पर 118 चालान, 72 लाइसेंस सस्पेंड

**इंदौर।** शहर में ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के लिए पुलिस ने ड्राइविंग के दौरान मोबाइल इस्तेमाल करने वालों के खिलाफ सख्त अभियान शुरू किया है। ट्रैफिक पुलिस ने अलग-अलग चौराहों पर कार्रवाई करते हुए 118 वाहन चालकों के चालान बनाए गए, वहीं 72 के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित किए गए हैं। ट्रैफिक पुलिस का फोकस उन चालकों पर है जो टू-व्हीलर या फोर-व्हीलर चलाते समय मोबाइल पर बात करते या उसका इस्तेमाल करते हुए पाए जा रहे हैं। डीसीपी राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि सड़क सुरक्षा और दुर्घटनाओं पर नियंत्रण के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत मंगलवार को सघन चेकिंग के दौरान बड़ी कार्रवाई की गई। पुलिस के मुताबिक, वाहन चलाते समय मोबाइल का इस्तेमाल न सिर्फ चालक के लिए बल्कि सड़क पर चल रहे अन्य लोगों के लिए भी गंभीर खतरा बनता है। यह सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों में से एक है। गंभीर उल्लंघन को देखते हुए 72 वाहन चालकों के लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई भी की गई है। ट्रैफिक पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग न करें और नियमों का पालन करें।

### बचपन में दिए गए संस्कार और धर्म की शिक्षा उन्हें जीवन भर धर्म से जोड़े रखेगी



**इंदौर।** दिगंबर जैन तीर्थ स्वरूप आदिनाथ जिनालय छत्रपति नगर में चल रहे ग्रीष्मकालीन जैन धर्म शिक्षण शिविर में बच्चे जहां देव दर्शन, प्रक्षाल,अभिषेक, शांति धारा और अष्ट द्रव्य से पूजन करना सीख रहे हैं वहीं उन्हें जैन धर्म की शिक्षा (प्रथम भाग),जैनत्व के संस्कार, 24 तीर्थंकरों के नाम एवं उनकी पहचान के चिन्ह भी याद कराए जा रहे हैं। प्रतिदिन प्रातः 7.30 से 9 बजे तक सांगानेर से पधारे युवा विद्वान सौरभ शास्त्री एवं सृजन शास्त्री शिविर में सम्मिलित 5 वर्ष से 15 वर्ष तक के बच्चों को सरल भाषा में प्रशिक्षण दे रहे हैं। आज उन्होंने कहा कि शिविर के माध्यम से बचपन में बच्चों को दी जा रही धर्म की शिक्षा और संस्कार उन्हें जीवन भर धर्म से जोड़े रखेंगे। धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि संध्या 7 से 9 बजे तक महिलाओं के लिए भी शिक्षण शिविर लग रहा है जिसमें वरिष्ठ युवा विद्वान भरत शास्त्री आचार्य देवसेन विरचित ग्रंथ आलाप पद्धति का स्वाध्याय करा रहे हैं। आलाप पद्धति ग्रंथ संस्कृत गद्य में रचित ग्रंथ है इसमें गुण, पर्याय, स्वभाव, प्रमाण, नय, प्रमाण का कथन आदि जैनधर्म की व्यवहारिक शिक्षा का वर्णन है। स्वाध्याय का शुभारंभ करते हुए भरत शास्त्री ने कहा कि आलाप पद्धति अर्थात अपेक्षा कृत कथन करने की अथवा बोलचाल की रीति है। आलाप पद्धति व्यवहार को भी सुधारती है। जैन धर्म के आध्यात्मिक पक्ष एवं उसके स्वरूप को समझने की दृष्टि से आलाप पद्धति ग्रंथ का अध्ययन करना महत्वपूर्ण है। शिविर में छत्रपति नगर महावीर बाग अग्रसेन नगर और गौरव नगर में सक्रिय समस्त महिला मंडल की महिलाएं भाग ले रही हैं और इनमें प्रमुख हैं श्रीमती मुक्ता जैन शुभ्रा जैन, मनीषा जैन, रजनी जैन, मीना जैन, सोनाली बागढीया वैशाली जैन, सुनीता जैन और अंजलि जैन महिला मंडल की ओर से बच्चों को प्रतिदिन स्वल्पाहार भी कराया जा रहा है एवं गिफ्ट भी प्रदान की जा रही है।

### परदेशीपुरा थाना क्षेत्र में युवती से मारपीट और जानलेवा हमले का मामला आया सामने

**इंदौर।** परदेशीपुरा थाना क्षेत्र में एक युवती से मारपीट और जानलेवा हमले का मामला सामने आया है। पुलिस ने युवती की शिकायत पर अंकित ठाकुर और उसके साथी अभिषेक पंवार के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। पीड़िता रीगल इलाके की एक निजी कंपनी में काम करती है। उसने पुलिस को बताया कि अंकित ठाकुर से उसका परिचय था। दोनों के बीच शादी को लेकर बात चल रही थी। इसी बीच उसे पता चला कि अंकित का किसी अन्य लड़की से भी संबंध है। इस पर उसने अंकित के परिवार से बात की, जिन्होंने उसे दूरी बनाने की सलाह दी। इसके बाद युवती ने उससे संपर्क खत्म कर दिया। सोमवार दोपहर अंकित अपने दोस्त अभिषेक के साथ युवती के घर पहुंचा और बातचीत बंद करने पर आपत्ति जताई। युवती द्वारा संबंध खत्म करने की बात कहने पर दोनों ने अपशब्द कहे और मारपीट कर दी। घटना के बाद युवती ने अपने दोस्त रितिक यादव को बुलाया और उसके साथ एमआईजी थाना में शिकायत दर्ज कराने निकली। रास्ते में नंदानगर में आरोपी फिर से आ धमके। यहां दोनों ने रितिक को पकड़ लिया और अभिषेक ने तलवार निकालकर उस पर हमला कर दिया। हमले में रितिक के हाथ और चेहरे पर चोट आई। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। मौके पर लोगों की भीड़ जमा होने के बाद आरोपी फरार हो गए। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

### देर रात आतिशबाजी से मैरिज गार्डन जला अन्य घटना में सुबह गोशाला में लगी आग

**इंदौर।** खंडवा रोड इलाके में देर रात से अलसुबह तक दो अलग-अलग जगहों पर आग लगने की घटनाएं सामने आईं। खंडवा रोड स्थित मैरिज गार्डन में बारात के दौरान आतिशबाजी से आग लगी,



जबकि दूसरी घटना में गोशाला में भीषण आग भड़क गई। पहली घटना पिपल्याराव स्थित राधा कृष्ण गार्डन की है। यहां रात करीब 11.30 बजे बारात के दौरान की गई आतिशबाजी से बाहर लगी झाड़ियां और टेंट में आग लग गई। आग लगते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई, हालांकि मौजूद लोगों ने तुरंत प्रयास कर आग पर काबू पा लिया। इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। दूसरी घटना अलसुबह करीब 4.24 बजे अयोध्यापुरी में शांति फार्म हाउस के पास स्थित एक गोशाला में हुई। सूचना मिलते ही दमकल की टीम मौके पर पहुंची और करीब 25 हजार लीटर पानी डालकर आग पर काबू पाया। आग बुझाने में लगभग 2 घंटे का समय लगा। दमकल कर्मियों के मुताबिक आग के दौरान गोशाला में कुछ मवेशी फंसे हुए थे, जिन्हें सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। हालांकि इस दौरान दो मवेशी झुलस गए। आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है।

### पिस्टल और बैग चोरी करने वाले को पुलिस ने सीसीटीवी से ट्रेस कर पकड़ा

**इंदौर।** भंवरकुआ थाना पुलिस ने कार का कांच तोड़कर बैग और पिस्टल चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आरोपी तक सीसीटीवी फुटेज के जरिए पहुंची। पुलिस का दावा है कि इसके लिए उन्होंने करीब 400 सीसीटीवी फुटेज देखे। पुलिस के मुताबिक, टीआई संतोष दूधी की टीम ने मल्हार गार्डन के बाहर खड़ी कार से चोरी करने वाले सलमान, निवासी भगवंत नगर, मूसाखेड़ी को पकड़ा है। आरोपी ने केशव सोनी की कार का कांच तोड़कर लाइसेंसी पिस्टल और करीब 1 लाख रुपए से भरा बैग चुरा लिया था। घटना के समय फरियादी केशव सोनी अपने रिश्तेदार की शादी में शामिल होने रायसेन से इंदौर आए थे। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से पिस्टल, 7 कारतूस और नकदी बरामद कर ली है। जांच में सामने आया है कि आरोपी पर पहले से आजाद नगर थाना क्षेत्र में रेप और आर्म्स एक्ट के मामले दर्ज हैं।

**2 किलो गांजे के साथ एक और गिरफ्तार-** वहीं, चंदन नगर थाना पुलिस ने अलग कार्रवाई में प्रदीप वर्मा (निवासी केसरबाग रोड) को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से करीब 2 किलो गांजा बरामद हुआ है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी गांजा बेचने का काम करता था। यह मादक पदार्थ वह कहां से लाया, इसकी जांच की जा रही है।

स्कूल किराये पर देना है
नर्सरी से आठवी मान्यता प्राप्त (एमपी बोर्ड) स्कूल किराये पर देना है।
लोकेशन- घोंसला के पास, महिदपुर रोड पर
टोटल एरिया 28500 स्क्वेयर फीट
प्लेज ग्राउंड एवं संपूर्ण फर्नीचर के साथ
6000 स्क्वेयर फीट पर बिल्डिंग बना हुआ।
मो. 8770738811

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियां व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

उज्जैन में पहली बार मालवा का
नया स्वाद नया व्यंजन
दाल टिक्कड़
कोयले की आंच पर सीके हुए
पार्सल सुविधा उपलब्ध
होटल सांई दरबार
A PURE VEGETARIAN RESTAURANT
22, बख्तार मार्ग, होटल सांई पैलेस के पास, फ्रीगंज, उज्जैन
फोन नं. 0734-4061888 मो. 9009866000

झारडा
मकान बेचना है
Size 12.5x30
मैन रोड नाग मंदिर चौक, शांतिलाल दसेड़ा के पास, झारडा

नागदा
मकान बेचना है
Size 20x40
श्रीराम कॉलोनी सरस्वती स्कूल के पास, नागदा

संपर्क : गोपाल सोनी- मो. 9806179344

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी
2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

पारिवारिक यात्रा स्पेशल स्लीपर बस द्वारा
केदारनाथ यात्रा 2026
गंगोत्री, यमनोत्री, केदारनाथ, बद्रीनाथ, हरिद्वार ऋषिकेश, मथुरा, गोकुल, वृन्दावन एवं अन्य तीर्थ स्थलों के दर्शन
स्लीपर बस किराया, चाय, नाश्ता, भोजन तथा ठहरने की उत्तम व्यवस्था के साथ
यात्रा अवधि- 15 से 17 दिन रहेगी।
अमरनाथ यात्रा की बुकिंग चालू है
- संपर्क -
गिरीश श्रीवास्तव मो. 8817438104
विपीन श्रीवास्तव मो. 9826063354
अन्नपूर्णा बस सर्विस
कोयला फाटक चौराहा, उज्जैन (म.प्र.)

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com